जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स
jagruktimes.co.in
जयपुर, शनिवार, 4 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 246 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



खुशी पर प्यार बरसाते दिखे जुनैद खान

पेज: 10

## न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ में आएंगे 40 करोड़ श्रद्धालु

**प्रयागराज।** पिछले कुंभ के मुकाबले इस बार तीन गुना से ज्यादा श्रद्धालु आएंगे। 2013 में 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे, इस बार 40 करोड़ के आने का अनुमान है। यानी 28 करोड़ ज्यादा। इसके लिहाज से मेले का आकार भी बढ़ाया गया है। 40 वर्ग किलोमीटर को सजाया और चमकाया जा रहा।

### पंजाब पीसीएस परीक्षा 2025 की घोषणा

**चंडीगढ़।** पंजाब लोक सेवा आयोग ने 2025 की प्रीलिम्स एग्जाम की टेंटेटिव डेट अप्रेल में बताई है। आवेदन करने की लास्ट डेट 31 जनवरी है। राज्य में कुल 322 पदों पर भर्ती की जाएगी। इससे पहले एग्जाम का नोटिफिकेशन 2020 में आया था। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रोसेस शुरू हो गई है।

### दक्षिण कोरिया में 30 को बचाया 12 भर्ती

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में एक आठ मंजिला व्यवसायिक इमारत में भीषण आग लग गई। धुएं की चपेट में आने वाले 12 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग इमारत के भूतल पर स्थित एक रेस्तरां से भड़की। अग्निशमन विभाग के मुताबिक 100 से अधिक अग्निशमन कर्मी और 40 दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया गया।

### अल्लू अर्जुन को रेगुलर बेल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के संध्या थियेटर मामले में मुश्किल में फंसे अभिनेता अल्लू अर्जुन को कोर्ट ने रेगुलर बेल दे दी है। नामापल्ली कोर्ट ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अल्लू अर्जुन को इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# राजधानी में पीएम नरेन्द्र मोदी ने फूंका चुनावी बिगुल

## कई योजनाओं का किया शिलान्यास... बोले, दिल्ली पर आपदा बनकर आई 'आप'





**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा और आप के एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं।

इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली की रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करतें हुए कहा कि आपदा को हटाना है और भाजपा को लाना है। डीडीए में आपदा का उतना दखल नहीं है। इसलिए डीडीए गरीब-मध्यम वर्ग के लिए घर बना पा रही है। ये काम भी इसलिए हो पा रहा है क्योंकि इसमें भी आपदा की दखल नहीं है।

जहां आपदा की दखल नहीं है, वह काम दिल्ली में अच्छे से हो पा रहा है। आपदा वाले दिल्ली को सिर्फ समस्याएं दे सकते हैं। लेकिन भाजपा दिल्ली के लोगों की समस्याओं का समाधान करने में जुटी है। साल 2025, दिल्ली में सुशासन की नई धारा तय करे। ये साल राष्ट्रप्रथम, देशवासी प्रथम, मेरे लिए दिल्लीवासी प्रथम के भाव को सशक्त करेगा। ये साल दिल्ली में राष्ट्रनिर्माण और जनकल्याण की नई राजनीति का शुभारंभ करेंगे।

### दस साल में चार करोड़ घर बनाएं

*पीएम नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर ये भी उल्लेख किया कि उन्होंने कभी अपने लिए एक घर नहीं बनाया, लेकिन बीते दस सालों में चार करोड़ से ज्यादा गरीबों के लिए घर बनवाए हैं। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरी प्राथमिकता गरीबों के सपनों को पूरा करना रही है। अपनी सरकार की योजना और नीतियों का जिक्र किया जिनके तहत गरीबों के लिए आवास प्रदान किए गए हैं ताकि वे भी अपने घर का सपना पूरा कर सकें।*

### इधर..... अरविंद केजरीवाल ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर पलटवार किया

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शुक्रवार को पीएम मोदी दिल्ली आए थे। 43 मिनट का भाषण दिया जिसमें ज्यादा वक्त तक हमें ओर दिल्ली वालों को गाली देते रहे। बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में बड़ी-बड़ी बातें की। चार लाख झुग्गियां हैं और पांच साल में सिर्फ 4700 मकान बनाते हैं। इस हिसाब से 200 साल लगेंगे। पीएम वादा कर के गए थे पक्के मकान दूंगा लेकिन झुग्गियां तुड़वां दी। इनके नेता झुग्गी में सोने जाते हैं और अगले दिन झुग्गी तुड़वा देते हैं। बीजेपी वाले 2030 में ये सभी झुग्गियां तुड़वा देंगे। मैंने दिल्ली के अंदर पांच सालों में 530 मोहल्ला क्लिनिक बनवाए, प्रधानमंत्री अगर 5000 मोहल्ला क्लिनिक बनवा देते तो दिल्ली में उनकी वाहवाह हो जाती। दिल्ली के अंदर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को कोई पूछता ही नहीं।

## उदयपुर में भीषण सड़क हादसा

# मां-बेटे समेत 5 लोगों की दर्दनाक मौत

### गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी टैंपो को टक्कर

### ब्रेक फेल होने के कारण हुआ हादसा, ड्राइवर मौके से फरार

### हादसे में घायल 9 लोगों में से 8 को उदयपुर रेफर किया गया





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर में भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे एनएच-27 पर गोगुंदा-पिंडवाड़ा के पास शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे यह हादसा हुआ।

हादसे में 9 लोग घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया था। इस कारण वह टैंपो से जाकर भिड़ गया। 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से भाग गया। जानकारी के अनुसार हादसा नेशनल हाईवे पर मालवा का चौरा पुलिया के पास हुआ। यहां सालेरिया गांव से हाईवे पर आने के लिए कट बना है।

सालेरिया गांव से सवारियां लेकर टैंपो चालक इसी कट से हाईवे पर आया था। वह देवला की तरफ जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि सवारियां उछलकर बाहर जा गिरीं और टैंपो बुरी तरह पिचक गया।

### टैंपो में सवार थे 14 लोग

हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर भगवत सिंह झाला ने बताया कि टैंपो में 14 सवारियां थीं। ट्रेलर के ब्रेक फेल होने की सूचना हमें पहले ही लग चुकी थी। हमने तुरंत आगे पुलिस थाने में और अन्य टीम के सदस्यों को सूचना दी थी, लेकिन उससे पहले ही ये हादसा हो गया। टीम के साथ मौके पर पहुंचा और घायलों को एंबुलेंस में शिफ्ट कर ही रहे थे, उसी वक्त तीन लोगों ने मेरे हाथ में ही दम तोड़ दिया। झाला ने बताया कि मरने वालों में 4 महिलाएं और बच्चा है। महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बच्चे की हॉस्पिटल ले जाते समय मौत हो गई। हादसे में 9 लोग घायल हैं, जिनमें से 8 को उदयपुर रेफर किया गया है।

### मां-बेटे की मौत

बेकरिया हॉस्पिटल के डॉ. सुग्रीम सिंह गुर्जर और डॉ. प्रियंका शर्मा ने बताया कि हादसे में मां-बेटे की भी मौत हो गई। पुष्पा (40) पत्नी सोहनलाल गरासिया निवासी सालरिया गांव कोटड़ा, मंजूबाई (25) पत्नी सोमाराम गरासिया निवासी उपलवास, कस्तुबाई(45) पत्नी खुमाजी गरासिया, ममता (22) पत्नी गोमाराम गरासिया निवासी गाडलिया और ममता के बेटे टुमाराम (2) की मौत हो गई।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने ली सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक....

# सीएम शर्मा बोले, सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों को पूरा करने की टाइमलाइन निर्धारित कर इन्हें समय से पूरा करें। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा विभाग, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीएचईडी, स्वायत्त शासन, जल संसाधन एवं नगरीय विकास विभाग से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बना कर कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी भास्कर सावंत, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन वैभव गालरिया, जेडीए एवं नगर निगम, आवासन मण्डल, जयपुर जिला प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को इंगित करते हुए कार्ययोजना तैयार करें। जिसमें सड़क, अस्पताल, सीवरेज लाइन तथा विकसित होने वाली अन्य जन-सुविधाएं दर्शायी गई हों। जिससे कार्यों की समीक्षा त्वरित की जा सके। उन्होंने कहा कि सांगानेर में पुरातत्व महत्व के दरवाजों के पास अतिक्रमण को हटाया जाए।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### विभाग अपने प्रोजेक्ट्स की करें नियमित मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग अपने प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को प्रतापनगर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण तथा विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई आपस में समन्वय बनाते हुए भांकरोटा फ्लाईओवर को शीघ्र पूरा करें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को 200 फीट चौराहे पर बनने वाले फ्लाईओवर, अंडरपास एवं बीलवा फ्लाईओवर के गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीको पुलिया से रेलवे फाटक मालपुरा तक सड़क चौड़ाईकरण का कार्य शीघ्र पूरा करें जिससे यातायत सुगम हो।

### लंबित आवेदनों को करें निस्तारित

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पृथ्वीराज नगर परियोजना के अंतर्गत अभियान चलाकर जल कनेक्शन के लंबित आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित करें। उन्होंने अमृत 2.0 के अंतर्गत जयपुर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण एवं सुधार कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण हो जिससे आमजन को सुगमता से कनेक्शन मिल सके। उन्होंने कहा कि सांगानेर स्टेडियम का विकास एवं सौंदर्यीकरण एवं सिटी बस स्टैण्ड सर्किल पर कियोस्क हटाकर सुलभ शौचालय बनाने का कार्य समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पुराने नियमों में वर्तमान आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुसार संशोधन किया जाए।

### अश्विनी वैष्णव ने दिखाई तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी



**गुवाहाटी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को असम की तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर मंत्री वैष्णव ने गुवाहाटी-न्यू लखीमपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस, न्यू बोंगाईगांव-गुवाहाटी पैसेंजर ट्रेन और तिनसुकिया-नाहरलागुन एक्सप्रेस को रवाना किया। इसके अलावा वैष्णव ने दिसपुर में तेतेलिया रोड ओवरब्रिज का वर्चुअल उद्घाटन किया।

## समरावता कांड

# 39 आरोपियों को मिली हाईकोर्ट से जमानत

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** टोंक के समरावता हिंसा मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से शुक्रवार को हाईकोर्ट ने 39 आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने आरोपियों की जमानत मंजूर करते हुए कहा कि किसी पर भी स्पेसिफिक एलीगेशन (विशिष्ट आरोप) नहीं है। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि करीब 400-500 लोगों ने समरावता में हिंसा की है। वहीं मौके पर मौजूद कॉन्स्टेबल को घास में डालकर जलाने की कोशिश की हैं। लेकिन किसी भी आरोपी को लेकर स्पेसिफिक एलिगेशन नहीं लगाए गए हैं।

### हत्या के प्रयास का मामला नहीं बनता

*मामले मे आरोपियों की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि घटना में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आई हैं। लेकिन, आरोपियों को जमानत नहीं मिले, इसके लिए पुलिस ने जानबूझकर हत्या के प्रयास की धारा जोड़ी है। जबकि यहां हत्या के प्रयास का मामला बनता ही नहीं है। वहीं गिरफ्तार किया गया कोई भी व्यक्ति आदतन अपराधी नहीं है।*

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

# जल्द हो सकता है तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति जोरों पर है। सात या आठ जनवरी को केंद्रीय चुनाव आयोग दिल्ली चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। फरवरी के दूसरे हफ्ते में दिल्ली में चुनाव होगा और 15 फरवरी के बाद नतीजे आएंगे। 11 से लेकर 13 फरवरी के बीच दिल्ली में एक चरण में ही मतदान समाप्त हो जाएगा। मतों की गणना 15 या 16 फरवरी को हो सकती है।

यानी एक तरह से दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की तैयारी लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। दिल्ली में छह जनवरी तक केंद्रीय चुनाव आयोग नई वोटर लिस्ट भी जारी कर देगा। फरवरी के तीसरे हफ्ते तक नई सरकार के गठन को लेकर तस्वीर साफ हो सकती है।

### आयोग की तैयारी अंतिम चरण में

### छह को जारी होगी वोटर लिस्ट

## सात साल बाद चंदन को न्याय

# सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**कासगंज।** यूपी के कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुए दंगे में मारे गए चंदन गुप्ता को करीब सात साल बाद न्याय मिला है। लखनऊ की एनआई कोर्ट ने सभी 28 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी दोषियों को गुरुवार को दोषी करार दिया था और शुक्रवार को सजा का ऐलान कर दिया। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। विहिप और हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता करीब 100 मोटर साइकिलों पर तिरंगा और भगवा झंडा लेकर निकले थे। इस तिरंगा यात्रा में एबीवीपी कार्यकर्ता चंदन गुप्ता भी शामिल था। यात्रा के दौरान कुछ मुस्लिम युवकों ने झड़प हो गई थी। इसके बाद दंगा भड़क गया था। इसमें चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी उसकी मौत के बाद कासगंज में हालात कई दिनों तक खराब हो थे। कासगंज में करीब एक हफ्ते तक दंगे हुए थे।

### 26 जनवरी 2018 को हुई थी हत्या

# भारत हमेशा मालदीव के साथः एस जयशंकर

## भारतीय विदेश मंत्री ने की समकक्ष से मुलाकात



**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव के लंबे वक्त से रिश्ते की कड़वाहट कम होती दिख रही है। भारत और मालदीव ने तीन जनवरी को सरहद पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर सहमति दी है और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा है। जयशंकर ने दिल्ली में मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला खलील के साथ बैठक में यह टिप्पणी की है। एस जयशंकर और अब्दुल्ला खलील के बीच समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई है।

मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील तीन दिनों के दौरे पर आए हुए हैं। जयशंकर ने कहा, कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। आप हमारी नेबरहुड फर्स्ट की नीति में बहुत महत्व रखते हैं।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. खलील ने अपनी ओर से भारत द्वारा जरूरत के समय मालदीव को दी गई आपातकालीन वित्तीय सहायता की सराहना की, जो मालदीव के 'फर्स्ट रिस्पॉडर्स' के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है। विदेश मंत्री डॉ. खलील ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू और मालदीव सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



## बेतिया में तीन बच्चों की मौत

**बेतिया।** बिहार के बेतिया में मनसा टोला गुमटी के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन किशोरों की मौत हो गई। ये हादसा मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज पर बेतिया और मझौलिया रेलवे स्टेशन के बीच मनसा टोला गुमटी के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि तीनों किशोर रेलवे ट्रैक पर बैठकर कानों में इयरफोन लगाकर पबजी खेल रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद आसपास के लोगों मृतकों के परिजन को जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उनके शव को ले गए। मृतकों की पहचान बारी टोला निवासी के रूप में हुई है। तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे।

# दादा फतेहगिरी नंदीशाला का किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जीरावल।** दादा फतेह गिरी नंदी शाला का शुक्रवार को संरक्षक एवं जागरुक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित ने निरीक्षण किया। पुरोहित ने नंदीशाला में चल रहे तारबंदी कार्य, पानी के लिए होद व चारे की व्यवस्था का अवलोकन किया। संरक्षक पुरोहित ने जीरावल ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान नंदीशाला के अध्यक्ष सुरेश पुरोहित, भलाराम चौधरी, प्रकाशकुमार, मुकेश कुमार पुरोहित जीरावल एवं हनुमतसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार से किया औपचारिक आग्रह

# 2026 में खेलो इण्डिया राष्ट्रीय युवा खेलों के लिए राजस्थान ने की दावेदारी

## जयपुर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र खोलने के लिए भी किया अनुरोध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2026 में खेलो इण्डिया राष्ट्रीय युवा खेलों की मेजबानी राजस्थान को देने के लिए केन्द्र सरकार से औपचारिक अनुरोध किया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे ले जाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र एवं खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफएक्सीलेंस की स्थापना के लिए भी केन्द्र सरकार से आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को लिखे पत्र में कहा कि खेलो इण्डिया राष्ट्रीय युवा खेल 2026 की मेजबानी राजस्थान को मिलने से युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय खेल संस्कृति, खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस आयोजन की तैयारी के उद्देश्य से खेलों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए 250 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत किए जाने का भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जयपुर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र खोलने से स्थानीय एथलीटों को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में भी मदद मिलेगी। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी आधुनिक खेल प्रशिक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञ कोचिंग उपलब्ध कराने में उपयोगी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने गत दिसम्बर में केन्द्रीय युवाकार्य एवं खेल मंत्री से मुलाकात के दौरान भी इस बारे में चर्चा की थी।

## संजय राउत ने की सीएम फडणवीस की तारीफ

### नक्सलियों का सरेंडर कराया, ये सराहनीय

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की। उन्होंने सामना में लिखा कि राज्य सरकार ने गढ़चिरौली जिले में एक्टिव नक्सलियों का सरेंडर कराकर सराहनीय काम किया है। राउत ने शुक्रवार को कहा कि हमने देवेंद्र फडणवीस की प्रशंसा की क्योंकि उनकी सरकार ने अच्छा काम किया है। महाराष्ट्र हमारा राज्य है, गढ़चिरौली जैसी जगह जो नक्सलवाद से प्रभावित है अगर नक्सलियों ने सरेंडर कर संवैधानिक रास्ता चुना है तो हम उसका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली का विकास होना पूरे महाराष्ट्र के लिए अच्छा है। सीएम ने संरक्षक मंत्री के तौर पर गढ़चिरौली का प्रभार संभाला है। हम इसकी सराहना करते हैं। पीएम मोदी ने जब भी अच्छा काम किया, हमने उनकी भी प्रशंसा की। दरअसल 1 जनवरी 2025 को गढ़चिरौली में एक करोड़ रुपए की इनामी 11 नक्सलियों ने सरेंडर किया। इनमें 8 महिला और 3 पुरुष नक्सली शामिल थे।

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

### राष्ट्रपति मुर्मू समापन समारोह में होंगी शामिल



**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 8 से 10 जनवरी तक 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जनवरी को इसका उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का समापन 10 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस दिन प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार समारोह भी होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू शामिल होंगी। सम्मेलन की शुरुआत 8 जनवरी को युवा प्रवासी भारतीय दिवस के साथ होगी। पहली बार आयोजन का जिम्मा संभाल रही ओडिशा सरकार ने 50 देशों से 3,500 प्रवासियों को बुलाने का लक्ष्य रखा है। तीन दिवसीय सम्मेलन में कुल उपस्थिति लगभग 7,500 लोगों की होगी। ओडिशा सरकार के गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में डेली रजिस्ट्रेशन की संख्या 150 से अधिक हो गई है। एक सप्ताह पहले यह संख्या रोजाना केवल 40 से 50 तक थी।

## अलका लांबा लड़ेंगी आतिशी के खिलाफ चुनाव

### कांग्रेस ने कालकाजी सीट से बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अलका लांबा को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया है।

अलका राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष हैं। उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी मुख्यमंत्री आतिशी से होगा। वह कालकाजी विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा ने दिल्ली चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी नहीं की है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री दुरई मुरुगन के पांच ठिकानों पर ईडी की रेड

**चेन्नई।** तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरई मुरुगन के 5 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छापेमारी 2019 में दर्ज एक मामले को लेकर है। यह केस दुरई के बेटे और डीएमके सांसद कथिर आनंद से जुड़ा हुआ है। ईडी के अधिकारियों ने अभी तक इस संबंध में मीडिया को कोई बयान नहीं दिया है।

### एलपीजी टैंकर फ्लाईओवर पर पलटा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु में एक एलपीजी टैंकर फ्लाईओवर पर पलट गया। यह कोचीन से कोयंबटूर जा रहा था। कोयंबटूर के जिला कलेक्टर क्रांति कुमार पाडी ने कहा, घटना आधी रात के बाद करीब 3 बजे हुई। टैंकर में करीब 18 मीट्रिक टन एलपीजी थी। हादसे के बाद गैस रिसाव को बंद कर दिया गया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### बेटी ने की मां की हत्या

**मुंबई।** मुंबई में एक बेटी ने अपनी मां को घर बुलाकर उनकी हत्या कर दी। घटना गुरुवार देर रात कुर्ला के कुरैशी नगर इलाके में हुई। 41 साल की आरोपी बेटी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। उसकी पहचान रेशमा काजी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रेशमा को लगता था कि उसकी मां उसकी बड़ी बहन का पक्ष लेती है, जिसके कारण दोनों के बीच लंबे समय से नाराजगी थी।

### गुरमीत राम रहीम को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** डेरा सच्चा सौदा के मैनेजर रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद बरी किए गुरमीत राम रहीम सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दिया है। मई 2024 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्याकांड में राम रहीम को बरी कर दिया था। इसे लेकर सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

*डेरा सच्चा सौदा के मैनेजर की हत्या का मामला*

### जयपुर के कोटखावदा में एसीबी का ट्रैप

# पटवारी और सरपंच पति 5000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## कृषि भूमि नामांतरण खोलने की एवज में ली थी घूस



**जयपुर।** जयपुर एसीबी की टीम ने कोटखावदा तहसील के हरिनारायण पुरा पटवारी कुलदीप सिंह और हरिपुर ग्राम पंचायत सरपंच के पति रामस्वरूप को 5000 पर रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया है। कृषि भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत राशि ली गई थी। आरोपियों के आवास और अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है।

एसीबी के डीजी डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के मुताबिक एसीबी की हेल्पलाइन नंबर 1064 पर परिवादी की ओर से शिकायत दी गई थी कि कृषि भूमि का दत्तक ग्रहण के आधार पर नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी कुलदीप सिंह और सरपंच पति रामस्वरूप की ओर से 9000 रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत पर जयपुर एसीबी के डीआईजी अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी की जयपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सियाग के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया।

सत्यापन करने के बाद शुक्रवार को पुलिस इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा ने जयपुर ग्रामीण टीम के साथ ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया है। ट्रैप की कार्रवाई करते हुए पटवार हल्का हरिनारायणपुरा अतिरिक्त चार्ज हरिपुरा के पटवारी कुलदीप सिंह और ग्राम पंचायत हरिपुरा के सरपंच पति रामस्वरूप को 5000 रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## सीबीआई ने अपने ही डीएसपी के खिलाफ किया मामला दर्ज

### 20 ठिकानों पर तलाशी में मिली 55 लाख की नकदी

**जयपुर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने ही डिप्टी एसपी (डीएसपी) के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वत के लेन-देन का मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद अधिकारी के चार शहरों में 20 ठिकानों पर सीबीआई ने तलाशी अभियान चलाया। जहां लाखों रुपए की नकदी, करोड़ों रुपए की संपत्ति में निवेश और करोड़ों रुपए के बैंक ट्रांजेक्शन के दस्तावेज मिले हैं। डीएसपी के साथ ही अन्य को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

सीबीआई की ओर से जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि भ्रष्टाचार एवं अन्य अपराधों के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, सीबीआई ने सीबीआई, बीएसएफबी में तैनात डीएसपी बीएम मीणा एवं अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। वे जांच के दायरे में थे और उन पर अनुचित लाभ प्राप्त करने के आरोप हैं। प्राथमिकी में यह आरोप है कि आरोपी अधिकारी, खातों के जाल के माध्यम से और हवाला चैनल के माध्यम से रिश्वत के पैसे के लेन-देन के लिए विभिन्न मध्यस्थ व्यक्तियों की सेवाओं का उपयोग कर रहा था।

**एफआईआर दर्ज होने के बाद तलाशी अभियान:-** बयान में कहा गया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के परिणामस्वरूप, जयपुर, कोलकाता, मुंबई एवं नई दिल्ली में 20 परिसरों में तलाशी ली गई। तलाशी में 55 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई है। यह राशि हवाला चैनल के माध्यम से भेजी गई है। इसके साथ ही लगभग 1.78 करोड़ रुपए के संपत्ति में निवेश के दस्तावेज मिले हैं। इसके साथ ही बैंक पासबुक में 1.63 करोड़ रुपए के लेन-देन की एंट्री भी मिली है। तलाशी में कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले हैं। इस पूरे मामले को लेकर जांच जारी है।

# एससी का फैसलाः उचित मुआवजे के बिना नहीं हो सकता अधिग्रहण

## 22 साल पुराने मामले में पीड़ितों को दिलाया मुआवजा



**नई दिल्ली।** एक अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कानून के मुताबिक उचित मुआवजा दिए बिना किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। भले ही संपत्ति का अधिकार एक मौलिक अधिकार न हो, लेकिन यह संवैधानिक अधिकार है। इसका संरक्षण जरूरी है। कर्नाटक में हुए भूमि अधिग्रहण के लगभग 22 साल पुराने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए लोगों को बढ़ा हुआ मुआवजा दिलवाया है।

### » 22 साल पुराना मामला

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला नवंबर 2022 में आए कर्नाटक हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर दिया है। मामला बेंगलुरु-मैसूर इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर प्रोजेक्ट (बीएमआईसीपी) के लिए हुए भूमि अधिग्रहण से जुड़ा है। 2003 में कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियाज डेवलपमेंट बोर्ड ने परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की शुरुआती अधिसूचना जारी की। नवंबर 2005 में जमीन का कब्जा ले लिया, लेकिन 22 सालों तक जमीन मालिकों को कोई मुआवजा नहीं मिला।

### » दो माह में नए सर्किल रेट से दे मुआवजा

अब सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी आर गवई और के वी विश्वनाथन की बेंच ने राज्य सरकार को इस ढिलाई के लिए आड़े हाथों लिया है। कोर्ट ने कहा है, एक कल्याणकारी राज्य में यह अपेक्षा की जाती है कि वह लोगों के हितों के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। सरकार का काम सिर्फ इतना नहीं है कि वह किसी परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण कर ले। कोर्ट ने राज्य सरकार से दो महीने के भीतर मुआवजे को लेकर निर्णय लेने को कहा है। मुआवजा 2003 की बाजार कीमत पर नहीं 2019 की कीमतों के हिसाब से मुआवजा तय करे।

# रीको ने स्वीकृत की प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले उद्यमियों को सुगमता से उद्योग स्थापित करने के लिये भूमि आवंटन हेतु रीको प्रबंधन द्वारा 'प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना' स्वीकृत कर दी गई है। इस योजना में जिन उद्यमियों ने राइजिंग राजस्थान के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं उनकी पात्रता को देखते हुये औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे। रीको द्वारा भूखण्ड आवंटित करने के लिए ऑनलाइन पॉर्टल विकसित किया गया है जिस पर उद्यमी एसएसओ आई डी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट- 2024 का आयोजन जयपुर में 9 से 11 दिसंबर 2024 को किया गया था जिसका उद्घाटन 9 दिसंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। इस विश्वस्तरीय आयोजन में देश-विदेश के निवेशकों एवं विभिन्न उद्यमियों ने भाग लिया एवं इस कडी में रिकार्ड एमओयू हस्ताक्षरित हुए। इन एमओयू को धरातल पर लाने, निवेश आकर्षित करने एवं उद्यमियों को सुविधाएं देने हेतु राज्य सरकार ने एक नीतिगत ढांचा (पॉलिसी फ्रेमवर्क) तैयार विभिन्न नीतियां जारी की, यथा राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024 एवं राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पॉलिसी-2024 इत्यादि।

रीको ने भी राज्य में औद्योगिकीकरण को बढावा एवं राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान निष्पादित हुए एमओयू को निवेश में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसके अन्तर्गत रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना तैयार स्वीकृत की गई है।

एमओयू निष्पादित कर चुके उद्यमी रीको के चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड की निर्धारित आरक्षित दर पर विभिन्न क्षेत्रफल के अधिकतम तीन भूखण्डों (वरीयता क्रम में) के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं ईएमडी के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस हेतु उद्यमी अपनी रूचि अनुसार एक ही औद्योगिक क्षेत्र अथवा वरीयता क्रम में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में अधिकतम तीन भूखण्डों के लिए विकल्प दे सकता है।

समस्त आवेदनों का मूल्यांकन उनके द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट में वर्णित प्रस्तावित स्थायी पूंजी निवेश, प्रदान किये जाने वाले रोजगार, उत्पादन समय सीमा, उद्योग संचालन का अनुभव, निर्यातोन्मुखी इकाई, वर्तमान इकाई के विस्तार हेतु भूमि की आवश्यकता एवं टर्नओवर आदि कारकों के आधार पर किया जाएगा। उक्त किये जाने वाले मूल्यांकन के आधार पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले आवेदक को प्रथम वरीयता क्रम में एक ही भूखण्ड का आवंटन होगा। एमओयू करने वाले उद्यमी/ग्रुप को एक ही भूखण्ड का आवंटन किया जाएगा।

किसी भूखण्ड पर एक से अधिक आवेदकों द्वारा अधिकतम अंक समान होने की स्थिति में अधिकतम निवेश का प्रस्ताव देने वाले आवेदक को ऐसे चिन्हित भूखण्ड का आवंटन किया जाएगा। अगर किसी भूखण्ड पर प्रथम वरीयता के आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं तब क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय वरीयता वाले आवेदनों पर विचार किया जाएगा।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के तहत चिन्हित उपखंड अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक क्षेत्र की प्रचलित दर पर रीको द्वारा स्थापित नवीन औद्योगिक क्षेत्रों में ऑनलाइन ई-लॉटरी के माध्यम से 50 प्रतिशत बिक्री योग्य औद्योगिक भूमि (आरक्षित भूखण्डों सहित) में एमएसएमई जिन्होंने एमओयू पर हस्ताक्षर किए है, उनको औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन होगा। इसमें भी उनके द्वारा दी गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर ही भूखण्ड आवंटन किया जाएगा।

प्रमुख शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं रीको के चेयरमैन अजिताभ शर्मा ने बताया कि लंबे समय से उद्यमियों की मॉंग थी कि रीको को सिर्फ ई-नीलामी के स्थान पर प्रत्यक्ष आवंटन भी किये जाने चाहिये ताकि उचित कीमत पर भूमि उपलब्ध हो सके। राजस्थान सरकार ने भी इस पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात् रीको ने प्रत्यक्ष आवंटन योजना तैयार की है जिससे ना सिर्फ किफायती कीमत पर अपितु वास्तविक उद्यमियों को औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आवंटित हो सकेगें। इस योजना से उद्यमियों को यह भी फायदा होगा कि भूखण्ड आवंटन प्रक्रिया में समय की बचत होगी तथा उद्यमी अपनी परियोजना शीघ्र ही स्थापित कर सकेंगे। निवेश आकर्षित करने एवं उद्यमियों को सहूलियत देने की दिशा में राज्य सरकार की यह नई एवं सकारात्मक पहल है।

रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि भूखण्डों का आवंटन पूर्ण पारदर्शिता एवं पूर्णतः मेरिट के आधार पर होगा जिसके लिए ऑनलाइन पॉर्टल के माध्यम से आवेदन मॉंगे जाएंगे। योजना से संबंधित गाइडलाईन तैयार कर ली गई है। साथ ही साथ रीको की इकाई कार्यालयों को भी प्रत्यक्ष आवंटन योजना एवं गाइडलाईन से अवगत करा दिया गया है, जिससे कि औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों का आवंटन का निपटान एक निश्चित समय सीमा में हो सकेगा।

## छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़

### तीन नक्सली ढेर, ऑटोमैटिक हथियार बरामद

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम ने नक्सलियों को घेरा है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के करीब 300 जवान मौके पर मौजूद हैं। ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से भी जवानों ने घेराबंदी की थी, जिससे नक्सलियों को भागने का मौका नहीं मिला। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने कई ऑटोमैटिक हथियार भी जब्त किए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर में रैन बसेरे का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

## मुख्यमंत्री ने निराश्रितों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार देर रात को जयपुर शहर में जरूरतमंद एवं निराश्रितों के लिए अल्बर्ट हॉल के नजदीक संचालित रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जयपुर शहर में संचालित समस्त रैन बसेरों में विश्राम करने एवं शयन की आवश्यकता से रूकने वाले जरूरतमंदों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने एवंएंट्री रजिस्टर को अच्छे से मेंटेन करने के निर्देश दिए। शर्मा ने जेएलएन मार्ग पर सड़क किनारे रह रहे निराश्रित लोगों एवं दिव्यांगजन को सर्दी से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया।







उन्होंने सभी से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी और राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग देने के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पशु उपचार के लिए निमेसुलाइड और इसके फॉर्मूलेशन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर पशु उपचार के लिए निमेसुलाइड और इसके फॉर्मूलेशन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। अधिसूचना के अनुसार निमेसुलाइड युक्त औषधि फॉर्मूलेशन के उपयोग से पशुओं को खतरा होने की संभावना है। इसलिए निमेसुलाइड के सभी फॉर्मूलेशन के निर्माण, बिक्री और वितरण को प्रतिबंधित करना सार्वजनिक हित में आवश्यक और समीचीन है। इन औषधियों के सुरक्षित विकल्प भी उपलब्ध हैं, अत: इसके स्थान पर अन्य विकल्पों का उपयोग किया जाना चाहिए।

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर ग्राम पंचायत सावंगी में अभ्यास केंद्रों का लोकार्पण

## राज्यपाल ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रम में भाग लिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने संभाजी नगर स्थित स्वामी ब्रह्मानंद महाराज विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। बाद में वह ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज संस्थान पीठ भी गए और संतों से आशीर्वाद लिया। संभाजी नगर में उन्होंने स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लिया।

**अभ्यास केंद्रों का लोकार्पण:-** राज्यपाल बागडे ने सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालय सावंगी में सावित्रीबाई फुले अभ्यास केंद्रों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने सावित्री बाई फुले को याद करते हुए उन्हें नमन किया। बाद में उन्होंने नारी शिक्षा के लिए किए उनके क्रांतिकारी कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते इन अभ्यास केंद्रों के जरिए शिक्षा के प्रभावी प्रसार पर जोर दिया।

# भारत के सांस्कृतिक उत्थान अग्रदूत है लोकमाता अहिल्याबाई: डॉ. कृष्णगोपाल

## अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति द्वारा पुष्कर में हुई धर्म सभा






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** 1000 वर्षों तक विदेशी बर्बर आक्रमणों के कारण विध्वंस हुए भारत की आस्था और संस्कृति के प्रतीकों को इंदौर की रानी अहिल्याबाई होल्कर ने ढूंढ-ढूंढ कर उनका जीर्णोद्धार अथवा पुनर्निर्माण करवाया। जहां जैसी आवश्यकता रही तीर्थ स्थलों और सांस्कृतिक केंद्रों का योजनाबद्ध विकास अहिल्याबाई होलकर के द्वारा किया गया इसलिए वास्तविक अर्थों में माता अहिल्याबाई होल्कर भारत के सांस्कृतिक उत्थान की अग्रदूत रही है यह विचार शुक्रवार को पुष्कर में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300 वे वर्ष के उपलक्ष में आयोजित धर्म सभा में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉक्टर कृष्ण गोपाल ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने हृदय में प्राणी मात्र के प्रति अगाध संवेदना रखकर अपनी न्यायप्रियता और लोक कल्याणकारी शासन की पद्धति के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता के रूप में स्वीकार किया। अपने जीवन में अनगिनत कष्टों को झेलते हुए भी वें कभी अपने कर्तव्य मार्ग से तनिक भी विचलित नही हुई और राज्य के समय कार्य को शिव की आज्ञा मानकर धर्म की मर्यादा में शासन का आदर्श उदाहरण पेश किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भानपुरा पीठ के परम पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज तथा मुख्य अतिथि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदयराजे होलकर रहे साथ ही शीतल शेखावत की भी विशिष्ट उपस्थिति रही। अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह समिति के संरक्षक रामनिवास वशिष्ठ तथा अध्यक्ष दशरथ सिंह जी तंवर ने सभी महानुभावों का स्मृति चिन्ह श्रीफल भेंट कर स्वागत सत्कार किया।

# आरएसएमएम और ऑयल इण्डिया प्रदेश में यूसीजी, पोटाश खोज खनन को मिलकर देंगे बढ़ावा: टी. रविकान्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि आरएसएमएम और ऑयल इण्डिया मिलकर प्रदेश में अण्डर ग्राउण्ड कोल गैसिफिकेशन की संभावनाओं को तलाशते हुए यूसीजी कार्य को गति देंगे। इसी तरह से आरएसएमएम और ऑयल इण्डिया संयुक्त रुप से पोटाश के लिए आने वाली बिड में हिस्सा लेंगे ताकि प्रदेश में पोटाश का खनन कार्य आरंभ हो सके।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त शुक्रवार को सचिवालय में ऑयल इण्डिया के सीएमडी डॉ. रणजीत रथ से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने ऑयल इण्डिया से प्राकृतिक गैस का उत्पादन बढ़ाने, नए क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देने, और नए क्षेत्रों में प्रवेश की आवष्यकता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक गैस, कच्चे तेल, यूसीजी सहित सोलर व अन्य क्षेत्रों में विपुल संभावनाएं है और इसके लिए ऑयल इण्डिया को आगे आना चाहिए।

ऑयल इण्डिया के सीएमडी डॉ. रणजीत रथ ने बताया कि ऑयल इण्डिया द्वारा फलोदी बीकानेर के डीएसएफ भाखरी टिब्बा से राज्य सरकार के रामगढ़ प्लांट को बिजली उत्पादन के लिए 7 मिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ प्लांट की मांग बढ़ने पर और अधिक मात्रा में गैस का उत्पादन कर उपलब्ध कराई जा सकती है।

डॉ. रथ ने बताया कि भाखरी टिब्बा क्षेत्र में ऑयल इण्डिया 20 और कुओं में एक्सप्लोरेशन और उसके परिणाम के आधार पर गैस उत्पादन का काम आरंभ करना चाहता है और इसके लिए कोलोनाइजेशन डिपार्टमेंट से अनापत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया की ऑयल इण्डिया राज्य सरकार के साथ मिलकर ऑयल और गैस के एक्सप्लोरेशन और दोहन के साथ ही नए क्षेत्रों यथा पोटाश, यूसीजी, सोलर एनर्जी सहित नए क्षेत्रों में कार्य करने की कार्ययोजना को अंतिम रुप दे रही है। बैठक में अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने ऑयल इण्डिया के प्रदेश में चल रही लीजों व उत्पादन प्रगति आदि की जानकारी दी। बैठक में ऑयल इण्डिया व पेट्रोलियम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# नगर निगम ग्रेटर ने दो माह में 22 लाख रूपये से अधिक जुर्माना वसूला

**जयपुर।** जयपुर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ग्रेटर की टीमें सतत् प्रयासरत हैं तथा शहर को गंदा करने वाले दोषी व्यक्तियों पर लगातार कारवाई कर रही हैं। आयुक्त रूकमणी रियाड ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक खुले में कचरा फेंकने, सीएनडी वेस्ट डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, कचरा जलाने वालों सहित स्वच्छता के विभिन्न मापदण्डों का उल्लंघन करने वाले दोषी व्यक्तियों से नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा लगभग कुल 22 लाख 80 हजार रूपये अब तक वसूल किये जा चुके है। उन्होनें बताया कि शहर की स्वच्छता हमारे लिए प्राथमिकता है, यदि कोई भी व्यक्ति शहर को गन्दा करता है, खुले में कचरा फैंकता है, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करता है स्वच्छता के मापदण्डों का उल्लघंन करता है तो दोषी व्यक्ति से कैरिंग चार्ज वसूल किया जायेगा। नगर निगम ग्रेटर की टीमें लगातार सफाई कार्य में जुटी है शहर को स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा 2 माह में गंदगी फैलाये जाने पर 17 लाख 94 हजार 470 रूपये, सीएनडी वेस्ट पर 3 लाख 59 हजार 800 रूपये, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरूद्ध 1 लाख 4 हजार 300 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई।

# आठ बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## आम रास्ते को करवाया अतिक्रमण मुक्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में मुहाना तिराहे से मुहाना मण्डी तक 200 फीट रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त, ग्राम मदरामपुरा में जविप्रा के खसरा नं. 271 जे.वी.वी.एन.एल. को आवंटित भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त एवं निजी खातेदारी करीब 08 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन ग्राम गुवारडी में गैर मुमकिन आम रास्तें की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मुहाना तिराहे से मुहाना मण्डी तक दोनों तरफ 03 कि.मी. तक 200 फीट रोड सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर, कबाड़ियों द्वारा अवैध रूप से लोहे लक्कड का कबाड़, पुरानी गाड़ियां, टीनशेड, टायर, व अन्य सामान डालकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था, जिससे स्थानीय लोगों व आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 200 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मदरामपुरा, जिला जयपुर में जविप्रा के खसरा नं. 271 जे.वी.वी.एन.एल. को आवंटित भूमि में से करीब 1000 वर्गमीटर पर स्थानीय कास्तकार (खातेदारों) द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से फसल उगाकर तारबंदी कर अतिक्रमण कर रखा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जे.वी.वी.एन.एल. की आवंटित भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त।

जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कपूरवाला, खातीयों की ढ़ाणी के पास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कपूरवाला, खातीयों की ढ़ाणी के सामने तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में ही दूसरी करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम गुवारडी, जिला जयपुर के खसरा नं. 344 जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन आम रास्तें की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर टीनशेड़नुमा अवैध निर्माण, कच्चे-पक्के मकान, मिट्टी की डोल बनाकर, तारबंदी कर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सरकारी गैर मुमकिन आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 10 तथा पुलिस आयुक्तालय, जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर, का जाप्ते एवं प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 114 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। तथा 10 गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

**आम सूचना**

मैं मोहम्मद युसूफ पुत्र रमजान भाटी निवासी उस्मानाबाद कॉलोनी वार्ड नं. 11 चुरू तहसील व जिला चूरू का हूं जो कि शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री SANAJA के नाम से इंडियन बैंक चुरू में एक अकाउंट खुलवाया हुआ हैं। जिसका खाता नं. 6776347265 CIF ID 3315310357 खाता खुलवाने की दिनांक 08/07/2019 जिसमे मेरी पुत्री का नाम SANAJA अंकित हैं जो कि गलत हैं जबकि सही नाम SHANAJ (दस्तावेज अनुसार) हैं जो कि सही एवं सत्य है। यह कि मैं मेरी पुत्री के इंडियन बैंक खाता में SANAJA के स्थान पर SHANAJ अंकित करवाना चाहता हूं। अगर मेरे द्वारा दिए गये तथ्य गलत पाए जाते है तो इंडियन बैंक चुरू मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

**आम सूचना**

मैं मोहम्मद युसूफ पुत्र रमजान भाटी निवासी उस्मानाबाद कॉलोनी वार्ड नं. 11 चुरू तहसील व जिला चूरू का हूं जो कि शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र RASID के नाम से इंडियन बैंक चुरू में एक अकाउंट खुलवाया हुआ हैं। जिसका खाता नं. 6149721601 CIF ID 3100445037 खाता खुलवाने की दिनांक 02/08/2013 जिसमे मेरे पुत्र का नाम RASID अंकित हैं जो कि गलत हैं जबकि सही नाम MOHAMMED RASID (दस्तावेज अनुसार) हैं जो कि सही एवं सत्य है। उसी प्रकार पिता का नाम YUSUF BHATI अंकित हैं जो कि गलत हैं जबकि सही नाम MOHAMMED YUSUF (दस्तावेज अनुसार) हैं जो कि सही एवं सत्य हैं। यह कि मैं मेरे पुत्र के इंडियन बैंक खाता में RASID के स्थान पर MOHAMMED RASID तथा पिता का नाम YUSUF BHATI के स्थान पर MOHAMMED YUSUF अंकित करवाना चाहता हूं। अगर मेरे द्वारा दिए गये तथ्य गलत पाए जाते है तो इंडियन बैंक चुरू मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

राजस्थान-सरकार

**कार्यालय सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, पाली**

Address-2-B-52, New Housing Board, Pali // Email - paliadicps@gmail.com // Ph. No.- 02932-299051

क्रमांक: बाअवि/2024/718 दिनांक:-24.12.2024

**ई-निविदा आमंत्रण-01/2024 ( NIB Code: CED2425A0110 )**

जिला बाल संरक्षण इकाई, पाली अन्तर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन (24×7) के संचालन हेतु मानव संसाधन से संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट (पीएमयू) संचालित किये जाने हेतु पंजिकृत बोलीदाता/संवेदक के माध्यम से चाईल्ड हेल्प लाईन संचालन हेतु जॉब बेसिस में सेवाओं को एक वर्ष हेतु उपलब्ध कराने हेतु शर्त रहित ऑनलाईन (ई-प्रोक्योरमेंट) बोली दिनांक 13.01.2025 को 04.00 पी.एम. तक आमंत्रित की जाती है तथा तकनीकी निविदा दिनांक 14.01.2025 को 12.00 पी.एम. व वित्तीय निविदा दिनांक 15.01.2025 को 03.00 पी.एम. को खोली जायेगी। निविदा के दस्तावेज मय शर्त http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर तथा http://www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा की लागत 20.88 लाख (फिक्स) रूपये है।

**UBIN No.- CED2425SLOB00086**

**Eproc tender I.D.- 2024_CHRD_440952_1**

**( डॉ. टीना अरोड़ा )**
**सहायक निदेशक**
**जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, पाली**

**DIPR/C/63/2025**

# जोन उपायुक्तों एवं जोन ओआईसी ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर गुरूवार को सभी जोन उपायुक्त एवं जोन ओआईसी ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्थाओं का अपने-अपने जोन में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त अशोक शर्मा ने विद्याधर नगर जोन, उपायुक्त श्याम लाल जांगिड़, ने मानसरोवर जोन, गीता कारनानी ने जगतपुरा जोन, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी रश्मि कांकरिया, सहित अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्राधिकार में सफाई व्यवस्था का दौरा किया। रात्रिकालीन सफाई रात्रि 09:00 बजे से रात्रि 02:00 बजे तक नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा की जा रही है जिसका संबंधित जोन ओआईसी एवं उपायुक्तों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सभी जोन उपायुक्तों एवं जोन ओआईसी ने सफाई कर्मचारियों की हाजरी, ओपन कचरा डिपो की स्थिति, दुकानों के बाहर हरे व नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चयनित सीटीयू पॉइंट्स की मॉनिटरिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आने वाले सभी मापदंडों की मॉनिटरिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सीएनडी वेस्ट आदि का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां पाई जाने पर तत्काल रूप से उन्हें सुधारने के निर्देश दिये गये।



# नगर निगम ग्रेटर की टीम ने 3 केन्टर सामान किया जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में किरण पथ से वरूण पथ मध्यम मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 03 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में किरण पथ से वरूण पथ मध्यम मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, आबूरोड जिला - सिरोही (राज)**

क्रमांकः-एबीआर/एमयूएन/निर्माण/2024/3265 दिनांक 30.12.2024

**-: ई-निविदा सूचना (NIT No. 14/2024-25) :-**

नगर पालिका आबुरोड द्वारा निम्नांकित कार्य को करवाये जाने हेतु लोक निर्माण वित्तीय एवं लेखा नियम के परिशिष्ठ XVI के नियम 334 के अन्तर्गत पात्रता रखने वाली फर्मो/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित शर्ते एवं विस्तृत विवरण कार्यालय में कार्य दिवस की अवधि में देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| कुल कार्य | 15 |
| कार्यो की कुल लागत | 243.28 लाख |
| NIB Code | DLB2425A4638 |
| UBN No | DLB2425WSOB14030, DLB2425WSOB14034, DLB2425WSOB14167, DLB2425WSOB14168, 69,70,71,72,73,74,75,76,77,78,79 |

निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट http//:sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका, आबूरोड**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, आबूरोड**

राज.संवाद/सी/24/9849

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# अलवर में टाइगर फार्महाउस के किचन से पकड़ा गया

## बगल के खुले कमरे में सो रहा था कर्मचारी, 200 किलो का था, 10 लोगों ने उठाया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** तीन दिन में पांच लोगों पर हमला कर चुका युवा और भारी-भरकम टाइगर आखिरकार ट्रैंकुलाइज कर लिया गया। सरिस्का टाइगर रिजर्व से निकला टाइगर एसटी-2402 एक गांव में बने फार्म हाउस के किचन में बैठा हुआ था। खास बात यह है कि उस किचन के बगल के कमरे में ही एक कर्मचारी दरवाजा खुला रखकर सोया हुआ था, जब टाइगर ने दहाड़ा तब उसे पता चला। देर रात वनकर्मियों को अलवर जिले के रैणी में चिल्कीबास रोड स्थित एक फार्म हाउस के किचन में होने की जानकारी दी गई। सुबह 6 बजे टीम मौके पर पहुंची और करीब 3 घंटे बाद टाइगर को ट्रैंकुलाइज कर लिया गया। टाइगर 1 जनवरी( बुधवार) को सरिस्का से दौसा जिले के महुखुर्द गांव में घुस गया था। यहां उसने पहले तीन लोगों पर हमला किया, इसके बाद उसने ट्रैंकुलाइज करने की कोशिश में लगे 2 वनकर्मियों की गाड़ी पर भी झपट्टा मारा था। इस हमले में वनकर्मी बाल-बाल बच गए। गुरुवार को भी दिनभर उसे ट्रैंकुलाइज करने की कोशिश होती रही, लेकिन वह खेतों में वनकर्मियों को छकाता रहा। रेंजर कृष्ण कुमार ने बताया कि टाइगर को टैंकुलाइज कर लिया गया है। चिल्कीबास गांव के ओमप्रकाश मीणा के मकान की किचन खुली थी, किचन में गेट नहीं लगा था। टाइगर वहीं घुस गया था। फिर वहीं पर आराम करने लगा। टाइगर को ट्रैंकुलाइज करने वाले डॉ. दीनदयाल ने बताया कि हमें रात को 2 बजे सूचना मिली थी कि किसी मकान में टाइगर है। रात को ट्रैंकुलाइज नहीं कर सकते थे। दीनदयाल ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे टीमें मौके पर पहुंची। टाइगर पहले हमला कर चुका था, इसलिए उसके पास बंद कार में जाना पड़ा। बंद कार को किचन से करीब 25 फीट की दूर खड़ा किया। किचन का गेट खुला था, इस कारण पहले ही शॉट में ट्रैंकुलाइज सफल हो गया। टाइगर अग्रेसिव होने के कारण उसके पलटकर हमला करने का डर भी था। शॉट मारने के बाद टाइगर के बेहोश होने का कुछ देर तक इंतजार किया गया। जब उसकी हलचल बंद हो गई तो उस पर जाल फेंका गया। 4 साल का टाइगर इतना बड़ा और भारी था कि उसे तुरंत 10 लोगों ने मिलकर कार में डाला। टाइगर का वजन 200 किलो है। फार्म हाउस का मालिक का कर्मचारी मनोज वहां रहता है। उसने खुद का कमरा भी खुला छोड़ रखा था, लेकिन रात करीब डेढ़ बजे किचन से ही टाइगर ने दहाड़ लगाई। तब वह जागा और उसे पता चला कि टाइगर किचन में है। तब उसने खुद का कमरा बंद किया और मालिक को फोन कर बताया। फिर मालिक ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया और वन अधिकारियों को जानकारी दी गई। डीएफओ अभिमन्यू साहरण ने बताया कि ट्रैंकुलाइज करने में सरिस्का व रणथंभौर की 2 टीमों की मुख्य भूमिका रही। जिस फार्म हाउस की किचन में टाइगर था, उसके चारों तरफ ओपन एरिया था। सुबह 5 बजे के आसपास सूचना मिलने पर तुरंत टीम भेज दी थी। टाइगर को जिप्सी से सरिस्का लेकर आ गए हैं। अब कुछ देर ऑब्जर्वेशन में रखेंगे। उसके बाद तय होगा कि कब वापस जंगल में छोड़ना है।

# सावित्री बाई फूले जयंती पर महिलाओं का किया सम्मान




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** भारत की पहली बालिका स्कूल की संस्थापिका और अध्यापिका सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती बाबा प्रकाश पूरी आश्रम के सामने राष्ट्रीय सैनी सभा कार्यालय में मनाई गई। सावित्री बाई फुले के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन अनिता सैनी, सुधा पंवार, पिंकी धूपिया, सावित्री सैनी, पैराओलंपिक खिलाड़ी जीवणी सैनी, मनीता तवंर ने किया। राष्ट्रीय सैनी सभा के संभाग प्रभारी अजय कुमार सैनी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में समाज की प्रगतिशील महिलाओं का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने 18वीं सदी की महिला शिक्षा क्रांति की जनक सावित्री बाई फुले के लिए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से 'भारत रत्न' का सम्मान मांगा। वक्ताओं ने बताया कि 18वीं सदी में महिलाओं के लिए शिक्षा पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। जिसके खिलाफ आवाज उठाकर महिला शिक्षा के द्वार खाले। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी, सरपंच राजेंद्र प्रसाद सैनी, बुधराम सैनी, डॉ. शिव दयाल सैनी, शीशराम राजोरिया, इन्द्रराज सैनी, बाबूलाल सैनी, भाजपा नगर अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, ललित जोशी, पार्षद अशोक प्रजापत, रामनिवास सैनी, ज्योति प्रकाश शर्मा, संदीप गोयल, जीआर सैनी, मनोहर धूपिया, सुनील सिंगोदिया, पवन तंवर, बशेसर सैनी, मनोज सैनी, दलीप सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, महेश सैनी खेतड़ी, एडवोकेट होशियार सिंह, ताराचंद गोड़, मदन लाल सैनी पाडिला राकेश गौड़, मुकेश सैनी, मनीराम आदि उपस्थित रहे।

# जिले के ओलावृष्टि से प्रभावित राजस्व ग्रामों में फसल गिरदावरी कार्य जारी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर जिले में विगत दिनों हुई ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र रामगढ, मालाखेडा, रैणी ब्लॉक में उपखण्ड अधिकारी की मॉनिटरिंग में संबंधित तहसीलदार, भू-अभिलेख निरीक्षक व संबंधित पटवारियों की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों के खेतों में जाकर गिरदावरी संबंधी कार्य किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 दिवस में गिरदावरी संबंधित कार्य पूर्ण कर प्रस्ताव आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को भिजवाए जाएंगे।

जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि जिले में विगत दिनों हुई ओलावृष्टि से फसल खराबे के प्रारम्भिक अनुमान हेतु संबंधित राजस्व अधिकारियों व कृषि विभाग के अधिकारियों को तुरन्त फील्ड में भिजवाया गया था। काश्तकारों को फसल खराबे के मुआवजे व सहायता हेतु नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा गिरदावरी की अनुमति के उपरान्त गिरदावरी कराकर मुआवजे के प्रस्ताव आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को भिजवाए जाने होते हैं। जिले के प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी हेतु भिजवाए गए प्रस्तावों पर राज्य सरकार द्वारा 15 दिवस में गिरदावरी कार्य पूर्ण कराकर फसल खराबे की रिपोर्ट आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को भिजवाने के निर्देश प्राप्त होने पर जिले के प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि आज संबंधित उपखण्ड अधिकारी की मॉनिटरिंग में तहसीलदार, भू-अभिलेख निरीक्षक व पटवारियों के संयुक्त दल द्वारा रैणी उपखण्ड के राजस्व ग्राम बीलेटा, छिलोडी, पाटणबास व आदूका में तथा मालाखेडा उपखण्ड के राजस्व ग्राम ककरोडा व खरखडा में एवं रामगढ उपखण्ड के राजस्व ग्राम बाघोडी में खेतों में जाकर गिरदावरी संबंधी कार्य किया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले के ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराकर संबंधित ग्राम पंचायत के सहायता के प्रस्ताव संबंधित पटवारी के द्वारा डीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को ऑनलाइन अपलोड करावे तथा 15 दिवस में गिरदावरी संबंधित कार्य पूर्ण कर प्रस्ताव जिला कलक्टर कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने एडीएम प्रथम को निर्देश दिये कि गिरदावरी रिपोर्ट प्राप्त होने पर तत्काल आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करे।

# माता सावित्रीबाई फूले की 194वीं जयन्ती, 'मातृशक्ति सम्मान समारोह' के रूप में मनाई



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वाधान मे शुक्रवार को भारतवर्ष की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारिका माता सावित्रीबाई फूले की 194वीं जयन्ती, काशीराम का चौराहा के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में 'मातृशक्ति सम्मान समारोह' के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। युवा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य वक्ता उमरैण ब्लॉक विकास अधिकारी अनिता सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्पांजली अर्पित करते हुए की गई। कार्यक्रम में सामाजिक शैक्षणिक, खेलकूद सहित विभिन्न स्तर पर विशिष्ठ उपलब्धी प्राप्त करने वाली समाज की 20 महिलाओं को 'माता सावित्री बाई फूले गौरव अवार्ड' से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह, शाल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया जिनमें डॉ. मनीषा सैनी, बैंक ऑफ बडोदा ब्रान्च मैनेजर रेखा सैनी, प्रधानाध्यापक शीला सैनी, व्याख्याता नेहा सैनी, सावित्री सैनी, खेलकूद के क्षेत्र में शारीरिक शिक्षक भगवती देवी सैनी, मनीषा सैनी सहित नेहा सुमन सैनी, कविता सैनी, सन्तीदेवी सैनी, गीता सैनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ब्लॉक विकास अधिकारी उमरैण अनीता सैनी, नगर परिषद पूर्व सभापति कमलेश सैनी सहित उपस्थित वक्ताओं ने माता सावित्री बाई फूले के जीवन आदर्शों तथा 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित विचारगोष्ठी में कहा कि समाज में व्याप्त कुरूतियों एवं रूढिवादी प्रथाओं को समाप्त कर शिक्षा की अलख जगाने से ही समाज का विकास सम्भव है। महिला शिक्षा से ही राष्ट्र और परिवार का उत्थान सम्भव है समाज को बेटीयों के साथ-साथ अपने परिवार की बहुओं को उच्च शिक्षा दिलवाने की बात पर जोर देते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करने की बात कही गई।

# गौवंश व श्वान के लगाए रेडियम नेकबेल्ट

**झुंझुनूं।** सड़क सुरक्षा माह के तहत परवाह थीम पर शुक्रवार को परिवहन विभाग, यातायात पुलिस व जिला पर्यावरण सुधार समिति के सौजन्य से बेसहारा गौवंश तथा कुत्तों को रेडियम बेल्ट लगाए गए, जिससे रात्रि के समय वाहन से पशुओं की टक्कर नहीं हो व दुर्घटना ना घटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह थे, वहीं अध्यक्षता जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनूं डॉ मक्खन कुमार जांगिड़ ने की। इस दौरान यातायात प्रभारी हरफूल मीणा व नगर परिषद की टीम, महेंद्र चंदवा, प्रदीप ईशरवाल, रामनिवास लांबा, सुनीता लांबा, रामगोपाल गुप्ता, एडवोकेट अंजू शर्मा, अभिषेक मुरारका, भंवरी दैवी, बबिता कुमारी, पूनम जांगिड़, साक्षी शर्मा ,अनुप सैनी, मदन लाल सोनी, जितेन्द्र सोनी सहित आमजन मौजूद रहे। जिला परिवहन अधिकारी मखनलाल जांगिड़ ने बताया कि अभियान के तहत 1000 गौवंश व 500 श्वानों के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जाएंगे। आगामी 11 जनवरी को अग्रसेन सर्किल पर चाइनीज माँजे से आमजन के गले में होने वाले दुपहिया वाहन चालकों के गले की सुरक्षा हेतु भी नेकेबेल्ट लगाए जाएंगे। 4 जनवरी को 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं पर आवश्यक रख रखाव होने के कारण विधुत सप्लाई सुबह 09 बजे से दोपहर 1 बजे बन्द रहेगी।



# ब्रह्म ही सत्य है और बाकी जगत सब मिथ्या हैं : संत अरविन्द महाराज



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में शहर की गंगाबाई की बगीची में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र,भक्त प्रह्लाद चरित्र, शंकर और नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा वाचक अभिषेक भाई ने कहा कि मनुष्य को दिखावा ना करते हुए भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजा उत्तानुपाद के दो पत्नियों में एक का नाम सुनीति और दूसरी का नाम सुरुचि था। सुरुचि के कहने पर उत्तानुपाद ने सुनीति को जंगल भेज दिया था। एक दिन सुनीति का पुत्र खेलते-खेलते राज दरबार जा पहुंचा और उत्तानुपाद की गोदी में बैठ गया। सुरुचि ने उसे फटकारते हुए गोद से उतार कर भगा दिया। इससे दु:खी बालक ध्रुव जगंल में तपस्या करने लगा। भीषण बारिश और आंधी,तूफान भी उसे डिगा नहीं सके। नारद मुनि के समझाने पर भी ध्रुव ने तपस्या नहीं छोड़ी। कठिन तपस्या देख भगवान ध्रुव के सामने प्रकट हुए और उन्हें ब्रह्मांड में अटल पदवी दी। आज भी ध्रुव तारा अपने स्थान पर अटल रहते हुए चमक बिखेरता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कथावाचक अभिषेक भाई ने कहा कि भागवत कथा सही मार्ग दिखाता है,भक्ति करनी है,तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। भगवान ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया था। यदि भक्ति सच्ची हो तो ईश्वरीय शक्ति अवश्य सहायता करती है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें,जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता-पिता की सेवा कर सकें साथ ही गौ-सेवा और साधु की सेवा कर सकें। कथा वाचक अभिषेक भाई ने श्रद्धालुओं से शंकर की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शंकर भोलेनाथ हैं और सत्य ही शिव हैं। कथा में आज अंतराष्ट्रीय संत अरविन्द महाराज भी पधारे, जहां उनका श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अरविन्द महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि जिसने जन्म लिया हैं, उसकी मृत्यु निश्चित हैं और मृत्यु से घबराना नहीं चाहिए। ब्रहम ही सत्य है और बाकी जगत सब मिथ्या हैं।

# जिला अग्रवाल महिला संगठन का द्विवार्षिक चुनाव कल



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति द्वारा तय किये गये कार्यक्रम के अनुसार धौलपुर जिला अग्रवाल महिला संगठन के द्विवार्षिक चुनाव 5 जनवरी 2025 रविवार प्रात: 10:30 बजे से अग्रसेन सेवा सदन धौलपुर में चुनाव अधिकारी मुन्नालाल मंगल एवं सहयोगी मुकेश बंसल रीडर की देखरेख में सम्पन्न होंगे। चुनाव अधिकारी मुन्नालाल मंगल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला अग्रवाल महिला संगठन की महामंत्री रजनी गोयल द्वारा विगत दो वर्ष का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया जायेगा। उसके बाद महिला संगठन के द्वारा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा की जावेगी। इस दौरान महिला संगठन के चुनाव में जिलाध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री,कोषाध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव कराये जायेंगे। जिलाध्यक्ष बनने के लिये उम्र 45 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। बाकी के 6 पदों की नियुक्ति इकाई बार जिलाध्यक्ष द्वारा की जाएगी। नामांकन के लिये एक प्रस्तावक दो समर्थक के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। प्रदेशाध्यक्ष गिरीश कुमार गर्ग ने कहा कि- हमारे जिले की महिलाओं ने समाज के लिए बहुत कार्य किये हैं, जैसे अग्रवाल परिवार परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह समारोह, अग्र महाकुंभ जयपुर, रक्तदान शिविर, महिला सम्मेलन, अग्र भागवत कथा द्वारा जिले का ही नाम नहीं बल्कि पूरे देश में परचम लहराया है। चुनाव अधिकारी मुन्नालाल मंगल ने कहा कि समाज ने उन्हें पांचवी बार चुनाव का जो दायित्व सौंपा है,उसे वह पूरी कर्तव्य पारायणता, ईमानदारी तथा निष्ठा से निभायेंगे तथा जिन महिलाओं के पति राष्ट्र में, प्रदेश में तथा जिले में सदस्य है,उनकी धर्म पत्नियों को सदस्य माना जायेगा साथ ही और भी सदस्य बनाई गई है। इस मौके पर सहयोगी मुकेश बंसल न्याय विभाग ने कहा कि चुनाव से संबंधित चुनाव प्रक्रिया की पूरी लिस्ट उपलब्ध है। जिसके तहत चुनाव सम्पन्न होंगे।

## विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**झुंझुनूं।** शनिवार को 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं पर आवश्यक रख रखाव होने के कारण विधुत सप्लाई सुबह 09 बजे से दोपहर 1 बजे बन्द रहेगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं से निकलने वाले 132 केवी जीएसएस मन्ड्रेला तथा सभी 33 केवी एवं 11 केवी फीडर की विधुत सप्लाई बन्द रहेगी।

## पर्यावरण जागरूकता हेतु वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**चूरू।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय अजमेर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाए जाने के उद्देश्य से इस वर्ष हेतु अंगीकृत थीम के तहत स्कूली विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया द्य फिनाले में बैंक के सभी 12 क्षेत्रीय कार्यालयों में पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण के विजेता विद्यार्थियों के मध्य फाइनल आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'पर्यावरण और स्वच्छता द् कानून से ज्यादा स्व-प्रेरणा महत्वपूर्ण' विषय के पक्ष-विपक्ष में पूर्ण उत्साह के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में अलवर से राधा यादव विजेता रही तथा झुंझुनूं से नव्या जैन व चूरू से लक्ष्या राठौर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही द्य बैंक की तरफ से विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप ग्यारह हज़ार, द्वितीय स्थान हेतु इक्यावन सौ, तृतीय स्थान हेतु इकत्तीस सौ तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना राशि प्रदान की गई।

# न्यूज ब्रीफ

## समस्या समाधान केन्द्र के पदाधिकारियों ने डॉ. शर्मा का किया स्वागत



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** गढ़ परिसर में स्थित सेटेलाईट अस्पताल में दंत रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ.कोमल शर्मा के पदभार ग्रहण करने पर समस्या समाधान केन्द्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास, सचिव प्रमोद शर्मा आदि ने डॉ.शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के अनिल कुमार बालाण, चिरंजीलाल सैनी, भवानीशंकर शर्मा, मधुसूदन बजाज, राजेश कुमार तंवर, सुरेन्द्र कुमार पाराशर, कमल कुमार शर्मा व शिव कुमार प्रजापत आदि उपस्थित रहे। केन्द्र के अध्यक्ष व्यास ने बताया कि अब दंत रोग की समस्या का समाधान अस्पताल में हो जाएगा।

## सादुलपुर-राजगढ़ में जगह-जगह पर खुले पड़े चैंबर दुर्घटनाओं को दे रहे आमंत्रण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में खुले पड़े चैंबर प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। सादुलपुर शहर के पंचमुखी बालाजी मंदिर के आगे बड़ा चैंबर खुला पड़ा है। जिसमें आए दिन पशु गिरकर चोटिल हो रहे हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इसी तरह, पेट्रोल पंप के सामने बड़ा खुला चैंबर पड़ा हुआ है, जो पांच-छह महीनों से तारानगर रोड की तरफ हर समय किसी न किसी बड़ी अनहोनी घटना को आमंत्रण दे रहा है होंडा मोटर एजेंसी तारानगर रोड आदि जगहों पर भी बहुत ही खतरनाक खुले चैंबर पड़े हुए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश सोनी, महेंद्र सिंह, अरुण कुमार सैनी, सोनू, प्रदीप जैन, राजू, विनोद नायक, राजपाल सरावग और अन्य ने शहर में पड़े खुले चैंबरों के प्रति नाराजगी जाहिर की है। राजगढ़ नगरपालिका ईओइसे तुरंत खुले चैंबरों को ढक्कन लगाकर ढकने की गुहार की है। स्थानीय प्रशासन से भी की गई है, ताकि समय रहते कोई बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका स्व. सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्र माता, क्रांतिज्योति, कवयित्री एवं महान समाज सुधारक स्व.सावित्रीबाई फुले की जयंती पर आज राजगढ़ में जिला भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में उनकी छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश खिचड़ ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि जीवन पर्यंत महिलाओं की शिक्षा उत्थान के लिए संघर्ष किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण कुमार भाकर,शहर मंण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी, प्रदीप सैनी, दुर्गेश कुमार राजू धन्धावत ,अजय शास्त्री, अशोक चांगल, कपिल शर्मा, मनीष स्वामी, दीपक जांगिड़, सुमेर नाई, नासिर खोखर, सुनिल धागड , प्रदीप ओला सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेंशनभोगियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना, सुनिश्चित करें आधार और पैन की लिंकिंग

### अन्यथा 20 प्रतिशत की दर से कटेगा टीडीएस

**झुंझुनूं।** आयकर अधिनियम 1961 की धारा 192 के तहत, यदि किसी पेंशनभोगी की वार्षिक पेंशन आय बेसिक छूट सीमा 3 लाख से अधिक है, तो उनकी पेंशन पर स्रोत पर आयकर कटौती (टीडीएस) अनिवार्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी पेंशनभोगियों पर नई कर व्यवस्था लागू की गई है। यदि कोई पेंशनभोगी पुरानी कर व्यवस्था चुनना चाहता है, तो उसे स्पष्ट विकल्प प्रस्तुत करना होगा।

**20 प्रतिशत की दर से कटेगा टीडीएस यदि पैन सक्रिय या आधार से लिंक नहीं :** धारा 206 के प्रावधानों के अनुसार, यदि पेंशनभोगी का आयकर पैन सक्रिय नहीं है या आधार से लिंक नहीं है, तो उनकी पेंशन पर टीडीएस 20 प्रतिशत की दर से काटा जाएगा। वर्तमान में, पेंशन निदेशालय के स्तर से पेंशन का भुगतान केंद्रीयकृत प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। ऐसे में जिन पेंशनभोगियों की वार्षिक पेंशन बेसिक छूट सीमा से अधिक है और उनका पैन सक्रिय या आधार से लिंक नहीं है, उन पर टीडीएस की कटौती 20: की दर से होगी।

**पेंशनभोगियों से अपील :** कोष कार्यालय झुंझुनूं ने पेंशनभोगियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने पैन को सक्रिय कराएं और आधार से लिंक करवाएं। इससे उनकी आयकर कटौती 20 प्रतिशत की दर के बजाय निर्धारित स्लैब के आधार पर होगी, जो उनके लिए अधिक लाभदायक होगी।

## झुंझुनूं में रोजगार उत्सव 12 जनवरी को

**झुंझुनूं।** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2023 के तहत झुंझुनूं जिले में चयनित 88 अभ्यर्थियों को 12 जनवरी को जिला स्तर पर आयोजित रोजगार उत्सव में नियुक्ति आदेश प्रदान किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 12 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे । उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेजों सहित 11 जनवरी तक रिजर्व पुलिस लाइन, झुंझुनूं में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### खुले बोरवेल्स मामले में कलेक्टर ने ली वीसी, दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिले में खुले बोरवेल्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुक्रवार शाम को बैठक कर जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने बोरवेल्स की 100 फीसदी कवरेज के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारीगण समस्त जिले में सर्वे करवाकर रिपोर्ट तुरंत प्रभाव से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सूख चुके पुराने कुए यदि पट्टी से ढके हो, तो पट्टी की भी स्थिति जांच करें कि वह टूटने की स्थिति में तो नहीं है। उन्होंने निजी कुओं का भी सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला कलेक्टर मीणा ने जलदाय विभाग के अभियंताओं व विकास अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए सभी उपखंड अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

### वैदिक मंत्रोंचार के साथ किया संतों का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमन्द।** कसार गांव में बनने जा रहे निर्माणाधीन गुरुकुल में सनातन वैदिक शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय संत समागम का शुक्रवार को अभिजीत मुहूर्त में सूरजकुंड धाम के अवधेश चैतन्य महाराज एवं संतो के सानिध्य में शुभारंभ हुआ। संस्थान के अध्यक्ष पंडित उमेश द्विवेदी ने बताया कि संतों के आगमन पर विद्वान ब्राह्मणों एवं ग्रामीणों द्वारा संतो का वैदिक मंत्रोचार एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। हवन यज्ञ में मंत्रों द्वारा पांच आहुतियां देखकर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद में यजमानों द्वारा सपत्नीक जोड़े से बैठकर हवन यज्ञ में आहुतियां दी । इस तीन दिवसीय संत समागम को लेकर कसार गुरुकुल के निर्माणधीन स्थल पर सैकड़ों की तादात में भामाशाह, समाजसेवी सहित ग्रामीण एवं श्रद्धालु भक्त गण पहुंचे। जहां इस महायज्ञ में अपना योगदान देखकर संतों का आशीर्वाद लिया। अवधेश चैतन्य ने कहा कि आज के युग में हमारी वैदिक संस्कृति लुप्त होने जा रही है। इसको जीवित एवं वैदिक संस्कृति के उत्थान के लिए गुरुकुलों की बहुत आवश्यकता है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत टोल नाकों पर की वाहनों की जांच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा के नेतृत्व में मांडावाडा टोल प्लाजा पर एनएचएआई के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान की नोडल प्रभारी डीटीओ डॉ कल्पना शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए जागरूकता पेम्पलेट वितरित किए गए। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उपस्थित वाहन चालकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली। जिसमें दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना शामिल है।

### प्रदेश में सुशासन के स्थापित किए नए कीर्तिमान : माहेश्वरी

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक कार्यालय में क्षेत्रीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल वादों को पूरा करने और प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला रहा है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 1 वर्ष में सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सरकार की प्रतिबद्धता और जनता के प्रति जवाबदेही के परिणामस्वरूप, प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने इस दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति के सुधार को विशेष रूप से रेखांकित किया। बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि सरकार ने अपनी बजट घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया है।

### जरूरतमंदो को कंबल वितरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में सुभाषचंद्र एवं रामरतन जालान सुपुत्र स्व. श्यामसुंदर जालान की ओर से मित्तल कॉलोनी इलाहियों की मस्जिद के समीप के जरूरतमंद लोगों को सर्दी के इस मौसम में गर्म कंबलों का वितरण किया गया। इससे पूर्व संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान द्वारा कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित सुभाषचंद्र जालान, चंद्रभान शर्मा खाजपुरिया, अशोक सुरोलिया, अंकिता गोपाल जालान, सृष्टि एवं वेदांत जालान का स्वागत अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने कंबल वितरण कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। गर्म कंबल वितरण इस समय के अनुकूल सेवा कार्य है।

### म्यूजिकल चेयर, बैडमिंटन प्रतियोगिताएं हुई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में खेलकूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह के तहत शुक्रवार को वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़ तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल प्रभारी डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के द्वितीय दिन बैडमिंटन में शिवानी विजेता तथा प्रियंका उप विजेता रही। वॉलीबॉल में सपना, कविता, ज्योति की गंगा टीम विजेता एवं पूजा, अंकिता, आशा, नीतू की सरस्वती टीम उपविजेता रही। कबड्डी में साक्षी, ज्योति, निशा की महादेवी वर्मा टीम उप विजेता तथा काजल, पूजा, प्रियंका, पूजा भालोठिया की सावित्री बाई फुले टीम विजेता रही। वहीं 100 मीटर दौड़ में कुंदनबाला प्रथम, नीतू कुलहरि द्वितीय एवं मोनिका तृतीय रही। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में नीतू कुलहरि प्रथम, वंशिका द्वितीय एवं कुंदनबाला तृतीय रही। इस दौरान सहायक खेल प्रभारी कल्पना, सुनिता टेलर तथा निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. रघुराज सिंगोदिया, डॉ. नाथूलाल, डॉ. अभिलाषा आबूसरिया, किशोर कुमार, रोहिताश कुमार, सुनिता, डॉ. पूनमचंद चावला इत्यादि उपस्थित रहे।

### शिविर का 225 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 225 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।

### पृष्ठ 1 का शेष....सीएम शर्मा बोले....

तथा इनके सौन्दर्यीकरण कार्य परकोटे के दरवाजों के अनुरूप किये जाएं। साथ ही, इनकी बुकलेट बनाकर भी प्रकाशित करें। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जयपुर की बढ़ती आबादी के चलते एक उचित नगरीय प्लानिंग करें, जिससे बढ़ते संसाधनों के दवाब का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास विभाग अपने सभी विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करें। पृथ्वीराज नगर में समुचित ड्रेनेज एवं सीवरेज कार्य, तथा द्रव्यवती नदी के आसपास भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु अण्डर वाटर रिचार्ज की सुविधा वाले स्थानों से मलबा हटवाने व मरम्मत का कार्य भी शीघ्र किया जाए। बैठक में सांगानेर क्षेत्र में जिला अस्पताल, नवीन रेलवे स्टेशन के विकास कार्य, विभिन्न सड़क निर्माण, मुहाना मोड पर ओवरब्रिज, खुली जेल को अन्यत्र स्थानांतरित करने, गुलर बांध की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का रंगारंग आगाज

## विधायक राजेन्द्र भांबू व जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने फीता काट कर किया उद्घाटन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले एवं अमृता हाट का शुभारंभ शुक्रवार को ग्रामीण हाट आबूसर में किया गया। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र सिंह भांबू व जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र भांबू मुख्य अतिथि थे, वहीं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने अध्यक्षता की। इस मौके पर विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जिले के हस्तशिल्प उद्योग के व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा यहां देश के अलग-अलग स्थानों से आए लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हस्तशिल्प, बुनकरों, छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ाने का जो सपना है वो ऐसे आयोजनों के लिए सकारात्मक पहल है। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रति वर्ष होने वाले ?से आयोजनों से जिले को नई पहचान मिली है। यह आयोजन बड़े एवं छोटे दोनों उद्यमियों तथा महिलाओं के उत्पादों की बिक्री का बेहतर प्लेटफॉर्म साबित होगा। उन्होंने कहा कि यहां 250 स्टॉले लगाई गईं, जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से अलग अलग प्रकार के उत्पादों की बिक्री की जाएगी, वहीं मनोरंजन के लिए भी झूले एवं खान-पान की स्टॉले लगाई गई है। जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केन्द्र के महाप्रबन्धक अभिषेक चोबदार ने बताया कि मेले में नागपुर की स्टोन ज्वैलरी कश्मीर के शॉल, ड्राईफुट्स, पश्मिना शॉल, अजरक प्रिन्ट की बैडशीट, खुर्जा की क्रोकरी, आसाम के बांस का फर्नीचर, खेतड़ी, लोहार्गल व चिराना का अचार, चाबी छल्ला, लाख की चूडियां, प्लास्टिक का उपयोगी सामान, चूरन सोफ, सुपारी, कर्नाटक का आदिवासी तेल, हिमाचल का वूलन शॉल, लैदर जैकेट, पानीपत का हेण्डलूम आदि है। इसी प्रकार से बच्चों के मनोजन के लिये हेमर झूला, चकरी झूला, चौकी टॉवर झूला आदि लगाये गये हैं। खान पान की स्टाल्स पर चटकारे व्यंजन, बाजरे की रोटी, सरसों का साग, सागरोटा , आइसकीम आदि हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में जिला उद्योग अधिकारी शुभकरण थालौर, अतिरिक्त निजी सचिव हनुमान प्रसाद जोशी व लेखाधिकारी दिनेश कुमार सोनी, महिला अधिकारिता विभाग के मनोज कुमार ने मेले में सहयोग किया । उद्घाटन समारोह का संचालन एडीईओ उम्मेदसिंह महला व मूलचंद झाझडिया ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन में राजबाला ढाका व संगीता मिठारवाल ने योगदान दिया।

**ये रहे मौजूद :** उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक संजय महला, आईसीडीएस के विजेन्द्र सिंह राठौड, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला रसद अधिकारी कपिल झाझडिया, श्री सीमेंट फाउंडेशन के एच सी गुप्ता, विशंभर पूनिया, रवि सैनी, सरजीत चौधरी, महेंद्र सिंह चंदवा, महेंद्र कुमार, रामेश्वर सिंह, धर्मपाल जानू मौजूद रहे।

**शनिवार को होंगे विभिन्न प्रतियोगिताएं :** मेले में शनिवार 4 जनवरी को दिन के समय परम्परागत खेलकूद प्रतियोगिता निम्बू चम्मच दौड़, जलेबी दौड एवं सेक रेस श्री फाउण्डेशन गोठड़ा नवलगढ़ एवं व्यवस्थाएं शेखावाटी पब्लिक स्कूल हेतमसर के सौजन्य आयोजित की जावेंगी। इसी प्रकार से शाम 5 बजे से सोलो डान्स प्रतियोगिता दी रेनबो सुपस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सगीरा सर्किल झुन्झुनूं के सौजन्य से आयोजित की जाएगी। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित एक विशेष कैलेंडर का विमोचन किया गया।

विद्याधर नगर में भागवत कथा का तीसरा दिवस

## बिना पोस्ट मैन के ही पहुंचने वाला पत्र है 'प्रार्थना': गोस्वामी मृदुल कृष्ण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 26वें वार्षिकोत्सव पर तक विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे स्थित प्रांगण में चल रही 108 विशाल श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को व्यासपीठ से परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि प्रार्थना एक ऐसी संस्तुति है जो अपने इष्ट के प्रति बिना किसी देरी के बिना किसी के सहारे तत्क्षण परमात्मा के पास पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिये पोस्टमैन की आवश्यकता पड़ती हैं, लेकिन हृदय से समर्पित की गई प्रार्थना एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो बिना किसी पोस्टमैन के ही तत्क्षण गन्तव्य स्थान तक पहुच जाती है। कथा क्रम में कपिल देव इति सवांद पर प्रकाश डालते हुए आचार्य ने कहा कि देवहूति जी ने पति कर्दम के वन की ओर चले जाने पर पुत्र कपिल के पास आई और प्रार्थना करते हुए बोली कि हे प्रभु हमें संसार के बंधन से मुक्त होने का मार्ग प्रदान करें। मां देवहूति की प्रार्थना को भगवान कपिल ने तत्क्षण स्वीकार किया और ऐसा उपदेश प्रदान किया कि देवहूति जी संसार सागर से मुक्त होकर सिद्धिरा नाम की नदी के रूप में परिणति होकर मुक्त हो गई। आगे सती चरित्र की उपाख्यान आचार्य ने विस्तार से श्रोताओं को श्रवण कराया जिससे कथा प्रांगण का वातावरण शिव मय हो गया। परम भक्त ध्रुव जी के चरित्र पर व्याख्यान देते हुए उन्होने कहा कि मात्र पांच वर्ष की अवस्था में ध्रुव को दर्शन देकर अखण्ड राज्य प्रदान करते हुए उनके लिए ध्रुव लोक का निर्माण में कर दिया।

## सहकारिता विभाग में कार्य संस्कृति सुधार हेतु दिये टिप्स, साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर करें कार्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता मंजू राजपाल ने कहा कि वर्ष 2025 में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक संकल्प लेना चाहिये कि वे विभाग में राज्य सरकार, लोकायुक्त, विधानसभा आदि के स्तर से प्राप्त पत्रों, प्रश्नों एवं निर्देशों के संबंध में त्वरित कार्यवाही करेंगे और इनके निस्तारण में लगने वाले समय को न्यूनतम स्तर तक लायेंगे और सहकारिता विभाग को एक उदाहरण के रूप में पेश करेंगे।

राजपाल ने आज शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि सभी फंक्शनल अधिकारी अनुभाग में प्राप्त पी.यू.सी. के निस्तारण के लिये साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर काम करें और उनका दैनिक मॉनिटरिंग भी करें ताकि उनका समयबद्ध तरीके से डिस्पोजल हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिये अपने कार्मिकों के बीच कार्य विभाजन को परिभाषित करें और उनके मध्य रोटेशन ऑफ ड्यूटीज भी करते रहें ताकि किसी विशिष्ट अवधि में कार्मिक की अनुपस्थिति से अनुभाग का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, लोकायुक्त कार्यालय एवं विधान सभा से प्राप्त पत्रों, प्रश्नों, निर्देशों के संबंध में संबंधित संस्थाओं और कार्यालयों से सामंजस्य स्थापित करते हुये टाइम बाउण्ड तरीके से निस्तारण किया जावे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण में सारगर्भित कार्यालय टीप अंकित की जावे तथा उससे संबंधित विषयों और पत्रों को सही ढंग से फ्लेग किया जावे। ऐसा करने से उच्च स्तर पर त्वरित निर्णय संभव हो सकेंगे। रजिस्ट्रार ने कहा कि सहकारिता विभाग राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में एक महत्वपूर्ण विभाग है और विभाग सहकारी संस्थाओं के सहयोग से लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्य निष्पादन प्रदर्शन में सुधार का सीधा प्रभाव योजनाओं के क्रियान्वयन पर पडता है। इसलिये यह हमारी सबकी जिम्मेदारी है कि हम सभी एक टीम के रूप में कार्य करें और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य कर आमजन को अधिक से अधिक राहत दें।

## दिव्य कलश रथ यात्रा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ सम्पन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर के गौ शाला प्रांगण में गूंजी गायत्री महामंत्र व वैदिक मंत्रों की महाध्वनि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नौ कुंडीय गायत्री गायत्री महायज्ञ का आयोजन गोशाला बीड़ में किया गया। गायत्री शक्तिपीठ कुचामन के व्यवस्थापक भैरूलाल उपाध्याय ने बताया बीड़ गौशाला में यज्ञ मंडप में देव पूजन कर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व कल्याण की मंगल कामना की आहुतियां दी गई। हायज्ञ के दौरान साधक निर्मला पारीक ने बताया गायत्री उपासना के प्रभाव व महत्व को परम पूज्य गुरुदेव ने गायत्री महाविज्ञान में सद्ज्ञान की उपासना का नाम ही गायत्री साधना कहा है जो इस उपासना के साधक है उन्हें समस्त आत्मिक-सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है। महिला मंडल द्वारा 'पावन बना दो हे देव सविता' के गान की मधुरिम स्वर लहरियों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। दिव्य ज्योति कलश रथयात्रा के क्षेत्रीय संयोजक राजेन्द्र सिंह प्रेमपुरा ने बताया लोक जागरण के उद्देश्य से कुचामन क्षेत्र की समस्त तैतीस ग्राम पंचायतों के सभी गांवों में अखण्ड दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से पुष्पवर्षा से स्वागत दर्शन आरती कर आध्यात्मिक उन्नति लाभ प्राप्त किया। रथ यात्रा के कुचामन नगर संयोजक जितेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कुचामन शहर के विभिन्न वार्डों में सायं दीपयज्ञ कर आम जन में युग परिवर्तन का संदेश प्रसारित किया। गायत्री साधक निर्मला पारीक राजश्री चौधरी पिंकू कंवर शेखावत मधु कुमावत के सानिध्य में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती मनाई



**कुचामन सिटी।** कुचामन शहर के पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर स्थित शीतला माता मंदिर में आज 3 जनवरी शुक्रवार को समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती कुचामन माली समाज द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन मिठ्ठूलाल माली ने किया। इस अवसर पर अध्यापक परमेश्वर सैनी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके समाज सुधारक कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा और महिलाओं के उत्थान के लिए जो प्रयास किए, वे आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सावित्रीबाई फुले के आदर्शों और शिक्षाओं को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में समाज के उत्थान और एकजुटता के लिए विशेष चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन की गई समझाइश एवं प्रवर्तन कार्रवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तीसरे दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी कमल दुबे द्वारा प्राइवेट बस स्टैण्ड राजगढ पर कैम्प आयोजित कर 70 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों एवं परिचालकों को सडक एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक नीमराणा सचिन शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा लगभग 70 आम नागरिकों को सडक सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 100 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 50 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 17 बिना सीट बेल्ट, 73 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 2 मोबाइल पर बात करने पर, 20 तीन सवारी से अधिक होने, 8 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्रा संचालित वाहन, 81 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 12 नो पार्किंग एवं 1 ओवर लोडिंग संचालित वाहन संबंधित चालान किए गए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जिला परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार यादव, आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक मनोज श्रीवास्तव व सहायक अभियन्ता आर.के अरोडा एवं परिवहन निरीक्षक ग्रेस कुमार अग्रवाल ने राज्य राजमार्ग जिंदोली से बडौदामेव तक तथा अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी इंदु मीणा, रिडकोर के परियोजना निदेशक पंकज मुदगल एवं आरपीएस श्रीमती मनीषा मीणा द्वारा राज्य राजमार्ग अलवर से चिकानी तक का ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर संयुक्त निरीक्षण किया।




## दर्द से तड़पती महिला की सड़क पर हुई डिलीवरी, लापरवाह एएनएम को किया निलंबित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** इंसानियत को शर्मसार करते हुए प्रसव पीड़ा में तड़पती महिला का एएनम ने इलाज नहीं किया तो सड़क पर ही डिलीवरी हो गई। डिलीवरी के बाद लकड़ी से नाल को काटना पड़ा। मामला डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं कस्बे में सींवा गांव के उपस्वास्थ्य केंद्र का बुधवार रात 12 बजे का है। डिलीवरी के बाद परिजन मां और बच्चे को लाडनूं के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से उन्हें डीडवाना के बांगड़ अस्पताल रेफर कर दिया। मां और नवजात, दोनों स्वस्थ हैं। गुरुवार को अस्पताल से दोनों को छुट्टी दे दी गई। परिजनों का आरोप है कि घुमंतू जाति का होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी ने इलाज नहीं किया। उन्होंने इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत भी दी है। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए डीडवाना कुचामन मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार जुनदिया ने लाडनूं सीवा एएनएम परमजीत कौर को निलंबित किया गया। लाडनूं उपखंड के ग्राम निम्बी जोधा एएनएम ने बनबागरिया परिवार की गर्भवती महिला का प्रसव करवाने से किया था मना, परिजनों ने कड़ाके की ठंड में आम गुवाड़ में करवाया था प्रसव, इसको लेकर दायित्वों का निर्वहन नहीं करने एवं इनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित होने पर सींवा एएनएम परमजीत कौर को निलंबित किया गया निलंबन के दौरान इनका मुख्यालय डीडवाना रहेगा। एएनएम ने हॉस्पिटल का गेट तक नहीं खोला पिता महेंद्र ने बताया कि सींवा गांव निवासी मेरी बेटी कानूड़ी (25) पत्नी जयपाल को बुधवार देर रात प्रसव पीड़ा हुई। परिजन कानूड़ी को सींवा उपस्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर ताला लगा हुआ था। पास के मकान में एएनएम परमजीत कौर के होने की जानकारी मिली। परिजन उससे मदद मांगने पहुंचे तो उसने आने से इनकार कर दिया। कानूड़ी प्रसव पीड़ा में तड़पती रही, लेकिन एएनएम ने हॉस्पिटल का गेट तक नहीं खोला। इसके बाद उपस्वास्थ्य केंद्र के बाहर ही सड़क पर कानूड़ी की डिलीवरी हो गई। डिलीवरी के बाद ग्रामीणों की मदद से मां-बच्चे को एंबुलेंस के जरिए लाडनूं के सरकारी अस्पताल लेकर गए। लाडनूं अस्पताल के चिकित्साकर्मियों ने इलाज करने के बजाय डीडवाना जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सुबह 4:30 बजे परिजन मां-बच्चे को लेकर डीडवाना के बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसे भर्ती किया गया। इलाज के बाद मां-बच्चे को छुट्टी दे दी गई।

## मुख्यमंत्री आयुष्यमान आरोग्य शिविरों में आमजन हो रहे लाभान्वित

### हनुमान शर्मा और भागचंद को मिला उपचार

**जयपुर।** जिले में आयुष्यमान आरोग्य शिविरों में आमजन को बड़ी संख्या में लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को महापुरा पंचायत समिति (सांगानेर ब्लॉक) में आयोजित हुए शिविर में स्थानीय हनुमान शर्मा और भागचंद को लाभ मिला है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि 80 वर्षीय हनुमान शर्मा को काफी समय से हाइपरटेंशन की शिकायत है। शिविर में इलाज हेतु आए हनुमान शर्मा को बेक पैन भी था। कैंप में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा इनका ब्लड प्रेशर चैक करके आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार 32 वर्षीय भागचंद दांतों में तकलीफ के चलते कैम्प में आए। यहां पर दन्त चिकित्सक डॉ. रश्मि ने उनके दांतों की जांच की और पाया कि अनहाइजीन की वजह से उनके मसूड़ों में सूजन है और केवेटीज की समस्या है। उन्हें मौके पर ही आवश्यक दवाईयां दी गईं और माउथवाश से मुंह साफ करने की सलाह दी गई। हनुमान शर्मा और भागचंद ने सुगमता से अपना इलाज होने पर सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### श्री दादीजी का द्वादशम वार्षिकोत्सव 5 को, पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** श्री दादीजी मंगल पाठ समिति के बैनर तले 5 जनवरी को होने वाले दादीजी के द्वादशम वार्षिक उत्सव का शुभारंभ प्रथम पूज्य श्री मोती डूंगरी गणेश जी को निमन्त्रण पत्र देकर किया गया, साथ ही उत्सव के पोस्टर का विमोचन जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष किशन चैखानी, तरुण रावत, पवन मित्तल, अरुण गोयल, ऋषभ, रवि, आरती मित्तल, पायल गोयल उपस्थित रहे।

## सुविचार

अनमोल है कुछ चीज तो वो आपका समय
है व्यर्थ में ना गवाये उसे।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## महाकुंभ की महा-सुरक्षा

13 जनवरी से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जाएगा। यह महा उत्सव 26 फरवरी को संपन्न होगा। हम जानते हैं कि दुनिया भर में होने वाला यह सबसे बड़ा आयोजन है, जो हजारों वर्षों से चला आ रहा है। इस दौरान देश भर से तो श्रद्धालु संगम नगरी में जुटते ही हैं, बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय और विदेशी नागरिक भी भारत आते हैं। इसे देखते हुए महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ के आयोजन में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यही कारण है कि इस बार का महाकुंभ उत्सव अब तक के सबसे भव्य और दिव्य स्वरूप में होगा। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि महाकुंभ एकता का महायज्ञ है। प्रयाग में पग-पग पर पवित्र स्थान हैं, पग-पग पर पुण्य क्षेत्र हैं। यह गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, जो महात्म्य है, उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका संयोग, उनका प्रवाह, उनता प्रताप यह प्रयाग है। प्रयागराज केवल भौगोलिक भूखंड नहीं है, यह आध्यात्मिक अनुभव क्षेत्र है। वहीं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि महाकुंभ भारत की समेकित आस्था, सर्वसमावेशी संस्कृति और अटूट एकता की जीवंत अभिव्यक्ति है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि महाकुंभ 2025 के पावन अवसर पर मिल रही इन सौगातों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जारी प्रदेश की विकास और समृद्धि का यात्रा को और गति प्राप्त होगी। स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और डिजिटल महाकुंभ 2025 के भव्य-दिव्य आयोजन के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इस बार महाकुंभ में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं। हजारों जवान और अधिकारियों के साथ ही दो हजार 750 से ज्यादा एआई सीसीटीवी कैमरों की मदद से चप्पे-चप्पे पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। साथ ही चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रखने के लिए हवा में पहली बार टीथर्ड ड्रोन तैनात किया गया है। हाई रिजॉल्यूशन इमेज, वीडियो और सेंसर डेटा जुटाने की क्षमता वाले इस हाई सिक्योरिटी ड्रोन की पैनी नजर से कोई संदिग्ध बच नहीं पाएगा। ड्रोन के डेटा की समीक्षा के लिए एक खास टीम तैनात की गई है। महाकुंभ 2025 में पहली बार मेला ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल ऐप की मदद से काम करेंगे। ऐप में रास्तों, महत्वपूर्ण जगहों और अफसरों के नंबर समेत कई अहम फीचर शामिल होंगे।

### सुरक्षा बल मुस्तैद रहें

# रंग बदल रहा आंतक..!



शाहिद ए. चौधरी



जो टेस्ला साइबरट्रक निर्वाचित-राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प के लॉसवेगास इंटरनेशनल होटल के बाहर 1 जनवरी 2025 की सुबह फटा, उसके अंदर एक संदिग्ध की मौत हो गई और पास में ही मौजूद 7 अन्य व्यक्ति घायल हो गये। यह ट्रक फायरवर्क मोर्टार व कैंप फ्यूल कैनिस्टरों से भरा हुआ था। लॉसवेगास मेट्रोपोलिटन पुलिस व क्लार्क काउंटी फायर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भविष्य के दिखाई देने वाले इस पिकअप ट्रक के अंदर जो व्यक्ति विस्फोट में मरा वह अमेरिका की सेना में काम करने (एक्टिव-ड्यूटी) वाला सैनिक था। गौरतलब है कि नव वर्ष के दिन न्यू ऑर्लियंस में भी ट्रक द्वारा हमला हुआ था, जिसमें इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 15 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है और 10 अभी गंभीर है, जिनमें कई की हालत ज्यादा खराब है। एफबीआई अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या टेस्ला साइबरट्रक विस्फोट और न्यू ऑर्लियंस ट्रक हमले में आपस में कोई संबंध है। इनसे अलग एक अन्य घटना में न्यूयॉर्क के अमाजुरा नाईट क्लब के बाहर 1 जनवरी को ही रात 11:15 पर लगभग दो दर्जन लोग अंदर प्रवेश करने की प्रतीक्षा में खड़े हुए थे कि तभी तीन लोग पैदल वहां पहुंचे और उन्होंने क्लब के बाहर खड़े व्यक्तियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं, जिसमें दस व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। अमेरिका के लिए साल 2025 की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है।

- इमेज

लॉसवेगास में जो संदिग्ध टेस्ला साइबरट्रक के अंदर मरा उसकी पहचान मैथ्यू लिवेल्सबर्जर के रूप में की गई है, जबकि न्यू ऑर्लियंस का हमलावर 42-वर्षीय शमसुद्दीन बहार जब्बार था। लिवेल्सबर्जर अभी सेना में कार्य कर रहा था और जब्बार आर्मी वेटरन था। हालांकि एफबीआई का कहना है कि लॉसवेगास और न्यू ऑर्लियंस की घटनाओं में अभी तक कोई 'निश्चित' संबंध स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन इस संयोग को क्या कहा जाए कि दोनों लिवेल्सबर्जर व जब्बार का ताल्लुक अमेरिकी सेना से था, दोनों ने एक ही सेना बेस पर कार्य किया जिसे अब फोर्ट लिबर्टी कहते हैं, दोनों ने समान रेंटल एप्प का प्रयोग किया, दोनों ने हमले के लिए ट्रक का प्रयोग किया और दोनों ने अकेले हमला किया। लिवेल्सबर्जर ने 2006 में सेना ज्वाइन की थी और जब्बार ने 2007 में। एफबीआई का कहना है कि जब्बार वैवाहिक व आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था, साक्ष्य बता रहे हैं कि न्यू ऑर्लियंस हमले के लिए केवल वह ही ज़िम्मेदार था और वह आईएस की विचारधारा से जुड़ा हुआ था। इसलिए न्यू ऑर्लियंस के हमले को आतंकी वारदात माना जा रहा है, जबकि लॉसवेगास की घटना में आशंकित आतंकवाद की जांच की जा रही है।

दोनों लिवेल्सबर्जर व जब्बार अमेरिका में पैदा हुए अमेरिकी नागरिक और अमेरिकी सेना से संबंधित थे, लेकिन डोनल्ड ट्रम्प ने इन घटनाओं को जो बाइडेन की सीमा नीतियों से जोड़ते हुए इनके लिए तथाकथित अवैध घुसपैठियों को ज़िम्मेदार ठहराया है। ट्रम्प ने दावा किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान कही गईं उनकी बातें अब सच साबित हो रही हैं कि 'जो अपराधी बाहर से आ रहे हैं वह देश के भीतर जो अपराधी हैं उनसे बहुत अधिक खराब हैं'। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अवैध घुसपैठ प्रमुख मुद्दा था। ट्रम्प ने यह कहते हुए कि अमेरिकी नागरिकों की तुलना में अप्रवासी अधिक अपराध करते हैं, वायदा किया था कि राष्ट्रपति का पद संभालते ही वह अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ा निर्वासन कार्यक्रम आरंभ करेंगे। ट्रुथ सोशल पर अपनी पोस्ट में ट्रम्प ने एक बार फिर दोहराया है कि कमज़ोर नेतृत्व और 'खुली सीमाओं' ने अमेरिका को 'हंसी का पात्र' बना दिया है। इससे मालूम होता है कि ट्रम्प 20 जनवरी 2025 से ही निर्वासन कार्यक्रम को शुरू करने के प्रति गंभीर हैं और वह असंबंधित चीज़ों को भी अवैध घुसपैठ से जोड़कर उसके लिए भूमिका बना रहे हैं। अनुमान यह है कि अप्रैल 2024 तक अमेरिका में 13.3 मिलियन लोग बिना दस्तावेज़ के थे और 20 जनवरी के बाद इन्हें ही सामूहिक निर्वासन के लिए टारगेट किया जाएगा। पिउ रिसर्च सेंटर के 2022 के अनुमान के अनुसार अमेरिका में 7,25,000 अवैध अप्रवासी भारतीय हैं और इन पर भी 20 जनवरी की तलवार लटकी हुई है। अक्टूबर 2024 में 11,000 भारतीयों को अमेरिका से वापस भारत भेजा गया था। ट्रम्प की अप्रवासियों को लेकर राजनीति अपनी जगह, लेकिन अमेरिका, जर्मनी व अन्य जगहों पर जो हाल में हिंसक वारदातें हुई हैं, उनसे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आतंकी टैक्टिस (युद्ध-नीति) नया रूप धारण करती जा रहीं हैं और आतंक को नियंत्रित करने के पुराने तरीकों की सीमाएं हैं। सभी सूंघने वाले कुत्ते और 3डी स्कैनर्स नाकाम हो जाते जब रोजमर्रा इस्तेमाल की जाने वाली चीज़ें प्रोजेक्टाइल (फेंकी जाने वाली चीज़ें) और हमला करने के हथियार बन जाएं। जब आपकी जेब में रखा पेजर ही बम बना दिया जाए जैसा कि इजराइल ने लेबनान में किया। डाक्टर कहते हैं कि खुराक से ज़हर बनता है- अब स्पष्ट हो गया है कि इरादा बम बना देता है। ऐसा तब हुआ जब आतंकियों ने हवाईजहाज़ को बम बनाते हुए न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स को उड़ाया था और जब 2018 में एक आतंकी ने नीस, फ्रांस की भीड़ में 20-टन का ट्रक घुसा दिया था, जिसमें 86 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक घायल हो गए थे। उसी साल स्टील बीम्स से भरे ट्रक से बर्लिन की क्रिसमस मार्किट में हमला किया गया था, जिसमें 12 लोग मारे गए थे और 49 घायल हो गए थे। अब पिछले एक पखवाड़े में ऐसे ही हमले तीन बार देखने में आए हैं। लॉसवेगास और न्यू ऑर्लियंस के बारे में पहले बताया जा चुका है।

## पंचांग

4 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | पौष |
| • पक्ष | - | शुक्ल |
| • तिथि | - | पंचमी 22.02 तक |
| • वार | - | शनिवार |
| • नक्षत्र | - | शतभिषा 21.24 तक |
| • योग | - | सिद्धि 10.08 तक |
| • करण | - | बव 10.52 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.14 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.12 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.04 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | कुंभ |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.21 से 13.05 |
| • राहु काल | - | 09.58 से 11.20 |
| • व्रत, त्यौहार | - | पंचक, बुध धनु में 12.04, रवियोग 21.24 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - | पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## खगोलीय काल गणना का पञ्चांगीय पाठ 'खरमास'

आर.सी.शर्मा

गुजरे 16 दिसंबर 2024 (सोमवार प्रतिपदा 1.12 दिन) आद्रा 2.43 रात धनु की संक्रांति सूर्य मूल नक्षत्र, को प्रातः 7:35 बजे से खरमास लग चुका है, जो कि 14 जनवरी 2025 को (मंगलवार प्रतिपदा 3.19 रात्रि पुनर्वस नक्षत्र) सुबह 10.27 तक रहेगा, जब तक कि सूर्य मकर राशि में नहीं पहुंच जाता। इसका मतलब यह है कि इस दौरान शादी ब्याह से लेकर किसी भी तरह का कोई मंगल कार्य नहीं होगा। खरमास दरअसल उस समय को कहते हैं, जब सूर्य, धनु या मीन राशि में प्रवेश करता है। गौरतलब है कि 12 राशियों में से सूर्य हर राशि में एक महीना रहता है। खरमास आमतौर पर पौष और चैत्र के माह में लगता है। खरमास के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। एक मुख्य कहानी के मुताबिक खरमास दरअसल तब लगता है, जब सूरज के रथ का घोड़ा विश्राम कर रहा होता है और उसकी जगह खर यानी गधा रथ को खींच रहा होता है। जाहिर है गधा जब रथ को खींचेगा तो वैसा तो नहीं खींच पाएगा, जितनी फुर्ती और तेजी से घोड़ा खींचता है। कहने का मतलब ऐसे में सूर्य की गति मंद हो जाएगी और इस प्रकार उसका तेज भी धीमा पड़ जाएगा। खरमास वास्तव में पारंपरिक भारतीय पंचांग की व्यवस्था के तहत होने वाली काल गणना की प्रक्रिया है। इसलिए इसे हिंदू या सनातन से संबंधित भी कहा जा सकता है। धनु और मीन राशियों को गुरु की राशि मानी जाती है। जब सूर्य धनु राशि में होता है तब पौष माह होता है और जब मीन राशि में होता है तो चौत्र मास होता है। खरमास ज्योतिषीय और धार्मिक अवधारणाओं पर आधारित है, जिसमें कुछ हिस्सा वैज्ञानिक और सांस्कृतिक तत्वों का भी है। हालांकि सीधे सीधे इसे वैज्ञानिक प्रक्रिया नहीं कहा जा सकता है, लेकिन खगोलीय घटनाओं और प्राचीन भारतीय ज्ञान के आधार पर ग्रह नक्षत्रों की यह गणना वास्तव में सूर्य की गति और उसकी तीव्रता की द्योतक है। चूंकि धरती में जीवन और जीवन को सच बनाने वाली सारी ऊर्जा सूर्य से ही मिलती है, इस कारण खरमास इस बात का सूचक है कि इस दौरान सूर्य की ऊर्जा बहुत क्षीण रहेगी, जिस कारण पौधों की वृद्धि और मौसम परिवर्तन की दर भी बहुत धीमी हो जाएगी। वास्तव में यह वैदिक युग में ज्ञान को व्यक्त करने की अपनी व्यवस्था थी, जिसमें सूर्य की कम ऊर्जा के दिनों को अप्रत्यक्ष रूप से अर्थहीन या कम प्रभाव वाले दिनों से जोड़ दिया गया और इस दौरान होने वाले तमाम मंगल कार्यों को रोक दिया गया। क्योंकि इस व्यवस्था की पहचान करने वाले मनीषी जानते थे कि यह सूर्य की कमजोर ऊर्जा का समय है। अतः इस समय को आराम करने, भगवत भजन आदि से जोड़ दिया गया।

## तारीख विशेष

## गोपालदास नीरज

गोपालदास नीरज, हिंदी साहित्यकार, शिक्षक, एवं कवि सम्मेलनों के मंचों पर काव्य वाचक एवं फ़िल्मों के गीत लेखक थे। वे पहले व्यक्ति थे जिन्हें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में भारत सरकार ने दो-दो बार सम्मानित किया, पहले पद्म श्री से, उसके बाद पद्म भूषण से। यही नहीं, फ़िल्मों में सर्वश्रेष्ठ गीत लेखन के लिये उन्हें लगातार तीन बार फिल्म फेयर पुरस्कार



भी मिला था। गोपालदास सक्सेना 'नीरज' का जन्म 4 जनवरी 1925 को ब्रिटिश भारत के संयुक्त प्रान्त आगरा व अवध, जिसे अब उत्तर प्रदेश के नाम से जाना जाता है, में इटावा जिले के ब्लॉक महेवा के निकट पुरावली गांव में बाबू ब्रजकिशोर सक्सेना के यहां हुआ था। मात्र 6 वर्ष की आयु में पिता गुजर गए। 1942 में एटा से हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। शुरुआत में इटावा की कचहरी में कुछ समय टाइपिस्ट का काम किया उसके बाद सिनेमाघर की एक दुकान पर नौकरी की। लम्बी बेकारी के बाद दिल्ली जाकर सफाई विभाग में टाइपिस्ट की नौकरी की। वहां से नौकरी छूट जाने पर कानपुर के डी.ए.वी. कॉलेज में क्लर्की की। हिंदी साहित्य से एम.ए. किया। मेरठ कॉलेज, मेरठ में हिंदी प्रवक्ता के पद पर कुछ समय तक अध्यापन कार्य भी किया किन्तु कॉलेज प्रशासन द्वारा उन पर कक्षाएं न लेने व रोमांस करने के आरोप लगाए गए जिससे कुपित होकर नीरज ने स्वयं ही नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। उसके बाद वे अलीगढ़ के धर्म समाज कॉलेज में हिंदी विभाग के प्राध्यापक नियुक्त हो गये और मैरिस रोड जनकपुरी अलीगढ़ में स्थायी आवास बनाकर रहने लगे। कवि सम्मेलनों में अपार लोकप्रियता के चलते नीरज को बंबई के फिल्म जगत ने गीतकार के रूप में नई उमर की नई फसल के गीत लिखने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। पहली ही फ़िल्म में उनके लिखे कुछ गीत जैसे कारवां गुजर गया गुबार देखते रहे और देखती ही रहो आज दर्पण न तुम, प्यार का यह मुहूरत निकल जाएगा बेहद लोकप्रिय हुए।

### संभावना-2025/करियर

# इंटर डिसिप्लिनरी करियर का बढ़ेगा दबदबा

नरेंद्र कुमार

साल 2025 में करियर के क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे, उनमें एक इंटर डिसिप्लिनरी करियर ऑप्शन की तेजी से मांग होगी। मसलन डेटा$डिजाइन यह डेटा एनालिटिक्स और क्रिएटिव डिजाइन का एक ऐसा संगम होगा, जो आने वाले साल में संभावनाओं के कहीं ज्यादा उर्वर दरवाजे खोलेगा। इसी तरह टैक्नोलॉजी$फाइनेंस यह फिनटेक (जैसे डिजिटल पैमेंट, क्रिप्टो) आदि में करियर के नए और मजबूत रास्ते खोलेगा। क्योंकि पूरी दुनिया में इंटर डिसिप्लिनरी ऑप्शन तेजी से बढ़ रहे हैं। दरअसल आधुनिक उद्योग और समाज की समस्याओं को सुलझाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। इंटर डिसिप्लिनरी करियर ऑप्शंस यही काम करने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि ये फ्यूजन करियर कई पारंपरिक बंधनों को तोड़कर बिल्कुल नए क्षेत्रों की संरचनाएं प्रस्तुत कर रहे

- इमेज

इस कारण ये अधिक प्रभावशाली और नए समाधान निकालते दिख रहे हैं। विशेषज्ञों के विभिन्न अनुमानों को सार संक्षेप के रूप में जानें कि नये साल में यह क्षेत्र किस तरह महत्वपूर्ण करियर के क्षेत्र के रूप में उभरेगा।

**मिलेगा जटिल समस्याओं का समाधान**

इंटर डिसिप्लिनरी करियर की बदौलत मौजूदा समाज और उद्योग की कई जटिल समस्याओं का हल इस बहुआयामी मिश्रित करियर्स में मिलेगा। जैसे क्लाइमेंट चेंज, हेल्थ केयर इनोवेशन और डेटा सिक्युरिटी। इन सभी समस्याओं को हल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का समावेश आवश्यक है। उदाहरण के लिए क्लाइमेट चेंज कंसलटेंट्स को पर्यावरण विज्ञान, नीति निर्माण और टेक्नोलॉजी की समझ होगी तो वह बहुत आसानी से क्लाइमेट चेंज का हल निकाल पायेगा। अगर वह पारंपरिक किसी क्षेत्र विशेष में ही लकीर का फकीर होगा, तो इस जटिल समस्या का उसके पास हल बमुश्किल ही निकलेगा।

**टेक्नोलॉजी और इनोवेशन**

नई टेक्नोलॉजी जैसे एआई, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डाटा, ये विभिन्न पारंपरिक क्षेत्रों जैसे हेल्थ केयर और फाइनेंस में एक साथ उपयोग किए जाएंगे। इसलिए इस क्षेत्र में इंटर डिसिप्लिनरी स्किल्स की मांग अवश्यंभावी होगी। उदाहरण के लिए बायो इनफोर्मेटिक्स विशेषज्ञ को बायोलॉजी और डाटा एनालिटिक्स का ज्ञान भविष्य में बहुत जरूरी होगा, तभी वह नई जरूरतों के मुताबिक अनुकूल होगा।

**शोध क्षेत्र का विस्तार**

अभी तक हमारा काम शोध पर बिना ज्यादा कुछ निजी खर्च किए भी चलता रहा है, लेकिन अब नहीं चलेगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगी। इसलिए आने वाले समय में भारत की प्रमुख यूनिवर्सिटीज और शोध संस्थान भी इंटर डिसिप्लिनरी कोर्स और रिसर्च पर जोर देंगे। आईआईटीज, आईआईएससी और एनआईडी जैसे संस्थान डिजाइन, डेटा और टेक्नोलॉजी को जोड़कर नये कोर्स तैयार कर रहे हैं; क्योंकि भविष्य में ये कोर्स शिक्षा और शोध के विस्तार के लिए जरूरी होंगे।

कंपनियों को चाहिए नए प्रोफेशनल्स आने वाले साल में और उसके बाद भारतीय कारपोरेट का चेहरा व्यापक रूप से बदल रहा है। कंपनियों को ऐसे पेशेवरों की जरूरत होगी, जो न सिर्फ विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी रखते हों बल्कि बहुत उपयोगी तरीके से उनका आपस में संयोजन कर सकें। जैसे- फिनटेक कंपनियों को ऐसे प्रोफेशनल्स चाहिए होंगे, जो वित्त और कोडिंग दोनो ही क्षेत्रों में माहिर हों।

**प्रमुख इंटर डिसिप्लिनरी कोर्स**

डेटा$डिजाइन इंटर डिसिप्लिनरी दुनिया का प्रमुख कोर्स होगा, जिसमें भविष्य के लिए डेटा विजुअलाइजेशन एक्सपर्ट और यूएक्स डिजाइनर निकलेंगे। दरअसल कंपनियां डेटा-ड्रिवन निर्णय लेने के लिए विजुअल इंटरफेस और डेटा स्टोरी टैलेंट को महत्व देंगी।

**टेक्नोलॉजी$हेल्थ केयर**

हेल्थ केयर के क्षेत्र में ऐसे प्रोफेशनल्स की भविष्य में जरूरत होगी, जो एआई इंजीनियरिंग और बायोइंफॉर्मेटिक्स के विशेषज्ञ हों। क्योंकि व्यक्तिगत चिकित्सा और हेल्थ टेक्नोलॉजी में निवेश आने वाले दिनों में काफी ज्यादा बढ़ेगा और यह क्षेत्र करियर के लिहाज से बहुत ज्यादा और चमकदार नौकरियां देने वाला होगा।

**कंप्यूटर साइंस$फाइनेंस**

भविष्य में ऐसे क्रिप्टो करंसी विशेषज्ञ और ब्लॉक चेन डेवलपर की जरूरत पड़ेगी, जो कंप्यूटर साइंस और फाइनेंस दोनो में ही माहिर हों। क्योंकि डिजिटल बैंकिंग और ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी में इंटर डिसिप्लिनरी पेशेवरों की भारी मांग होने वाली है।

**क्लाइमेड साइंस$पॉलिसी मेकिंग**

भविष्य के पर्यावरण नीति विशेषज्ञ और सस्टेनेबलिटी एनालिस्ट, हरित ऊर्जा और क्लाइमेंट चेंज एडॉप्शन में नये और प्रासंगिक करियर की नींव रखेंगे, जिसके लिए क्लाइमेड साइंस के साथ पॉलिसी मेकिंग की भी समझ होनी जरूरी होगी।

**एग्रीकल्चर$टेक्नोलॉजी**

साल 2025 में बड़े पैमाने पर कृषि के क्षेत्र में ड्रोन फॉर्मिंग एक्सपर्ट और हाइड्रोपोनिक्स कंसलेंटेंट्स की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि भविष्य की टिकाऊ और स्मार्ट खेती के लिए एग्रीकल्चर सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र होगा और इसके लिए इंटर डिसिप्लिनरी क्षेत्र से ही एक्सपर्ट निकलेंगे, जिनको एग्रीकल्चर के साथ साथ टेक्नोलॉजी की भरपूर समझ होगी। इस तरह साल 2025 और उसके बाद इंटर डिसिप्लिनरी करियर से किसी भी करियर एस्पेरेंट को नवाचार के अवसरों की ओर बढ़ना होगा, तभी उन्हें उच्च वेतन और आसानी से नौकरी मिल सकेगी। साथ ही ये करियर विकल्प इंसान को आज के रोबोटिक पेशेवरों के मुकाबले कहीं ज्यादा संवेदनशील और लचीली सोच वाले पेशेवर बनाने में भी भूमिका निभाएंगे।

**इसके लिए कैसे करें तैयारी**

सबसे पहले हाइब्रिड स्किल्स पर ध्यान दें। प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिटिक्स और कम्युनिकेशन जैसे स्किल्स को अपनी खूबियों में जोड़ें।

अगर आपको डिजिटल हेल्थ सेक्टर में नौकरी मिलती है, तो इसमें न तो सिर्फ हेल्थ क्षेत्र की जानकारी से काम चलेगा और न ही सिर्फ डिजिटल की जानकारी से काम बनेगा बल्कि दोनों ही क्षेत्रों की जानकारियां जरूरी हैं। ठीक इसी तरह आईआईएससी में सस्टेनेबल एनर्जी जैसे कोर्स करने जरूरी होंगे, तभी आसानी से नौकरी मिलेगी। इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स में भागीदार बनकर भविष्य के लिए उपयोगी प्रोफेशनल्स बन सकते हैं। इसलिए साल 2025 में जितना महत्व अपनी अकादमिक शिक्षा को दें।

## गीता सार



**प्रकृतेर्गुणसम्मूढ़ाः सज्जन्ते गुणकर्मसु ।**
**तानकृत्स्नविदो मंदान्कृत्स्नविन्न विचालयेत्॥**

**भावार्थ :**

माया के प्रभाव से मोह-ग्रस्त हुए मनुष्य सांसारिक कर्मों के प्रति आसक्त होकर कर्म में लग जाते हैं, अतः पूर्ण ज्ञानी मनुष्य को चाहिये कि वह उन मंद-बुद्धि (सकाम-कर्मी) वालों को विचलित न करे।

## बोले तो...



मैं तो दिल्ली वालों को 'आयुष्मान भारत' योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

- नरेंद्र मोदी



दिल्ली वायु प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से बहुत परेशान है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सड़क निर्माण मंत्रालय ने दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करने और भीड़भाड़ कम करने कई परियोजनाएं शुरू की हैं। नई परियोजनाओं से दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

- नितिन गडकरी



मुझे ऐसा लगता है कि भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाएगा। रोहित मेलबर्न में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल चुके हैं। डब्ल्यूटीसी का अगला चक्र इंग्लैंड सीरीज से शुरू होगा, इसलिए वे किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश करेंगे जो 2027 तक सक्रिय रहे।

- सुनील गावस्कर

## कुछ अलग | अजब गजब

# मरने के 11 साल बाद सपने में आकर पति ने किया प्रेग्नेंट, महिला के अजीब दावे का वीडियो

आज के दौर में हम अक्सर ऐसी घटनाओं से दो-चार होते हैं, जो विज्ञान की हदों को चुनौती देती हैं और हमें सोचने पर मजबूर कर देती हैं। फिलहाल, ऐसे ही एक मामले ने नेटिजन्स को चौंका दिया है, जहां वायरल वीडियो में एक महिला अजीब दावा करते हुए कहती है कि उसने अपने पति की मौत के सालों बाद एक बच्चे को जन्म दिया है। महिला का कहना है कि पति अक्सर उसके सपने में आया करता था, इसलिए वह प्रेग्नेंट हो गई। सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहे इस वीडियो में महिला बताती है कि उसके पति की 11 साल पहले मौत हो चुकी है। लेकिन वह अक्सर उसके सपनों में आया करता है, जिसकी वजह से वह प्रेग्नेंट हो गई। वीडियो में आप



देखेंगे कि जब महिला से उसके बच्चे के पिता के बारे में पूछा जाता है, तो वह कहती है कि बच्चा उसके दिवंगत पति का है। हालांकि, इस दावे को गलत माना गया है। अपने ऊटपटांग दावे के कारण यह महिला सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रही है। कुछ लोगों ने डीएनए टेस्ट की मांग की है, तो अधिकांश लोगों ने मजाकिया टिप्पणी की है। एक यूजर ने कमेंट किया, ऐसा सिर्फ भारत में ही देखने को मिल सकता है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी महिला ने अपने पति की मौत के महीनों बाद गर्भवती होने का दावा किया है। इससे पहले अमेरिका के फ्लोरिडा में मैरी कुल्हमन नाम की एक महिला ने वाटर स्कीइंग हादसे में पति की मौत के नौ महीने बाद एक बच्चे को जन्म दिया था। वहीं, ब्रिटेन में एस्टर बाथर्स ने पति की मौत के दो साल बाद आईवीएफ के जरिए प्रेग्नेंट होने की बात कही थी। हालांकि, ये दोनों ही मामले तर्कसंगत लगते हैं। क्योंकि, मैरी पति की मौत से कुछ समय पहले गर्भवती हुई होगी।

## पाठक पाती

### विवादों में उलझता कांग्रेस का भविष्य

विवादों में उलझी कांग्रेस के लगातार फजीते हो रहे हैं। दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि तक कई तल्ख टिप्पणियां सामने आई है। पार्टी में रहते नेताओं की पूछ परख न करने, पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को पार्टी मुख्यालय न ले जाने और अंत्येष्टि दिल्ली में नहीं करने तथा पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उचित सम्मान नहीं देने जैसे मामलों से विवाद में घिरी कांग्रेस पर आरोप सरदार पटेल की अंत्येष्टि में मंत्रियों को जाने से रोके जाने तक पहुंच गए हैं। सरकार पर हमलावर कांग्रेस अब खुद बैक फुट पर है। खुद की बगल में झांके बगैर दूसरों पर आरोप लगाने पर आमादा कांग्रेस मनमोहन सिंह के स्मारक निर्माण को लेकर केंद्र सरकार से जा भिड़ी थी जबकि केंद्र द्वारा राजकीय सम्मान के साथ मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि से समझा जा सकता है कि उसकी नियत में क्या है? फिजूल में विवाद घोलती कांग्रेस को पता नहीं था कि इसका हश्र क्या होगा?

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# असफलता जीवन में बहुत कुछ सिखाती है, नया सोचें, बड़े सपने देखें : सुराणा

## कैरियर काउंसलिंग संवाद में जिला कलेक्टर ने कॉलेज की छात्राओं को दिए सफलता के टिप्स, साझा किए अपने संस्मरण, बालिकाओं की जिज्ञासाओं का किया समाधान

### बालिकाओं की जिज्ञासाओं का किया समाधान, प्रश्नोत्तरी विजेताओं को दिए उपहार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महिला अधिकारिता विभाग के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में मरु उड़ान कार्यक्रम अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित लोहिया कॉलेज में शुक्रवार को आईक्यूएसी एवं साहित्यिक समिति के सहयोग से हुए कैरियर काउंसलिंग संवाद में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कॉलेज की छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए। इस मौके पर उन्होंने बालिकाओं से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बालिकाओं से बातचीत करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने अपने जीवन और यूपीएससी परीक्षा पास करने से जुड़े अनुभव-संस्मरण साझा किए और कहा कि बालिकाएं अपनी सोच को विस्तार दें, कुछ नया और बड़ा सोचें। बड़ा लक्ष्य रखें और उसके लिए सीढ़ी दर सीढ़ी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की परिस्थिति, उसके अनुभव, उसके संघर्ष और उसकी कहानी अलग होती है लेकिन व्यक्ति की सोच और मेहनत से हर मुश्किल का समाधान निकलता है। उन्होंने कहा कि असफलता व्यक्ति को सफलता से अधिक सिखाती है। असफल होने पर डिप्रेशन में नहीं आएं, दुबारा नए सिरे से खुद को तैयार कर प्रयास करें। अपने आप को लगातार बेहतर बनाने के लिए योग, फिजिकल एक्टिविटी, किताबों को सहारा लें। नियति भी उन्हीं की मदद करती है, जो खुद की मदद करते हैं। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि अपनी मेहनत से सफल होकर दिखाएं और समाज की दूसरी बालिकाओं के लिए रोल मॉडल बनें। कॉलेज प्राचार्य डॉ मंजु शर्मा ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं लेकिन जरूरत इस बात की है कि बालिका सशक्तिकरण की यह सोच अंतिम छोर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के बिना विकसित समाज की कल्पना ही बेमानी है। विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए दायरों का विस्तार जरूरी है। उन्होंने बताया कि बालिकाएं समाचार पत्र पढ़ने को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने लक्ष्य के लिए एकाग्र होकर प्रयास करें। महिला अधिकारिता विभाग के संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बालिकाओं के विभिन्न समूह बनाकर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में काली बाई भील दल प्रथम, कल्पना चावला दल द्वितीय व महारानी लक्ष्मीबाई दल तीसरे स्थान पर रहा। प्रो. सरोज हारित व रूपा शेखावत ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ रविंद्र बुडानिया ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन संजु झाझड़िया ने किया। इस दौरान डॉ सुरेंद्र डी सोनी, डॉ हेमंत मंगल, अरविंद शर्मा, डॉ मूलचंद, महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर कृष्णा, संगीता, शकुंतला, ज्ञान प्रकाश गोदारा, पूनम चौहान, लोहिया कॉलेज के डॉ सुमेर सिंह, विनीत ढाका, लालचंद चाहर, उर्मिला फगेड़िया, सुचित्रा मांझू, डॉ रेणु, विनीता पारीक, आशीष शर्मा सहित अधिकारी, कॉलेज शिक्षक, कार्मिक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# हिन्दी कविता पर परिसंवाद एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

### तमाम प्रार्थनाएं रह गई अनुत्तरित, कल्पनाएं भाप बनकर उड़ गई : शैलेंद्र चौहान



**चूरू।** राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति द्वारा हिन्दी कविता पर परिसंवाद एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिसंवाद में आमंत्रित जयपुर के कवि शैलेन्द्र चौहान ने अपनी रचनात्मक और सर्जनात्मक प्रविधियों को साझा करते हुए कहा कि परम्पराएं परिवर्तनशील होती हैं, रूढ़ नहीं रहती। समय के साथ होने वाले इस परिवर्तन में ही सामाजिक कल्याण का मार्ग छिपा होता है। कविता के सौंदर्य और शिल्प पर अभिमत रखते हुए उन्होंने कहा कि कवि द्वारा कविता जिसके लिए लिखी जाती है या जिस उद्देश्य से लिखी जानी होती है, उन्हें उस कविता का भाव पक्ष समझ में आना चाहिए। परिसंवाद में नव-सृजित कविता ईश्वर की चौखट पर का वाचन करते हुए चौहान ने कहा कि ' तमाम प्रार्थनाएं रह गई अनुत्तरित, कल्पनाएं भाप बनकर उड़ गई।' उन्होंने सुंगन्ध, दक्षिण की यात्रा, ईश्वर की चौखट, दया, संकुचन व नौ रुपये चालीस पैसे कविताएं साझा की। परिसंवाद में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए राजस्थानी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष कवि श्याम महर्षि ने कहा कि कविता में रूढ़ परम्पराओं का होना आम आदमी की बात है। परम्पराएं बदलती रहती है। परिवर्तन के इस दौर में रोम, मिश्र, चीन की सभ्यताएं नष्ट हुई है, परन्तु भारतीय संस्कृति आज भी जीवंत और जीवित है। चर्चा में भाग लेंते हुए भाषाविद साहित्यकार डॉ.मदन सैनी ने कहा कि कविता मनुष्य के भावों को व्यक्त करती है। कविताओं के माध्यम से कवि अपने भावों का गान करता है। डॉ.महावीर पंवार ने भी विचार व्यक्त किये। ख्याति नाम साहित्यकार सत्यदीप भोजक के संयोजन में आयोजित परिसंवाद में बजरंग शर्मा, सत्यनारायण योगी, रामचंद्र राठी, मनीष सैनी, तुलसीराम चोरड़िया, विजय महर्षि डॉ.विनोद सुथार, डॉ.राजेश सेवग सहित कई विद्वानों ने सहभागिता की।

# बैंक अधिकारियों ने किया पौधारोपण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 13 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रधान कार्यालय अजमेर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाए जाने के उद्देश्य से इस वर्ष के लिए अंगीकृत थीम सेव अर्थ फॉर बैटर टूमारो के तहत स्कूली विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। फिनाले में बैंक के 12 क्षेत्रीय कार्यालयों में पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण के विजेता विद्यार्थियों के मध्य फाइनल आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में चूरू से लक्ष्या राठौड़ तृतीय स्थान पर रही। बैंक की तरफ से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष में क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट परिसर, आपणी योजना में फूलदार पौधे लगाकर सोन्दर्यकरण किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अमर सिंह व बैंक के मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र कुमार दरगड़ ने पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में श्रीकान्त गिरी, सुधीर गोदारा, संजय नायक, मुकेश कुमार आदि सहयोगी भूमिका निभाई।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वाहन चालकों के बीच फूल लेकर की समझाइश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग व यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को वाहन चालकों के बीच फूल लेकर समझाइए की गई। इस अवसर पर बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को तथा सीट बेल्ट न लगाने वाले चार पहिया वाहन चालकों को गुलाब बाग ट्रेफिक पॉइंट पर रोक कर उन्हें गुलाब का फूल देकर उनसे आग्रह किया गया कि वह यातायात नियमों की पालना करें और अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान करें। परिवहन निरीक्षक सूरजभान ने कहा कि आपके पीछे आपका पूरा परिवार आपका इंतजार कर रहा है इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। जिला यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल ने कहा कि सर्दी के समय कोहरा अधिक पढ़ने के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है इसलिए जरूरत पड़ने पर ही घर से निकले और वाहनों पर अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्ट का उपयोग करें उन्होंने कहा कि यातायात नियम आपकी सुरक्षा के लिए है इसलिए यातायात नियमों का पालन करें। सड़क दुर्घटनाओं में अकाल मृत्यु की दर को जागरूकता के माध्यम से काम किया जा सकता है इसलिए युवा वर्ग खास तौर पर यातायात नियमों को अपने जीवन में धारण कर उनकी पालन करें।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025**

# कार्मिकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए पाबंद करेंगे विभागाध्यक्ष

### सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला कलक्टर ने जारी किए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए निर्देशित करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालकों में जान-माल की क्षति अधिक होती है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसके तहत 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। जिला कलक्टर ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए पाबंद करें। बिना हेलमेट वाहन चालकों को कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाये साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया जाये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी के प्रयासों से ही सड़क दुघर्टनाओं में कमी के साथ जान-माल में कमी लाई जा सकेगी और 'सड़क सुरक्षा जन जाग्रति अभियान' को सफल बनाया जा सकेगा।

# गोपालपुरा सरपंच सविता राठी ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सुजानगढ़ की गोपालपुरा पंचायत की सरपंच सविता राठी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलक्टर को गोपालपुरा गांव के तालाब को बचाने के लिए व बहाव क्षेत्र में खनन विभाग की ओर से लीजों के आवेदन स्वीकार नहीं करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। सरपंच सविता राठी ने बताया कि पूर्व में सुजानगढ़ के एडीएम को इसके लिए ज्ञापन दिया गया था। जिसके लिए खनिज विभाग, राजस्व व पंचायतीराज की संयुक्त कमेटी बनाकर दिए गए प्रतिवेदन में अंकित पहाड़ो से बरसाती पानी की नदी नाले, मंदिर, स्कूल, अस्पताल आदि के लिए जांच रिर्पोट बनाने के लिए आदेशित किया गया। लेकिन ग्रामीणों में पूर्व सरपंच रूपाराम खीचड़, भागु सिंह, भागीरथ मेघवाल, श्यामाराम आदि ने बताया कि संयुक्त रिर्पोट बनाने आई टीम ने पक्षपात रवैया अपना कर लीज आवेदनकर्ताओं के पक्ष में रिर्पोट बनानी चाहि। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। हनुमानाराम ने बताया कि गोपालपुरा के 90 प्रतिशत खेतीहार मजदूर ग्रामीण है। जिनका पशुधन तालाब पर निर्भर करता करता है। यदि यहां पर खानें बन जाती है तो तालाब सूखने की नौबत आयेगी। पूर्व पंच डालीबाई ने कहा कि पंचायत की ओर से लगातार गोचर, तालाब व पहाड़ बचाने का संघर्ष जारी है। सरपंच राठी ने बताया कि गोपालपुरा के ग्रामीणों की वजह से ही जिले में एकमात्र गोपालपुरा में पहाड़ बच पाए है। यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। प्रशासन से मांग है कि बहाव क्षेत्रों में चेजा पत्थर की लीजों को स्वीकृत नहीं की जाए। इस मौके पर ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच गोपाल, भींवराम प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, भागु सिंह, गंगा सिंह, बजरंग नाईक, मनोज नायक, भागीरथ मेघवाल, खेताराम मेघवालख्बाबुलाल मघ्वाल, बजरंग मेघवाल, रमेश मेघवाल, मनोज मेघवाल, रामुदेवी माली, सन्तोष जाट, संतुदेवी नायक, पताशी प्रजापत, आचूड़ी देवी, खेतु देवी, बसन्ती व दूर्गा देवी आदि ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# हेल्थ केयर व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ऑन जॉब ट्रेनिंग के 9 वे दिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के विद्यार्थियों ने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के तत्वाधान में आयोजित हेल्थ केयर व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कस्बे के आयुष्मान मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में 9 वें दिन विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। अस्पताल संचालक जय प्रकाश कलाल ने हैल्थ केयर सेक्टर में अध्ययनरत विधार्थियो का हॉस्पिटल में स्वागत किया व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के क्रम में आज छात्रों ने आयुष्मान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, राजगढ़ का भ्रमण किया। जहां डॉ अलकेश कुमार ने छात्रों को ऑपरेशन थिएटर का अवलोकन करवाया। ऑपरेशन थिएटर में जीवन रक्षक उपकरणों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान करवाया साथ ही वहां भर्ती रोगियों की छात्राओं के द्वारा ब्लड प्रेशर हार्टबीट, पल्स रेट, अस्थि रोग विशेषज्ञ के द्वारा जोड़ों से संबंधित समस्याओं के लिए विभिन्न एक्सरसाइज का प्रैक्टिकल ज्ञान दिया गया। हार्टबीट, पल्स रेट, टीबी जैसे पीलिया, दस्त संक्रामक रोग से बचाव के उपाय, थायराइड जनित बीमारियों, थायरोक्सिन, पिंटु रस, हारमोंस, युवावस्था में छात्र-छात्राओं के शरीर में होने वाले परिवर्तनों के बारे में गहनता से जानकारी दी गई। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बीपी व शुगर की दवाईयां का आयु के अनुसार नियमित सेवन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी श्री विजय कुमार वर्मा ने छात्रों आपातकाल आईसीयू, आईसीयू में जीवन रक्षक उपकरणों यथा वेंटीलेटर, ऑक्सीजन आपूर्ति प्रणाली, बीपी हार्ट बीट के मॉनिटर, ईसीजी मशीन की कार्य प्रणाली, ऑक्सोमीटर उपकरणों के बारे में बताया।

# स्व. मिंटू प्रजापत की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



### 273 लोगों ने किया रक्तदान, रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**सादुलपुर।** तारानगर के निकटवर्ती गांव गोगटिया चारनान में स्व. मिंटू प्रजापत की पुण्य स्मृति में समस्त ग्रामवासियों की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महात्मा डेरा के महंत कृष्ण गिरी व स्वामी रतनदास द्वारा किया गया शिविर का उद्धघाटन किया गया। शिविर में कुल 273 रक्तदाताओं ने खूनदान किया। चूरू के भरतिया अस्पताल की ब्लड बैंक, जयपुर ब्लड बैंक की टीमों ने सेवाएं दी। गोगटिया चारणान सहित आसपास के गांव के रक्तदाताओं ने बड़ी उत्साह के साथ शिविर में भाग लिया। आयोजनकर्ताओं की तरफ से रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया गया। इस मोके पर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी रहे युवा भाजपा नेता राकेश जांगिड़, प्रेमचंद बागोरिया, बनवारीलाल प्रजापत, दिनेश प्रजापत, नरेन्द्र प्रजापत, पत्रकार उमाशंकर शर्मा, पत्रकार बुधराम वर्मा,गोरी शंकर प्रजापत, रामचंद्र प्रजापत, पार्षद नरेश सैनी, छगन लाल प्रजापत सहित काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जनसमुदाय को शीतलहर से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने अत्यधिक शीत के प्रकोप को देखते हुए शीत घात से जनसमुदाय के बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि पाला, शीतलहर से बचाव, जन जागरूकता एवं आवश्यक प्रबंधन हेतु जिला एवं उपखण्ड स्तर पर विभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी एडवायजरी में बताया गया है कि शीतलहर को देखते हुए सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें, कपड़े की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपाताकालीन आपूर्तियों के लिये सभी सामान तैयार रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे अंगुलियों, पैर की अंगुलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें, शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें, कंपकंपी को नजरअंदाज न करें यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटे।

**शीतलहर के दौरान क्या करें :** जितना संभव हो घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें, अपने शरीर को सुखाकर रखें, यदि कपड़े गीले हो जाये तो उन्हें तुरन्त बदलें। इससे शरीर की ऊष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं, बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें।

**हाइपोथर्मिया के मामले में क्या करें :** व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जायें और कपड़े बदल दें। व्यक्ति के शरीर को सूखे कंबलों, कपड़ों, तौलियों या चादरों से गर्मी दें। शरीर के तापमान के बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलाएं, लेकिन मादक पेय न दें। जितनी जल्दी हो सके व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध करायें।

### सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 11 जनवरी तक बच्चों की रहेगी छुट्टी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में जारी शीतलहर से बच्चों को राहत प्रदान करने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 जनवरी से 11 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यथावत आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित रहेंगी, साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दिया जाने वाला नाश्ता और गर्म पूरक पोषाहार टेक होम राशन के रूप में दिया जाएगा और उसकी एंट्री नियमित रूप से पोषण ट्रैकर पर सुनिश्चित की जाएगी।

### खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सक्षम व्यक्तियों को किया जाएगा चिन्हित

27 रुपये किलो के हिसाब से होगी राशन के गेहूं की रिकवरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सक्षम व्यक्तियों को चिन्हित कर राशन में उठाए गए गेहूं की वसूली की जायेगी। यह वसूली 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से की जायेगी एवं 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने वाले व्यक्तियों को राहत दी जायेगी। रसद विभाग द्वारा 31 जनवरी 2025 के बाद गिव-अप अभियान के तहत वसूली की जायेगी। जिला रसद अधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्ति को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए 31 जनवरी तक गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यदि सक्षम व्यक्ति अपना नाम योजना से नहीं हटवाते हैं तो कानूनी कार्यवाही की जायेगी एवं उठाए गए गेहूं की 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जायेगी। जिले में अब तक कुल 150 व्यक्तियों ने गिव-अप योजना में आवेदन कर अपने नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से पृथक करा लिये हैं। इन व्यक्तियों से वसूली की कार्यवाही नहीं की जायेगी।

### विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** 220 के. वी. जी. एस. एस. धौलपुर पर 132 के. वी. जी. एस. एस. सागर पाड़ा की लाइन को 132 के. वी. की मेनबस फर्स्ट, सेकंड एंड औक्स्लेरी बस से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। अधिशाषी अभियन्ता एम. के. शर्मा ने बताया कि कार्य के दौरान 5 जनवरी को 132 के. वी. जी. एस. एस. रीको, मनिया, मरेना, राजाखेड़ा, रूपवास, जरौली, उम्मेदीनगर से निकलने वाले समस्त 33 के वी फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक एवं 33 के. वी. सैंपऊ, बसईनबाब, डांगबसई, सरानीखेडा की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक बाधित रहेगी।

### 10 जनवरी तक कराएं पेंशन सत्यापन, बिना सत्यापन अटकेंगी पेंशन सहायता राशि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** समाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत सम्मिलित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय नि:षक्त पेंषन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंषन योजना, राजस्थान सामाजिक सुरक्षा लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विषेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजनान्तर्गत जिले के कुल 43959 लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन बकाया है। जिला परिवीक्षा एंव समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक बाड़ी में 9102, ब्लॉक बसेड़ी में 5597, ब्लॉक धौलपुर में 9910, ब्लॉक राजाखेड़ा में 7 हजार 672, ब्लॉक सरमथुरा में 8 हजार 590 एवं ब्लॉक सैंपऊ में 3 हजार 170 लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन बकाया है। उन्होंने बताया कि समाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी वार्षिक सत्यापन ई-मित्र केन्द्र अथवा ई-मित्र कियोस्क-बॉयोमैट्रिक के माध्यम से, एन्ड्रॉइड मोबाईल ऐप के माध्यम से एवं संबधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के द्वारा लाभार्थी के आधार से जुड़े मोबाईल पर ओटीपी इत्यादि के माध्यम से करा सकते हैं।

### सहायक आचार्य अपूर्वा शर्मा को मिली पीएचडी उपाधि

**चूरू।** राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू में कार्यरत सहायक आचार्य अपूर्वा शर्मा को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से विधि विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है । इन्होंने ट्रांसजेंडर अधिकार- एक सामाजिक-वैधानिक चुनौतीरू अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन और विकसित देशों के सन्दर्भ में आलोचनात्मक अध्ययन विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि विभाग में कार्यरत प्रो. (डॉ.) गोविन्द सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में अपना शोध कार्य संपन्न किया। सफलता की इस शृंखला में पूर्व में भी इन्होंने कॉलेज व्याख्याता (विधि) भर्ती परीक्षा 2020 में सम्पूर्ण राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजनों एवं मित्रों एवं साथी संकाय सदस्यों को दिया। विदित है इनका परिवार भी उच्च शिक्षा से जुड़ा है। इनकी माता डॉ. लीलावती शर्मा ने राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में भी व्याख्याता पद पर अपनी सेवाएं दी और श्री कल्याण महाविद्यालय, सीकर से प्राचार्य पद से एवं पिता गणेश कुमार शर्मा राजस्थान सरकार में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद से सेवानिवृत हुए है। इनकी इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।



# उत्कर्ष कोचिंग में नहीं मिला स्टूडेंट-फीस का रिकॉर्ड

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्थान की उत्कर्ष कोचिंग पर दूसरे दिन शुक्रवार (3 जनवरी) को भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। गुरुवार को जोधपुर, जयपुर, प्रयागराज और इंदौर में टीम ने रेड डाली थी, जो देर रात तक चली। शुक्रवार को जोधपुर के 14 और जयपुर, प्रयागराज और इंदौर के एक-एक ठिकानों पर सर्च चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उत्कर्ष कोचिंग और फिजिक्स वाला के बीच हुई 800 करोड़ की डील में टैक्स चोरी के लिए करोड़ों रुपए का लेन-देन कैश में किया गया। इसकी शिकायत डिपार्टमेंट को मिल गई थी, जिसके बाद ये कार्रवाई हुई। सर्च में टीम को बच्चों की फीस और किस कोर्स में कितने स्टूडेंट है, इसका रिकॉर्ड नहीं मिला है। टीम की ओर से डिजिटल सबूत के तौर पर यहां मिले रिकॉर्ड की क्लोनिंग भी की है। विभाग की डेढ़ दर्जन टीमों में तीन राज्यों में 19 ठिकानों पर गुरुवार को छापे मारे थे। सूत्रों के मुताबिक फिजिक्स वाला और उत्कर्ष की कुछ महीनों पहले हुई डील के बाद ये मामला रडार पर आया था। आयकर विभाग को ऐसी शिकायतें मिली कि फिजिक्स वाला के साथ शेयर डील में उत्कर्ष कोचिंग संचालक ने बड़ा घपला किया है। 800 करोड़ से अधिक की इस डील में बड़े पैमाने पर अघोषित लेन-देन शामिल है। आयकर विभाग को इस डील की जानकारी मिली तो उसने डॉक्युमेंट खंगाले। विभाग के हाथ लगे डॉक्युमेंट में करोड़ों रुपए का घोटाला होना साफ हो गया। डील में बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन करना सामने आया है। संचालक की ओर से बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की गई है।

- 800 करोड़ की डील में कैश भी लिया
- आयकर कार्रवाई में नकदी-ज्वेलरी मिली

### छापेमारी में उत्कर्ष के बड़े वेंडर्स शामिल

उत्कर्ष कोचिंग समूह पर छापेमारी में आयकर विभाग की टीम समूह से जुड़े अन्य लोगों और बिजनेसमैन पर भी कार्रवाई कर रही है। इनमें समूह को कंप्यूटर सप्लाई करने वाले हरी एंटरप्राइजेज, प्रिंटिंग का काम करने वाले जैन समूह, उत्कर्ष के अकाउंटिंग विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले और अन्य मटेरियल सप्लाई करने वाले बड़े वेंडर्स पर भी कार्रवाई की है।

### आईपीओ की तैयारियों पर असर की आशंका

सूत्रों के अनुसार फिजिक्स वाला-उत्कर्ष डील के बाद इसके मालिक आईपीओ लाने की भी तैयारियों में जुटे थे। ऐसे में गुरुवार को हुई आयकर विभाग की कार्रवाई का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष असर भी उन तैयारियों पर पड़ने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। वहीं पिछले कुछ महीने में प्रॉपर्टी से जुड़े बड़े सौदे भी किए गए थे। इनकी भी जानकारी टीम को मिली है।




### बड़ी मात्रा में कब्जे में लिए डॉक्युमेंट

जोधपुर में आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग के जॉइंट डायरेक्टर प्रेरणा चौधरी के निर्देशन में यह कार्रवाई हो रही है। सूत्रों के अनुसार पहले दिन आयकर विभाग की टीमों के फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने उत्कर्ष समूह के बासनी मंडी के सामने स्थित मुख्यालय और कंपनी के निदेशक निर्मल गहलोत के उम्मेद हैरिटेज स्थित बंगले पर बड़ी मात्रा में डिजिटल सबूत जुटाए थे। इन सभी की क्लोनिंग की गई है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार आयकर अधिकारियों की प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि समूह ने बड़ी मात्रा में स्टूडेंट्स से नकद में ली फीस का कोई रिकॉर्ड में नहीं दर्शाया। इतना ही नहीं, समूह के अनगिनत ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेज-कोर्सेज में कुल कितने स्टूडेंट्स है, उनकी संख्या में भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

### बैंक अकाउंट और लॉकर्स की जानकारी जुटाएगी टीम

■ आयकर अधिकारियों ने पहले दिन जुटाए गए डॉक्युमेंट और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिनमें मोबाइल, लैपटॉप, पैन ड्राइव की छानबीन शुरू की है। इसके साथ ही निदेशक के बैंक खातों, लॉकर्स खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी साल 2016 में उत्कर्ष समूह पर आयकर विभाग की कार्रवाई हुई थी।

घायल लेपर्ड ट्रैंकुलाइज, इलाज जारी

# ग्रामीणों ने मारा या भूख-प्यास से थका, करेगी जांच : डीएफओ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर के नयागांव के कनइर्ब स्थित लक्ष्मणपुरा उखेड़ी गांव में एक लेपर्ड घायल हालत में मिला। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लेपर्ड को ट्रैंकुलाइज किया गया। पिंजरे में रखकर उसे खेरवाड़ा लाया गया। लेपर्ड का इलाज जारी है। डीएफओ मुकेश सैनी ने बताया- लेपर्ड भूख-प्यास से थक चुका था। इसका पता डाक्टर की जांच के बाद लग पाएगा। फिलहाल लेपर्ड का इलाज जारी है। डीएफओ ने बताया- लक्ष्मणपुरा उखेड़ी गांव के जंगल में कुछ कालबेलिये क बीले बनाकर रह रहे हैं। करीब पांच दिन पहले एक लेपर्ड इसी क्षेत्र में मृत अवस्था में मिला था। लेपर्ड के शिकार की आशंका को देखते हुए उन्हें वहां से खदेड़कर हटाया जा रहा हैं। हालांकि बिना जांच लेपर्ड की मौत का कारण शिकार होना नहीं कह सकते। हालांकि ऐसी किसी घटना से पहले ही विभाग पूरी तरह सतर्कता बरत रहा है।



### ▸▸ एक साथ दिखे तीन लेपर्ड

उखेड़ी वन क्षेत्र में गुरुवार देर शाम तीन लेपर्ड आने की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया- लेपर्ड ने बुधवार को एक गाय का शिकार किया था। दूसरे दिन गुरुवार को भी दो बकरियों और एक कुत्ते का शिकार कर मारा डाला था। ग्रामीणों ने घेरा डालकर जंगल में से लेपर्ड को भगाने की कोशिश की। इस दौरान दो लेपर्ड भाग गए। सूचना पर वन विभाग एवं पाटिया पुलिस, पहाड़ा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उन्हें एक लेपर्ड घायल अवस्था में मिला, जिसे ट्रैंकुलाइज करके खेरवाड़ा ले जाया गया। इस दौरान वन अधिकारी मोनिका मीणा, सतीश चतुर्वेदी, अशोक जोशी, डीपी शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, वनपाल बहादुर मीणा, सोहन प्रजापत, जितेंद्र देवड़ा, पहाड़ा थाना अधिकारी गणपत सिंह, और कनबई चौकी इंचार्ज श्रवण बिश्नोई भी मौजूद थे।

### बकरी और कुत्ते का किया शिकार

लेपर्ड ने गुरुवार देर रात उखेड़ी गांव के जीवाजी पिता खुमाजी के बाड़े में घुसकर बकरियों पर हमला किया। एक बकरी मृत अवस्था में मिली। वहीं एक कुत्ते का भी शिकार कर लिया। पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाकर लेपर्ड को पकड़ने की मांग की है।

# जोधपुर में बाईपास पर पलटी कार, मेडिकल छात्र घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर के डीपीएस चौराहे के पास हुए सड़क हादसे में घायल एमबीबीएस स्टूडेंट का जोधपुर एम्स में इलाज चल रहा है। छात्रों की कार तेज स्पीड में होने की वजह से पलट गई थी इसकी वजह से पांच छात्र घायल हो गए थे। बता दे की देर रात करीब तीन बजे डीपीएस चौराहे के पास में यह सड़क हादसा हुआ था। जिसमें एमबीबीएस स्टूडेंट की कार पलट गई थी। हादसे के बाद चौपासनी थाना पुलिस और एसीपी छवी शर्मा के नेतृत्व में घायल छात्रों को जोधपुर एम्स के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। यहां पर उनका इलाज चल रहा है। घायल छात्र नमित जैन, अभय, सुधांशु, सुरेंद्र और महेश का इलाज चल रहा है। इधर पुलिस की जांच में सामने आया कि जिस कार में हादसा हुआ वह किसी पुलिसकर्मी के नाम पर रजिस्टर्ड है। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी के बेटे के मित्र कार को मांग कर लेकर गए थे। पाल बाईपास रोड पर देर रात अचानक हादसा हो गया था।

## जैसलमेर आर्मी एरिया में तारों में फंसकर घायल चिंकारा हिरण नहीं बच पाया



**जैसलमेर।** जैसलमेर के आर्मी कैंट में एक मादा चिंकारा हिरण घायल अवस्था में मिला। जानकारी मिलने पर वन्यजीव प्रेमी हरीश चौधरी ने हिरण को रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा। मगर चिंकारा हिरण की जान नहीं बच पाई। हिरण की मौत पर वन्यजीव प्रेमियों ने दुख जताया है। वन विभाग के रेंजर राजकुमार ने बताया- मादा चिंकारा हिरण को आर्मी कैंट से रेस्क्यू कर वन विभाग लाया गया था। मगर हिरण काफी डरा हुआ था। वन विभाग में ही उसने दम तोड़ दिया। हमने मादा चिंकारा हिरण को दफना दिया।

# बाड़मेर : सरकारी टंकियों पर जल-माफिया का कब्जा

- ग्रामीण बोले-घरों में नहीं आता पानी
- विभाग ने पाइप-अन्य सामान किया जब्त



**बाड़मेर।** बालोतरा जिले के बायतु उपखंड में पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। दूसरी तरफ जल माफिया लगातार एक्टिव हैं। सरकारी टंकियों में पानी आते ही ट्रैक्टर लेकर पहुंच जाते हैं। वहां से पानी ट्रैक्टर टंकी भरकर ले जाते हैं और महंगे दामों में बेच देते हैं। गुरुवार को बायतु पंचायत समिति की कोलू ग्राम पंचायत के पाबूसर गांव भैराजी की होदी में पानी पहुंचा। जल-माफिया को भनक लगते ही ट्रैक्टर टंकी लेकर पहुंच गए। मशीनों से पानी भर कर ले गए। इसका वीडियो स्थानीय लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों गांव मे पानी की भारी किल्लत चल रही है। गुरुवार सुबह पाबूसर मे स्थित भैराजी की होदी में थोड़ी देर पानी की सप्लाई होते ही ट्रेक्टर चालकों ने सरकारी होदी से पानी भरना शुरू कर दिया। जिसकी वजह से हमारे घरों तक पानी की सप्लाई नहीं हुई। ग्रामीण चंदणाराम गोदारा ने बताया- टंकी में पानी पहुंचने के बाद गांव मे पानी नहीं आने पर हम लोग टंकी पर आए तो देखा 10-12 ट्रैक्टर चालकों सरकारी पानी मशीनों से भरकर ले जा रहे हैं। कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को कहने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इन जल माफियाओं की ओर से ट्रैक्टर के जरिए पानी भरकर महंगे दामों पर बेच रहे हैं। जिसके कारण आमजन को भारी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। ग्रामीणों ने इन जल माफिया ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ कार्रवाई करके ढाणियों के अंतिम छोर तक पानी सप्लाई सुचारु करवाने की मांग की है। हम एक टंकी 1 हजार रुपए में डलवानी पड़ती है।

# उदयपुर : मिठाई की दुकान और भोजनालय से हटाया अतिक्रमण



- गली में खोद रखा था नलकूप
- सीवरेज लाइन कर रखी थी डैमेज
- नगर निगम की कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर शहर में शुक्रवार को नगर निगम ने सरकारी रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर सामान जब्त किया। रास्ते पर नलकूप खुदवाने से लेकर सीवरेज लाइन को डैमेज करना भी सामने आया है। नगर निगम की टीम शुक्रवार को दोपहर में सूरजपोल स्थित सारंग मार्ग पर पहुंची। इस रोड पर जोधाणा मिष्ठान, जगदीश मिष्ठान भंडार और संतोष दाल बाटी भोजनालय के पीछे की तरफ वहां इन फर्म का सामान पड़ा था। वहां पर छोटी चबूतरी बनाकर रसोई की भट्टी भी बना रखी थी, जिसे टीम ने हटवाया। इससे पहले उन्होंने अपने स्तर पर निर्माण तोड़ दिया।
अधिकारियों ने बताया- सार्वजनिक सड़क के बीच छाया के लिए अस्थायी शेड लगा रखे थे, जो अपने स्तर पर उन्होंने हटाया। बताते है कि जोधाणा स्वीट के वहां पर नलकूप भी गली में खोद रखा था, जिसे बंद किया गया और वहां पर सीवरेज लाइन को भी डैमेज करना पाया गया। निगम की टीम ने वहां पर सभी अतिक्रमण हटाए। सारंग मार्ग से पीछे गली को आखिरी छोर तक पूरा अस्थायी अतिक्रमण हटाकर खोला गया और वहां पड़ा भराव हटाया जा रहा है।
पाबंद किया गया कि आगे अतिक्रमण हुए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना था कि पूरा रास्ता खोला जाए जो सड़क पर आगे मंदिर की तरफ निकलता है। वैसे नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इसका कोई मामला कोर्ट में विचाराधीन है जिस पर पूरा अध्ययन किया जाएगा। टीम में सीआई मांगीलाल डांगी, राजस्व विभाग के विजय जैन, राहुल मीणा और नगर निगम के होमगार्ड साथ थे।

# लेबर इंस्पेक्टर बनकर ठगे रुपए रिफंड करवाए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




- फाइल पास करवाने की एवज में दिया झांसा
- ग्रामीण के खाते से निकाले

**जोधपुर।** साइबर ठगी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। खास तौर पर ग्रामीण लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल ने लेबर इंस्पेक्टर बनाकर फाइल पास करवाने की एवज में ठगे गए 25000 की राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राम मूर्ति जोशी ने बताया- परिवादी राकेश गहलोत निवासी कोसाना ने साइबर पोर्टल पर रिपोर्ट दी थी। बताया कि ठगों ने उसे लेबर इंस्पेक्टर बनकर फाइल पास करवाने का झांसा दिया। उसके खाते से 25000 रुपए निकाल दिए।
इस पर साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से संपर्क कर 25000 की राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। सेल के कांस्टेबल पुखराज और दयाल सिंह ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने आमजन को साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक रहने की अपील की है। इसके अलावा ओटीपी शेयर नहीं करने, लॉटरी कैशबैक के लालच में नहीं आने, अनजान नंबर से प्राप्त होने वाली वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने की सलाह दी है।

# व्यापार जगत



# 5 साल में 23 गुना का रिटर्न, एक्सपर्ट बुलिश

शेयर बाजार में जिन कुछ कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है उसमें से ब्लैक बॉक्स लिमिटेड एक है। कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को पांच साल में 23 गुना रिटर्न दिया है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज का मानना है कि कंपनी के शेयरों की कीमतों में अभी और तेजी देखने को मिलेगी।
ब्रोकरेज हाउस इस स्टॉक को लेकर बुलिश है। शुक्रवार को ब्लैक बॉक्स के शेयरों का भाव बीएसई में करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ दोपहर में 668 रुपए के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।

### शेयर बाजार में कंपनी का पिछला एक साल कैसा रहा?

बीते छह महीने के दौरान ब्लैकबॉक्स के शेयरों की कीमतों में 77 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों को एक साल होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 132 प्रतिशत का लाभ मिला है। कंपनी का 52 वीक हाई 715.80 रुपए और कंपनी का 52 वीक लो लेवल 210.10 रुपए प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 11,239.18 करोड़ रुपए का है। बता दें, दो साल से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 398 प्रतिशत का लाभ मिला है। (यह निवेश की सलाह नहीं है। शेयर बाजार जोखिमों के अधीन है। किसी भी निवेश से पहले सूझ-बूझ के साथ फैसला करें। यहां प्रस्तुत एक्सपर्ट्स के विचार निजी हैं। इस आधार पर लाइव हिन्दुस्तान शेयरों को खरीदने और बेचने की सलाह नहीं देता है।)

### कितना दिया है टारगेट प्राइस?

रिपोर्ट के अनुसार वेंचुरा सिक्योरिटीज ने ब्लैक बॉक्स को लेकर अपने नोट्स में कहा है,"ब्लैक बॉक्स ने 10 प्रतिशत के ईबीआईटीडीए मार्जिन का लक्ष्य तय किया है। हम 9.2 प्रतिशत के ईबीआईटीडीए मार्जिन की उम्मीद कर रहे हैं।" ब्रोकरेज हाउस ने 826 रुपए का टारगेट प्राइस सेट किया है। कंपनी की आर्थिक स्थिति की बात करें अगर तो वित्त वर्ष 2024 में यह 6281.60 करोड़ रुपए रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह वित्त वर्ष 2027 तक 7996 करोड़ रुपए पहुंच जाएगा। कंपनी अपने डाटा सेंटर के प्रोजेक्ट पर और ध्यान केंद्रित करना चाहती है। नॉर्थ अमेरिका और इंडिया के मार्केट में कंपनी ने अपना फोकस बढ़ाने की योजना बनाई है।

# सोने की उड़ान तीसरे दिन जारी

### चांदी और मजबूत

**मुंबई।** इस साल लगातार तीसरे दिन सोना-चांदी के भाव में तेजी बरकरार है। शुक्रवार तीन जनवरी को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना औसतन 390 रुपए महंगा होकर 77469 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी के भाव में 500 रुपए प्रति किलो की उछाल है। चांदी 87667 रुपए प्रति किलो के औसत रेट पर खुली। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए क्या है बता दें इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन 104 साल पुराना एसोसिएशन है। आईबीजेए दिन में दो बार दोपहर और शाम को गोल्ड रेट जारी करता है। ये दरें वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के अनुसार सॉवरेन और बॉन्ड जारी करने के लिए बेंचमार्क दरें हैं। आईबीजेए के 29 राज्यों में कार्यालय हैं और यह सभी सरकारी संस्थाओं का हिस्सा है।



### कैरेट के हिसाब से चेक करें गोल्ड सिल्वर के रेट

सोने की कीमत कैरेट के हिसाब से तय होती है। हम सोना 24 कैरेट और ज्वैलरी 22 कैरेट खरीदते हैं, जिसकी कीमत बहुत कम होती है। अगर आपको 22 कैरेट सोने की कीमत पता करनी है तो 24 कैरेट सोने के भाव में 24 का भाग दें और 22 से गुणा करें इससे आपको 22 कैरेट सोने की कीमत पता चल जाएगी। 23 कैरेट गोल्ड का औसत भाव 389 रुपए महंगा होकर 77159 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 22 कैरेट गोल्ड का भाव भी 358 रुपए चढ़कर 70962 रुपए पर है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 293 रुपए बढ़कर 58102 रुपए पर पहुंच गई है। 14 कैरेट गोल्ड की कीमत भी 223 रुपए तेज होकर 45319 रुपए पर पहुंच गई है।

## बाजार में हाहाकार, शेयर में 20% की तूफानी तेजी

### ▸▸ दो महीने में दोगुना पैसा

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को तेज गिरावट आई है, बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा लुढ़क गया है। हालांकि, इस गिरावट के बीच आईटीआई लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। आईटीआई लिमिटेड के शेयर बीएसई में 20 पर्सेंट की तेजी के साथ 457.25 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। आईटीआई लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को नौ महीने में एक दिन का सबसे बड़ा उछाल आया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 210.20 रुपए है। आईटीआई लिमिटेड के शेयरों में पिछले दो महीने में करीब 107 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयरों ने दो महीने में निवेशकों का पैसा दोगुना से ज्यादा कर दिया है। आईटीआई के शेयर चार नवंबर 2024 को 221.15 रुपए पर थे। कंपनी के शेयर तीन जनवरी को 457.25 रुपए पर जा पहुंचे हैं। पिछले तीन महीने में आईटीआई के शेयरों में 77 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है।

# डीआरडीओ से मिला 1000 करोड़ से ज्यादा का ऑर्डर

### ▸▸ रॉकेट बने कंपनी के शेयर

हाल में बाजार में उतरी कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर शुक्रवार को बीएसई में छह पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 570 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में यह तेजी एक मेगा ऑर्डर मिलने के बाद आई है। शापूरजी पालोनजी ग्रुप की कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर को डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) से 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का ऑर्डर मिला है।

### तीन साल में पूरा किया जाना ऑर्डर

एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है, 'एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ), मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस से एक लेटर ऑफ इंटेंट मिला है। यह ऑर्डर मैरीटाइम थियेटर कमांड (एमटीसी) के आग्मेंटेशन, एसएएफ के क्रिएशन और विशाखापत्तनम में शिप लिफ्ट फैसिलिटी के वर्कशॉप इक्विपमेंट के लिए है।' यह ऑर्डर 1084.54 करोड़ रुपए का है और इसे तीन साल में पूरा किया जाना है। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर को सितंबर तक 19000 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं।



### आईपीओ में 463 रुपए कंपनी के शेयर का दाम

एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 25 अक्टूबर 2024 को खुला था और यह 29 अक्टूबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 463 रुपये था। कंपनी के शेयर चार नवंबर 2024 को बीएसई में 430.05 रुपए पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर तेजी के साथ 474.55 रुपए पर पहुंच गए थे। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ टोटल 2.77 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 0.99 गुना सब्सक्राइब हुआ।

# सेंसेक्स 720 अंक गिरकर 79,223 पर बंद




- निफ्टी भी 183 अंक गिरा, आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा बिकवाली रही

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन तीन जनवरी को सेंसेक्स 720 अंक की गिरावट के साथ 79,223 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 183 अंक की गिरावट रही, ये 24,004 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट और 18 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.41% की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, बैंकिंग, फार्मा, हेल्थकेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज 1% से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 1.26% और मीडिया सेक्टर में 1.70% की तेजी रही। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ छह जनवरी को ओपन होगा। निवेशक आठ जनवरी तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 13 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

## आपका राशिफल 4 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह) — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो द) — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित [illegible]

# 'खेलों से होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास'

## संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए आठ मुकाबले



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पैवेलियन में चल रही संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को आठ मुकाबले हुए। आयोजन कमेटी के संरक्षक प्रकाश बी माली ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ में स्वामीनारायण संस्थान के योगी प्रेमी स्वामी एवं दिवेश मुनिजी का सानिध्य रहा। उन्होंने खिलाड़ियों को नशा मुक्ति से दूर रहने का संकल्प दिलाया साथ ही जीवन में खेल के महत्व को समझाया और आयोजन कमेटी और माली समाज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शारीरिक मानसिक विकास के लिए जीवन में खेल बहुत जरूरी है। खेल के क्षेत्र में युवाओं को कॅरिअर के विकल्प भी खूब हैं। पढ़ाई के साथ स्टूडेंट्स को दिनचर्या में खेलों को महत्व देना चाहिए। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष जयंतीलाल माली ने बताया कि दिनभर आठ मैच खेले गए। जिसका पूरा लाइव प्रसारण समाज के प्रवासी भाइयों ने हजारों की संख्या में देखा और मैच का लुफ्त उठाया। इस दौरान जिला परिषद के पूर्व सदस्य पुखराज गहलोत,जगदीश वि माली, प्रवीण माली, कानाराम माली, मनी देवी पार्षद, अंपायर राजेंद्रसिंह देवड़ा, शैतान स्वरूप मीणा, मदन रावल, गोविंदसिंह देवड़ा, सुरेंद्रसिंह, चंद्रपालसिंह, कॉमेंट्री महेंद्र माली एवं दिनेश माली ने की।

### इनके बीच हुए रोमांचक मैच




अध्यक्ष माली ने बताया कि पहला मैच गोयली स्टार बनाम महाकाल 11 जोयला के बीच हुआ। जिसमें गोयली स्टार 91 रन से जीत दर्ज करवाई। इसमें मैन ऑफ द मैच विक्रम परमार रहे। दूसरा मैच सचियाव माता जावाल एवं अर्बुदा क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। जिसमें सचियाव माता 48 रन से जीते। मैन ऑफ द मैच भारत राठौड़ रहे। तीसरा मैच चामुंडा मंडार एवं श्रीराम के बीच हुआ। जिसमें चामुंडा मंडार 13 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच युवराज माली रहे। चौथा मैच गुरुदेव बमनाव सांवरिया सेठ के बीच हुआ। जिसमें सांवरिया सेठ 10 विकेट से जीता। मैन ऑफ द मैच जिग्नेश सैनी रहे। इसी प्रकार पांचवां मैच वीर वॉरियर्स बनाम भीतरोट के बीच हुआ। जिसमें वीर वॉरियर्स 31 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच मनोज माली रहे। छठा मैच झाड़ोली कैपिटल बनाम हरे कृष्णा के बीच हुआ। जिसमें झाड़ोली कैपिटल 9 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच विशाल माली रहे। सातवां मैच रॉयल क्लब पिण्डवाड़ा बनाम अबूगोड वॉरियर्स के बीच हुआद्ध जिसमें रॉयल क्लब 27 रन से जीता। इसमें गोपाल माली मैन ऑफ द मैच रहे। अंतिम आठवा मैच सुंधा क्रिकेट क्लब सिरोही बनाम अर्बुदा क्रिकेट क्लब गोयली के बीच हुआ। जिसमें सुंधा क्रिकेट क्लब ने 72 रन से मैच जीता। इसमें श्रवण माली मैन ऑफ द मैच रहे।

## शैक्षिक भ्रमण दल रवाना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सेंट पॉल्स सीनियर सैकंडरी स्कूल का दल 7 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। प्राचार्य विजेश चौबीसा व उप प्राचार्य फिरोज खान ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दल चंडीगढ़, मनाली, सोलांग वैली व कसोल होकर वापस लौटेगा। दल में 65 विद्यार्थी व 5 शिक्षक शामिल है। संस्था के अध्यक्ष बन्नालाल जाट, निदेशक सांवरमल जाट व संस्था की प्रशासनिक सदस्या श्रीमती सरिता जाट ने शुभकामनाएं की।

## रेवदर आबूरोड में राशन दुकान खोलने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने रेवदर आबूरोड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं गरीब वर्ग के लोगों को सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पांच उचित मूल्य की रामपुरा खेड़ा, धामसरा, रानाडी, पेरवा, गुंदवाडा में खोलने के लिए अनुशंसा भेजी है। पूर्व विधायक ने कहा कि उचित मूल्य की 5 नई दुकानों के खुलने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

## स्नेह मिलन समारोह आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** वकील मंडल का स्नेह मिलन समारोह अध्यक्ष विक्रमसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अध्यक्ष बार की समस्याओं का निवारण का आश्वासन दिया। अपर जिला सेशन न्यायाधीश क्र.सं. एक मोहित शर्मा, अपर जिला सेशन न्यायाधीश क्र.स. 2 ग्रीष्मा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी सक्सेना, राव भंवरसिंह उपाध्यक्ष, भरत दादारिया कोषाध्यक्ष, पीपी दिनेश खंडेलवाल, जितेंद्र सुराणा, ओमप्रकाश कुमावत, प्रदीप सक्सेना, कैलाशसिंह देवड़ा, नरपत सिंह परिहार, हसीब अहमद, प्रभुराम गरासिया, शंकरलाल बारोट आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## अब गोमाता को मिलेगा पौष्टिक आहार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** गोमाता के लिए पौष्टिक आहार बनाने को लेकर गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा नए साल में गोसेवा के क्षेत्र ने नए आयाम जोड़ने जा रहा है। इसके लिए आबूरोड में बनी एक फैक्ट्री का पथमेड़ा के प्रधान संरक्षक गोऋषि दतशरणानन्द ने अवलोकन किया। मैनेजिंग डायरेक्टर कुणाल बसंत ने बताया कि गोमाता के आहार के लिए गुणवत्तायुक्त पौष्टिक आहार बनाने के लिए समृद्धि देव एग्रो प्राइवेट लिमिटेड में उत्पादन शुरू हुआ है। जहां 100 टन प्रतिदिन पौष्टिक आहार का उत्पादन होगा। इससे आसपास के क्षेत्र में संरक्षित गोवंश को लाभ मिलेगा। समृद्धि देव एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बसंत ने बताया कि श्री गोधाम पथमेड़ा का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। जगन्नाथपुरी अरूपानंद, देवाराम जागरवाल, धनराज चौधरी, भरतसिंह बसंत एवं बलवंतराज उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय सिरोही के विज्ञान परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को पूर्व जिलाशिक्षा अधिकारी एवं योग गुरु गणपतसिंह देवड़ा ने सभी को योगाभ्यास करवाया। देवड़ा ने अपने वर्षो के योगाभ्यास के अनुभव को स्वयंसेवको के साथ साझा कर उन्हे योग और व्यायाम का जीवन में महत्व समझाया। व्याख्यान में कृषि अधिकारी प्रकाश गुप्ता ने ज्ञान महत्व पर व्याख्यान से स्वयंसेवको को महत्वपुर्ण जीवन दर्शन करवाया। उन्होने वसुधैव कुटुम्बकम के सम्पुर्ण अर्थ को समझाते हुए स्वयंसेवको को मार्गदर्शित किया। इसके बाद स्वयं सेवकों ने विज्ञान परिसर में श्रमदान किया। दोपहर में स्वरचित काव्य पाठ और एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके निर्णायक प्रो. अनिता जैन, प्रो. गायत्री प्रसाद और सहायक आचार्य नारायणलाल मीणा रहे। एकल गीत प्रतियोगिता में सृष्टि राजपुरोहित, रेणुका कुमारी एवं मनीष कुमार माली स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में आंचल कुमारी, भरत कुमार एवं विपुल पुरोहित क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा, एनएसएस समन्वयक प्रदीप कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सियाराम चौधरी, वीरेंद्रसिंह गुर्जर, डॉ. शिरीन रूही कुरेशी ने उत्साह वर्धन किया।

## वार्षिकोत्सव का आगाज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** आर्य समाज व वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की तीन दिवसीय 83वां वार्षिकोत्सव वैदिक यज्ञ के साथ शुरु हुआ। भूपेन्द्रसिंह आर्य ने कहा कि परमात्मा की भक्ति से आत्मा में बल आता है । जिससे मनुश्य बडे-बडे कश्टों में भी अपना धैर्य नही छोडता हर संकट से पार पाने के लिए उसको आत्मीक शक्ति प्राप्त होती है। योगाचार्य हेमन्त आर्य ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में अच्छी आदतों पर प्रकाश डाला। आर्य उपदेशक लेखराज शर्मा ने भजन एवं उपदेष के माध्यम से अच्छा जीवन जीने की कला एवं व्यवहारिता की शिक्षा दी। आर्य समाज के अध्यक्ष मोतीलाल आर्य, प्रधानाचार्या सुमन शर्मा, शांतिभाई पटेल, योगेश सक्सेना, प्रकाश आर्य, सरेमल सोनी, गोविन्दराम सोनी समेत अभिभावक आदि मौजूद थे।

# जिले में हर्षोल्लास से मनाई देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती

### » समाज से छुआछूत मिटाने के लिए लड़ी लंबी लड़ाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में शुक्रवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई। वक्तओं ने उनके कार्यों एवं सेवा पर प्रकाश डालकर उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि फुले ने समाज में फैली कुरीतियों खासकर महिलाओं और दलितों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने शिक्षा के जरिए समाज में बदलाव लाने का बीड़ा उठाया और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई बड़े काम किए।इधर गांधी पार्क में बहुजन क्रांति मोर्चा के बैनर तले एडवोकेट सुन्दरलाल मोसलपुरिया के नेतृत्व में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फुले के जीवन संघर्ष के बारे में जानकारी दी गई। तोलाराम ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। भीखसिंह भाटी, संजय कुमार नारोलिया, सुरेश कुमार नोगिया, इनायत खान, मीनाक्षी छाबा, संजू कुमारी, छाया, हिनल, तरुणा कुमारी सेलिना आदि मौजूद थी।




## ऑनलाइन बीज विक्रय का प्रशिक्षण आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आत्मा सभागार सिरोही में शुक्रवार को भारत सरकार द्वारा साथी पोर्टल के रोल आउट द्वितीय चरण (बीज एंट्री माड्यूल) के क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग के मास्टर ट्रेनर्स कृषि उपनिदेशक डॉ हीरसिंह राठौड़ एवं सहायक निदेशक डॉ पन्नालाल चौधरी ने ऑनलाइन बीज विक्रय का प्रशिक्षण दिया। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) संजय तनेजा ने बताया कि उर्वरक विक्रय की तर्ज पर ही बीज विक्रेताओं द्वारा बीज का वि' य, आवक-जावक सहित संपूर्ण संधारण एवं व्यापार ऑनलाइन केन्द्र द्वारा विकसित साथी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक लाइसेंस धारी बीज विक्रेताओं का लॉगिन आईडी िएट कर पोर्टल पर कार्य करना होगा। उनके द्वारा ऑनलाइन ही बीज उत्पादन से लेकर वि' य चैनल तथा विक्रय केंद्र से किसानों तक संपूर्ण कार्यवाही ऑनलाइन देखी जा सकेगी। जिले में शक्रवार को तीसरा प्रशिक्षण ब्लॉक रेवदर के बीज विक्रेताओं के लिए रखा गया था। जिसमें जिले के सबसे अधिक कृषि उपयोगिता वाले खंड रेवदर के 91 बीज विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

## 'नन्हे मेहमान ने पाया नया घर' दत्तक ग्रहण समारोह आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी सिरोही में शुक्रवार को भावुक वातावरण में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एक वर्ष पूर्व एजेंसी में आए एक बालक को उसके भावी माता-पिता को सौंपा गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अल्पा चौधरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चन्द्र अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बालक को आशीर्वाद दिया और भावी माता-पिता को बधाई दी। आठ वर्षों से कारा पोर्टल पर आवेदन कर रहे भावी माता-पिता जब बालक को प्राप्त हुए तो वे अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि वे इस बालक को अपने परिवार का सदस्य बनाकर बहुत खुश हैं और वे उसका बड़े प्यार से पालन-पोषण करेंगे। शिशु के दत्तक ग्रहण के समय शिशु की देखभाल करने वाली आया और एजेंसी का समस्त स्टाफ भी भावुक हो उठी। सहायक निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित ने भावी माता-पिता को शिशु के पालन-पोषण और देखभाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधीक्षक भंवर सिंह परमार कारा पोर्टल की विस्तृत जानकारी देते हुए बनाया कि किसी तरह भावी अपना आवेदन दत्तक ग्रहण के लिए प्रस्तुत करता हैं।

## अनुचित भुगतान पर होगी 2 लाख 27 हजार 970 रुपए की वसूली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन के अधीन ग्राम पचायत दुदौड एवं सवराड में ' मशः 13 दिसम्बर 2023 एवं 24 फरवरी 2024 को सामाजिक अंकेक्षण कार्यो के पर्यवेक्षण के दौरान मनरेगा कार्यो का निरीक्षण करने के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर संज्ञान लेने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को पत्र जारी करने एवं बीडीओ द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया जाकर जांच प्रतिवेदन 13 मई 2024 को उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया। जिला लोकपाल मनरेगा चेनसिंह पंवार के अनुसार जिसकी समीक्षा उपलब्ध साइट्स के फोटो, तत्समय तैयार की गई। साइट निरीक्षण रिपोर्ट मय मेट, श्रमिक, सामाजिक दल के सदस्यों एवं ग्राम विकास अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त पुष्टि को दृष्टिगत रखते हुए दुदौड़ में पाई गई अनियमितता के लिए 28 सौ की राशि वसूली एवं कुशल कारीगरों की अनियमित रूप से उपस्थिति दर्शाई जाकर भुगतान की गई राशि 38 हजार 400 की वसूली प्रस्तावित की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सवराड में भी श्रमिकों द्वारा जेसीबी से कार्य निष्पादित कर प्राप्त किए गए अनुचित भुगतान 2 लाख 27 हजार 970 रुपए की वसूली प्रस्तावित की गई। तथा मेट खुशबू राठौड़, मदनलाल एवं चोलाराम को ब्लैक लिस्ट कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 330 व 340 के तहत मस्टररोल्स में असत्य सूचना दर्ज करने के कारण अन्य कार्यवाही भी प्रस्तावित की गई। उन्होंने बताया कि कार्यो के भुगतान प्रस्तावित करने के लिए कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारियों एवं सरपंचों द्वारा भुगतान पारित कर वित्तीय अनियमितता में संलिप्तता के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय पारित किया गया।

## विधायक और प्रधान ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** विधायक समाराम गरासिया एवं प्रधान नितिन बंसल ने शुक्रवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापत के दादी दारमी देवी के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने दारमी देवी की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार जनों के समक्ष सांत्वना व संवेदना प्रकट की। महामंत्री नरपतसिंह राणावत, मण्डल अध्यक्ष कालूराम माली, नारायण प्रजापत, एसटी मोर्चा प्रदेश सदस्य धनाराम मीणा, डॉ दिनेश पुरोहित, संतोष पुरोहित, परवेज खान, देवेंद्र रावल, चिराग पुरोहित सहित मौजूद रहे।

## मनरेगा स्थल पर बैठक का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित के निर्देशानुसार इंदिरा महिला शक्ति केंद्र की अंशु राठौड़ व हेमलता भाटी के द्वारा नया सानवाड़ा के नरेगा स्थल पर बैठक आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को विभागीय योजनाके बारे में जानकारी दी गई साथ ही माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में चर्चा की गई। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत रूप से मिलने वाले लोन व स्वयं सहायता समूह को मिलने वाले लोन की जानकारी दी गई। साथीन भगवती देवी तथा अन्य महिलाए उपस्थिति रही।

### सिडनी टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा पहला दिन

## मात्र 185 रनों पर सिमटी टीम इंडिया

**आखिरी गेंद पर भारत की वापसी**



**सिडनी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का पांचवां टेस्ट खेला जा रहा है। मुकाबले का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया सिर्फ 185 रनों पर ढेर हो गई। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कहर बरपाया। वहीं दिन की आखिरी गेंद पर टीम इंडिया ने कुछ हद तक वापसी की। सिडनी टेस्ट में टीम इंडिया की तरफ से नियमित कप्तान रोहित शर्मा को प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप करके बड़ा फैसला किया गया। रोहित की जगह उपकप्तान जसप्रीत बुमराह को पांचवें मुकाबले के लिए टीम इंडिया की कमान सौंपी गई।

वहीं रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया गया। हालांकि गिल पहली पारी में कुछ खास नहीं कर सके।

#### पहली पारी में टीम इंडिया फ्लॉप

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया सिर्फ 185 रनों पर ऑलआउट हुई। इस दौरान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने तीन चौके और एक छक्के की मदद से सबसे ज्यादा 40 रन स्कोर किए। टीम के कुल चार बल्लेबाज सिंगल के स्कोर पर पवेलियन लौटे, जिसमें नितीश कुमार रेड्डी का गोल्डन डक भी शामिल रहा। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके।

#### बुमराह और कोंस्टस में बहस

- दिन का खेल खत्म होने से कुछ देर पहले ही टीम इंडिया ऑलआउट हुई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया टीम पहली पारी में बैटिंग करने के लिए मैदान पर आई। कंगारू टीम के लिए कोंस्टस और उस्मान ख्वाजा ओपनिंग पर आए। कोंस्टस ने बुमराह के ऊपर पारी की पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। फिर पारी का तीसरा ओवर लेकर आए बुमराह और कोंस्टस के बीच कुछ बहस देखने को मिली। यह बहस चार गेंद फिक जाने के बाद हुई। अब दिन खत्म होने में सिर्फ दो गेंदें और फेंकी जानी थीं। दिन की आखिरी गेंद पर बुमराह ने ख्वाजा को आउट कर कुछ हद तक टीम इंडिया की वापसी करवाई। ख्वाजा दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने दिन खत्म होने तक 9/1 रन बोर्ड पर लगा लिए हैं।

## सिडनी टेस्ट में बुरी तरह चोटिल ऋषभ पंत

टीम इंडिया सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 185 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। उसके लिए ऋषभ पंत ने 40 रनों की अहम पारी खेली। पंत इस पारी के दौरान गंभीर रूप से चोटिल हो गए। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। ऋषभ पंत ने इस मुकाबले के दौरान छक्कों का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर समेत कई दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। ऋषभ पंत भारत की पहली पारी के दौरान नंबर पांच पर बैटिंग करने आए। उन्होंने इस दौरान 98 गेंदों का सामना करते हुए 40 रन बनाए। पंत की इस पारी में तीन चौके और एक छक्का शामिल रहे। उन्हें बोलैंड ने आउट कर दिया। पंत इस पारी के दौरान चोटिल हो गए। उनके हाथ पर गेंद लग गई। इससे खून का थक्का जम गया। लेकिन पंत ने इसका करारा जवाब दिया। वे भारत के लिए अहम पारी खेलने के बाद ही आउट हुए। ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के मामले में रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। पंत ने कुल 11 छक्के लगाए हैं। जबकि रोहित ने 10 छक्के जड़े हैं। इस मामले में नीतीश कुमार रेड्डी तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने आठ छक्के लगाए हैं। वीरेंद्र सहवाग ने भी आठ छक्के लगाए हैं। सचिन ने सात छक्क ने लगाए हैं। भारतीय टीम के ऑल आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बैटिंग के लिए पहुंचे। उसकी पहली पारी के लिए उस्मान ख्वाजा और कोंस्टस ओपनिंग करने आए।

## सैम आयूब को लगी भयंकर चोट, दर्द से लगे झटपटाने



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने केपटाउन में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। मैच के शुरुआत में पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी सैम आयूब टखना मुड़ने के कारण चोटिल हो गए हैं। वह काफी दर्द में दिखे और टीम के सदस्यों की मदद से वह मैदान के बाहर गए। साउथ अफ्रीका की पारी के सातवें ओवर में रेयान द्वारा खेला गया शॉट गली और बैकवर्ड पॉइट के बीच से बाउंड्री की तरह गया, हालांकि जमाल ने डाइव लगाकर गेंद को बाउंड्री के करीब रोका और उनके पीछे दौड़ लगा रहे सैम ने गेंद को पकड़ने के लिए अचानक रुके, जिससे उनका टखना मुड़ गया और वह काफी दर्द में दिखे। इस दौरान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम उनके साथ मौजूद रहे और उनका हौसला बढ़ाया। सैम आयूब काफी देर तक दर्द में दिखे और जमीन पर ही बैठे हुए नजर आए। कुछ देर बाद फीजियो भी मैदान पर आए।

## भारतीय क्रिकेटर की अचानक संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट शेल्डन जैक्सन ने संन्यास की घोषणा कर दी है। वे अब वनडे या टी20 फॉर्मेट में नजर नहीं आएंगे। शेल्डन डोमेस्टिक क्रिकेट में सौराष्ट्र के लिए खेलते हैं और कई मौकों पर कमाल दिखा चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने शेल्डन जैक्सन के संन्यास की पुष्टि की है। एसोसिएशन ने बयान भी जारी किया है। शेल्डन जैक्सन इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके हैं। खबर के मुताबिक शेल्डन जैक्सन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जयदेव शाह ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'शेल्डन को कड़ी मेहनत और लगन ने मजबूत खिलाड़ी बनाया। उनका हर फॉर्मेट के प्रति समर्पण का भाव सराहनीय है। उन्होंने व्हाइट बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। लेकिन शेल्डन के रिकॉर्ड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे।'



#### शेल्डन का डोमेस्टिक क्रिकेट में रिकॉर्ड

- जैक्सन लिस्ट ए में 86 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने इस दौरान 2792 रन बनाए हैं। शेल्डन ने इस फॉर्मेट में नौ शतक और 14 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 150 रन रहा है। वे 84 टी20 मैचों में 1812 रन बना चुके हैं। इस दौरान एक शतक और 11 अर्धशतक लगाए हैं। शेल्डन का टी20 में नाबाद 106 रन सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वे फर्स्ट क्लास में 103 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 21 शतक और 39 अर्धशतक लगाए हैं।

#### आईपीएल करियर

- शेल्डन जैक्सन आईपीएल में आरसीबी और केकेआर का हिस्सा रह चुके हैं। लेकिन खेलने का मौका सिर्फ केकेआर ने ही दिया। वे सिर्फ दो सीजन में ही खेल पाए। जैक्सन ने 2017 में आईपीएल डेब्यू किया था। उन्होंने इस सीजन में चार मैच खेले थे। इसके बाद 2022 में खेलने का मौका मिला। उन्होंने इस सीजन में भी सिर्फ पांच मैच ही खेले।

## हार्दिक पंड्या होंगे टीम इंडिया के अगले कप्तान !



**नई दिल्ली।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट से ड्रॉप किए जाने के बाद रोहित शर्मा की वनडे कप्तानी में खतरे में नजर आ रही है। खबरों की माने तो हार्दिक पंड्या भारत के एकदिवसीय कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने के लिए सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हुए आखिरी टेस्ट मैच में भारतीय उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह ने रोहित की जगह कमान संभाली। टॉस के दौरान बुमराह ने कहा कि रोहित ने टेस्ट से 'आराम' लेने का फैसला किया है। हालांकि, भारत में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि पिछले तीन टेस्ट मैच में खराब फॉर्म के चलते उन्हें ड्रॉप किया गया। रोहित को सिर्फ प्लेइंग इलेवन से ही नहीं बल्कि मैच के लिए उपलब्ध 15 खिलाड़ियों के नाम से भी बाहर कर दिया गया। ऐसे में क्रिकेट पंडितों का कहना है कि हो सकता है मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में रोहित अपना आखिरी टेस्ट खेल चुके हैं। यदि वह रोहित का आखिरी इंटरनेशनल मैच भी था तो भी उनकी उम्र 37 साल थी। ऐसे में भारत को पाकिस्तान और यूएई में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की कमान संभालने के लिए एक नए वनडे कप्तान की जरूरत होगी।

### विजय हजारे ट्रॉफी

## पंजाब का ऐतिहासिक कारनामा

**मेगा रिकॉर्ड बनाने वाली पहली टीम**



**अहमदाबाद।** पंजाब एक ही विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में दो बार 400 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बन गई है। पंजाब की हालिया बल्लेबाजी ने उन्हें नरेंद्र मोदी स्टेडियम ग्राउंड 'ए' में हैदराबाद के खिलाफ 426/4 का चौंका देने वाला स्कोर बनाने में मदद की। यह टूर्नामेंट में दूसरी बार था जब पंजाब ने 400 रन का आंकड़ा पार किया, इससे पहले प्रतियोगिता में सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने पांच विकेट पर 424 रन बनाए थे। पंजाब की पारी की नींव सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने रखी, जिनकी शानदार शतकीय पारी (137) आक्रामक बल्लेबाजी की मिसाल थी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 20 चौके और तीन छक्के लगाए और हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण को आसानी से ध्वस्त कर दिया। उनकी पारी ने पंजाब को धमाकेदार शुरुआत दिलाई, क्योंकि उन्होंने और अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग विकेट के लिए 196 रनों की विशाल साझेदारी की। प्रभसिमरन ने जहां सुर्खियां बटोरीं, वहीं उनके ओपनिंग पार्टनर अभिषेक ने तेज अर्धशतक (93) के साथ अहम भूमिका निभाई। शर्मा की पारी में बाउंड्री लगी हुई थी, क्योंकि उन्होंने पावरप्ले के दौरान प्रभसिमरन के स्ट्रोक का मुकाबला किया, जिससे पंजाब ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ी, मध्यक्रम ने सलामी बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए मंच का फायदा उठाया। रमनदीप सिंह (80) और नेहल वढेरा (35) ने पारी को शानदार तरीके से समाप्त किया।

## अक्षर-बिश्नोई की शानदार गेंदबाजी के बाद उर्विल की आतिशी पारी

**जयपुर।** अक्षर पटेल (तीन विकेट), रवि बिश्नोई (दो विकेट) के बाद उर्विल पटेल (61) की आतिशी पारी के दम पर गुजरात ने शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप ए के मुकाबले में गोवा को छह विकेट से हरा दिया है। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने उर्विल पटेल 34 गेंदों में (61) और उमंग कुमार (24) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 16.4 ओवरों में चार विकेट पर 118 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। आर्य देसाई (16) और सौरव चौहान (एक) रन बनाकर आउट हुए। हेमांग पटेल (नौ) और विशाल जायसवाल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। गोवा की ओर से फिलिक्स आलेमाओ ने दो, शुभम तरी और अमूल्य पंडरेकर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले शुक्रवार को यहां गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गोवा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र पांच रन के स्कोर पर अपना विकेट गवां दिया। इशान गाडेकर एक रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद स्नेहल कौथनकर और कृष्णमूर्ति सिद्धार्थ ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में अरजान नागवासवाला ने स्नेहल कौथनकर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# म नो रं ज न

### 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक रिलीज




## खुशी पर प्यार बरसाते दिखे जुनैद खान



फिल्म 'महाराज' से ओटीटी की दुनिया में डेब्यू कर अपने अभिनय का परचम फहराने वाले जुनैद खान अब जल्द ही लवर बॉय के कैरेक्टर में नजर आने वाले हैं। जुनैद खान अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में हाथ आजमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह अपनी अगली फिल्म 'लवयापा' में खुशी कपूर के साथ स्क्रीन साझा करने वाले हैं। तीन जनवरी को फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' का गाना लवयापा हो गया, जिसमें दोनों कलाकारों को पहले कभी साथ नहीं देखा गया है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म के एक ही ट्रैक में दोनों ने अलग-अलग तरह के आउटफिट्स पहने हैं। जुनैद और खुशी ने इस गाने में अपना अलग और मजेदार पक्ष दिखाया है, जिसे नक्श अजीज और मधुबंती बागची ने गाया है। गाने से साफ है कि दोनों आधुनिक रोमांस के जरिए एक-दूसरे पर प्यार बरसा रहे हैं। इस गाने में जुनैद खान को गुच्ची और खुशी कपूर को बानी के रूप में दिखाया गया है। अद्वैत चंदन की फिल्म का यह गाना एक अनोखे आधुनिक ट्विस्ट के साथ आता है।

## 'देवा' के सेट पर शाहिद ने कमीने के गाने 'ढेंन टें णा' पर दिखाए डांस मूव्स



शाहिद कपूर निस्संदेह बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक हैं। हाल ही में अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'देवा' के सेट पर 2009 की फिल्म कमीने के अपने लोकप्रिय गाने 'ढेंन टें णा' पर कुछ बेहतरीन डांस मूव्स करके प्रशंसकों को हैरान कर दिया। शाहिद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आया है, जिसमें शाहिद कपूर को 'देवा' के सेट पर देखा जा सकता है। वह फिल्म में अपने पुलिस वाले अवतार में दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने सफेद शर्ट और खाकी पैंट पहन रखी है और उनके पास एक बंदूक भी दिखाई दे रही है। इस दौरान शाहिद ने सेट पर मौजूदा फैंस को फ्लाइंग किस भी दिया। 'देवा' से सेट पर शाहिह ने फिल्म 'कमीने' के गाने 'ढेंन टें णा' पर जमकर डांस किया और साथा ही इस गाने को भी गाया। इस दौरान शाहिद के डांस मूव्स को देखकर वहां पर मौजूद प्रशंसक उनके दीवाने हो गए। यह वीडियो पूरी तरह से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, "मैं चाहता हूं कि वह अपने सुपरस्टार युग में रहे," जबकि एक और प्रशंसक ने लिखा, "यह एक अपराध होना चाहिए कि उन्हें 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' से पहले सालों तक डांस नंबर नहीं दिए गए।" एक और फैन ने लिखा, "मुझे उस समय में वापस ले आओ जब हर कोने में ढेंन टें णा बज रहा था।" एक और यूजर ने लिखा, " बहुत शानदार।"

## जयपुर में लेपर्ड सफारी का आनंद लेते नजर आए खिलाड़ी



बॉलीवुड के सितारे इस समय नए साल के जश्न में डूबे हुए हैं। वह अपने परिवार के साथ छुट्टियों का आनंद उठा रहे हैं। कोई देश से बाहर तो कोई देश में ही घूमकर इसका जश्न मना रहा है। अब बॉलीवुड के खिलाड़ी अपने परिवार के साथ जयपुर में नए साल का जश्न मनाते हुए नजर आए। अक्षय कुमार ने अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना और अपने बच्चों आरव और नितारा के साथ जयपुर में नए साल 2025 का जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार के जंगल सफारी की वीडियोज और तस्वीरें तेजी के साथ वायरल हो रही हैं। पैपराजी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अक्षय कुमार, ट्विंकल खन्ना और उनके बच्चे आरव और नितारा को आनंद लेते हुए देखा गया। क्लिप में, अक्षय एक कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक में थे, उन्होंने काले रंग की टी-शर्ट, नीली जींस और एक प्रिंटेड जैकेट पहनी हुई थी, जिसके साथ एक काली टोपी थी, जो उन्हें और स्टाइलिश बना रही थी। सोशल मीडिया पर इन वीडियोज के वायरल होने से पहले, ट्विंकल खन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने जयपुर में अपने परिवार के साथ नए साल के जश्न की झलकियां पेश कीं।

## श्रीलीला के साथ रोमांस करेंगे कार्तिक





कार्तिक आर्यन एक के बाद एक फिल्में साइन कर रहे हैं। अब उनकी नई फिल्म आने वाली है 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी'। हाल ही में कार्तिक ने इसकी अनाउंसमेंट की। हालांकि उनके अपोजिट एक्ट्रेस के नाम की अनाउंसमेंट नहीं हुई है। लेकिन अब एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है जिसे बताया जा रहा है कि वह कार्तिक के अपोजिट लीड एक्ट्रेस होंगी और वह हैं 'पुष्पा 2' में थप्पड़ मारूंगी गाने में नजर आने वालीं श्रीलीला। नई जोड़ी बनेगी, रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलीला कई बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ बातचीत में हैं बॉलीवुड में अपना करियर बनाने के लिए। कहा जा रहा है कि श्रीलीला का स्क्रीन प्रेजेंस शानदार हैं और कार्तिक के साथ उनकी नई जोड़ी बनेगी और बॉलीवुड में भी यह फ्रेश जोड़ी होगी। हालांकि बातचीत चलती जा रही है और अगर सब सही रहा तो कुछ दिन में सब फाइनल हो जाएगा। बता दें कि इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर समीर विद्वंस डायरेक्ट कर रहे हैं। यह कार्तिक के साथ उनकी दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में काम कर चुके हैं। वहीं करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म प्रोड्यूस हो रही है। फिल्म 2026 में रिलीज होगी। रिपोर्ट के मुताबिक कार्तिक की फीस इस फिल्म के लिए 50 करोड़ है। यह काफी बड़ा अमाउंट है जो कोई एक्टर धर्मा से ले रहा है रणबीर कपूर के बाद। भूल भुलैया 3, चंदू चैंपियन के बाद कार्तिक की मार्केट वैल्यू काफी बढ़ गई है। बता दें कि कार्तिक, करण जौहर के साथ पहले फिल्म 'दोस्ताना 2' में काम करने वाले थे। लेकिन फिर कुछ विवाद के बाद कार्तिक को फिल्म से बाहर कर दिया गया। इस पर काफी बवाल भी हुआ था। अब फाइनली दोनों साथ में काम कर रहे हैं।



## शाहरुख को रोमांटिक फिल्मों से नफरत : निखिल आडवाणी

करण जौहर की फिल्म 'कल हो न हो' के कारण चर्चित निर्देशक निखिल आडवाणी ने शाहरुख खान को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। निखिल ने बताया कि शाहरुख को लव स्टोरी बिल्कुल पसंद नहीं है। डिजिटल कॉमेंट्री से बातचीत में निखिल ने कहा कि शाहरुख खान ने कहा कि मैं निखिल के साथ फिल्म करना चाहता हूं। उन्होंने मेरे साथ तीन फिल्में की हैं। 'मोहब्बते', 'कुछ कुछ होता है' और 'कभी खुश कभी गम' में असिस्टेंट का काम किया था। शाहरुख और मुझे एक्शन फिल्में पसंद हैं। उन दिनों में दिल से, डर जैसी फिल्में करने की सोच रहा था। निखिल ने कहा कि शाहरुख मेरे साथ फिल्म करना चाहते थे, ऐसे में मुझे उनके साथ 'कल हो न हो' जैसी फिल्म में काम करने का मौका मिला। निखिल ने कहा कि उन्हें मार धाड़ ही करना था, उन्हें लव स्टोरी करना बिल्कुल पसंद नहीं था। उन्होंने अब 'डॉन' और 'पठान' में ऐसा ही काम किया, जैसा उन्हें पसंद था। निर्देशक निखिल आडवाणी को 'हीरो', 'बाटला हाउस', 'वेदा', 'सलाम ए इश्क', 'कल हो न हो' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। निखिल ने कहा कि कोई भी उस फिल्म को बनी सकते थे। करण बेहतरीन डायलॉग लिखते हैं। हालांकि, फिल्म अगर चलती है तो ये डायरेक्टर के ऊपर होता है। 'कल हो न हो' की पूरी सफलता करण जौहर के कारण ही मिली। यश जौहर चाहते थे कि धर्मा प्रोडक्शन की पिछली दो फिल्में ब्लॉकबस्टर हुई हैं, तो तीसरी फिल्म भी ब्लॉकबस्टर ही हो।

# मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**निम्बेश्वर धाम परिसर में होगा आयोजन, तैयारियां अंतिम चरण में**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** अखिल भारतीय मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल महासभा का राष्ट्र स्तरीय 10वां प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह 5 जनवरी को प्राचीन तीर्थ निम्बेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। समाज के राष्ट्रीय प्रचारक नटवर मेवाड़ा सांडेराव के अनुसार आयोजन को लेकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश शाह मेवाड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजमल मेवाड़ा आसींद के साथ सभी परगना अध्यक्ष व युवा टीम एवं अन्य समाजबंधु तैयारियों में जुट गए है।

शाह एवं उद्यमी राजूभाई पूना के साथ अन्य पदाधिकारियों की ओर से आमंत्रण पत्रिका का वितरण कर अधिकाधिक समाजबंधुओं को आयोजन में सहभागी बनने का न्यौता दिया गया है। इसी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी न्यौत दिया गया है। कार्य म में केन्द्रीय मंत्री श्रीपाद येसो नाईक, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद पीपी चौधरी, सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी, हरिशंकर मेवाड़ा पालड़ी जोड़, सिरोही नगर परिषद के पूर्व सभापति महेंद्र मेवाड़ा, गोड़वाड़ अध्यक्ष जसवंतराज मेवाड़ा, आमेट चैयरमैन कैलाश मेवाड़ा, देवगढ़ मदारिया क्षेत्र के अध्यक्ष अर्जुन मेवाड़ा कांकरोली सहित देशभर से कई प्रबुद्ध हस्तियां यथा समाज के जनप्रतिनिधी, न्यायाधीश, कलक्टर व गणमान्य लोग भाग लेंगे।



**व्यवस्थाओं को लेकर कमेटियों का गठन**

समारोह के सफल आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। आयोजक को सफल बनाने के लिए महासभा के सुभाष मेवाड़ा तखतगढ़, एडवोकेट कांतिलाल मेवाड़ा जवाईबांध, मीडिया प्रभारी दिलीप मेवाड़ा सोनाई मांझी, महावीर मेवाड़ा, कैलाश मेवाड़ा सांडेराव सहित पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रचारक मेवाड़ा के अनुसार समारोह में भगवतीप्रसाद आइएएस जयपुर, श्रीमती सीमा मेवाड़ा न्यायाधीश जोधपुर, राजेश मेवाड़ा एडीएम, गोपालस्वरूप मेवाड़ा एएसपी उदयपुर, नंदकिशोर मेवाड़ा, मुकेश कलाल, ललित मेवाड़ा बिसलपुर, घाणेराव सरपंच ललिता मेवाड़ा, पालड़ी जोड़ सरपंच महेन्द्र मेवाड़ा सहित समाज की कई नामचीन हस्तियां भी मौजूद रहेंगी।

**युवक-युवतियों का परिचय समारोह भी होगा**

युवा सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक मेवाडा पालड़ी जोड़ ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले बंधुओं के ठहरने आदि की माकुल व्यवस्था सुलभ करवाई जाएगी। समारोह में महिलाओं व बच्चों के लिए मनोरंजक कार्य' म भी रखे गए है। युवक-युवतियों के परिचय आयोजन भी होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी महावीर मेवाड़ा सांडेराव ने बताया कि समारोह में विशेष रूप से एक्टीवा, टेबलेट, लेपटॉप, चांदी के सिक्के, मिक्सी, हैण्ड बैग व साइकिलें ईनामी लक्की ड्रॉ के माध्यम से वितरित की जाएगी।



## राज्य सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध : कुमावत

**केबिनेट मंत्री कुमावत ने गुड़ा एंदला व डिंगाई में विभिन्न विकास कार्यों का किया उदघाटन**





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शु वार को जिले के डिंगाई और गुड़ा एंदला में विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मिलकर प्रदेश के विकास व आमजन के कल्याण के लिए कार्य कर रहे है। राज्य सरकार ने आमजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई है। सरकार क्षेत्र के विकास को कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पशुओं के लिए बीमा योजना व मोबाइल यूनिट द्वारा फ्री ईलाज की व्यवस्था की गई है। साथ ही निवेश व रोजगार में अनेकों नियुक्ति पत्र दिए है। उज्वला योजना में गैस सिलेंडर, जल जीवन मिशन से घर घर पेयजल से आमजन को देने की कोशिश की है। उन्होंने डिंगाई व गुड़ा एंदला क्षेत्र में कई विकास कार्यों का उदघाटन किया। इस मौके पर प्रधान मोहिनीदेवी, पुखराज पटेल, प्रेमकुमारी, महेंद्रसिंह डुंगरोत, जीवाराम, महावीरसिंह टेवाली, मोंटूसिंह हेमावास, गिरधारीसिंह, उम्मेदसिंह डेंडा, मंगलाराम प्रजापत, यशवंत सैन, कूपाराम सिरवी, पूसाराम परमार, रमेश मेघवाल, शैतानसिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग एवं गुड़ा एंदला में समाजसेवी प्रताप मीणा, मुकेश चौधरी, जिला परिषद सदस्य दुर्गा चौधरी आदि मौजूद थे।

## जवाई बांध से तीसरी पाण 6 से, बाराबंदी 7 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जवाई बांध से तीसरी पाण के लिए 6 जनवरी को नहर खोली जाएगी और 7 जनवरी से बाराबंदी लागू होगी। भैरूचौक स्थित जवाई नहर खंड कार्यालय में शु वार को अधिशाषी अभियंता राज भवरायत की मौजूदगी में संगम अध्यक्षों की बैठक हुई। भवरायत ने बताया कि तीसरी पाण 22 दिनों तक चलेगी। नहरों के गेज मेंटेन करने के लिए 5 जनवरी को नहर खोलकर सिंदरू बांध में पानी भरा जाएगा।



## गैर मुमकिन नाडी की भूमि को बेचने का आरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**देसूरी।** मांडीगढ़ ग्राम पंचायत के राजपुरा गांव के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप राजपुरा गांव में गैर मुमकिन नाडी की भूमि को साढ़े 12 लाख रुपए में बेचने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मांडीगढ़ पंचायत के पूर्व सरपंच सुमेरसिंह राजपूत समेत ग्रामीणों ने नाडी भूमि की खरीद फरोख्त से जुड़े दस्तावेज भी ज्ञापन के साथ तहसीलदार को पेश किए। ज्ञापन में बताया कि राजपुरा गांव में राजकीय भूमि गैर मुमकिन नाडी खसरा संख्या 782 विद्यमान है। उक्त भूमि को हीराराम चौधरी ने कब्जा सुदा बताकर संग्राम देवासी को जरिए इकरारनामा 13 अगस्त 2021 को 12 लाख 25 हजार में बेचान कर दिया। पूर्व सरपंच सुमेरसिंह ने तहसीलदार से मांग की कि सरकारी भूमि को अवैध रूप से बेचने व खरीदने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जाए। भूमि पर किया जा रहा कब्जा रुकवाया जाए। उन्होंने स्टाम्प पेपर हुए इकरारनामा की छाया प्रति भी सलंग्न करते हुए तहसीलदार से कार्रवाई की मांग की।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 16 को

**पाली।** जिला स्तरीय जनसुनवाई 16 जनवरी को वीसी के माध्यम से डीओआइटी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी। लोक सेवाओं के सहायक निदेशक ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह त्रिस्तरीय जनसुनवाई जनवरी 2025 के तृतीय गुरूवार को प्रातः 11 बजे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग कलेक्ट्रेट परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से होगी।



## वाइब्रेंट के विद्यार्थियों का नेशनल साइंस ओलंपियाड में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** स्थानीय वाइब्रेंट वैली हाइ स्कूल के दो छात्रों ने राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड (नेशनल साइंस ओलंपियाड) परीक्षा में स्तर-1 परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ हैं। दोनों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 12वीं विज्ञान के छात्र शिवराज चौधरी ने स्तर-1 परीक्षा में 99.22 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और विद्यालय रैंक में प्रथम स्थान हासिल किया हैं। उन्होंने क्षेत्रीय रैंक में 33वां और अंतरराष्ट्रीय रैंक में 92वां स्थान हासिल किया हैं। कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा हनी सोनी ने स्तर-1 परीक्षा में 98.91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और विद्यालय रैंक में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्रीय रैंक में 45वां और अंतरराष्ट्रीय रैंक में 128वां स्थान हासिल किया हैं। दोनों की प्रतियोगिता परीक्षा में मार्गदर्शक के रूप में विज्ञान वर्ग के व्याख्याता दिलीपकुमार, वीरेंद्रकुमार, मोहम्मद नवाज एवं गुलाम कौशर की विशेष भूमिका रहीं। संस्थान निदेशक डॉ. नारायण विश्नोई ने इस परिणाम पर दोनों को आने वाली राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में सम्मिलित होने पर बधाई दी एवं उन्हें परीक्षा के लिए उचित मार्गदर्शन विषय विशेषज्ञ के रूप में दिया। संस्थान अध्यक्ष महावीरसिंह सिसोदिया ने बताया कि हमें उम्मीद है कि वे आगामी परीक्षा में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# राजस्थान संकल्पित यात्रा में युवाओं को करना होगा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन : पारख

**भाषण में कार्तिकेय शर्मा सिरोही, टैक्सटाइल में हेतल सिरोही व मांडणा प्रतियोगिता में पुष्पा सिरोही अव्वल**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आगाज**

**पाली।** संभागीय आयुक्त के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का शुक्रवार को सेठ मुकनचंद बालिया राजकीय बालिका उमावि में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख के सानिध्य में विधिवत शुभारंभ हुआ। सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी के अनुसार महोत्सव में पाली, जालोर एवं सिरोही के विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। पूर्व विधायक पारख ने वर्ष 2047 तक राजस्थान की संकल्पित यात्रा में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वाहन की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं के भारत निर्माण में आगे बढ़ कर योगदान देने का समय आ गया है। सहायक निदेशक भाटी ने बताया कि सुबह तक 76 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन करवाया। कार्य म में विधायक भीमराज भाटी, सीडीइओ सीपी जायसवाल, सीडीइओ महात्मा गांधी प्रकोष्ठ प्रकाशचंद्र सिंगाड़िया, सहायक निदेशक सोहन भाटी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रवीण जांगिड़, दिलीप करमचंदानी, धर्मेंद्र पालरिया, देवेंद्र डाबी भी मौजूद थे। सीपी जायसवाल ने आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।







**यह रहा प्रतियोगिताओं का परिणाम**

सामूहिक लोक नृत्य में भावना एंड पार्टी पाली, एकल लोक नृत्य में अधिश्री पाली, सामूहिक लोक गायन में रणवीर एंड पार्टी पाली, एकल लोक गायन में संध्या पाली, कविता लेखन में प्रज्ञा पाली, कहानी लेखन में वैशाली सोनी पाली, भाषण में कार्तिकेय शर्मा सिरोही, टेक्सटाइल में हेतलकुमारी सिरोही, हैंडी' फ्ट में यश गहलोत जालौर, कठपुतली प्रदर्शन में रितिक बंजारा पाली, भित्ति चित्र में जयश्री पाली, एग्रो प्रोडक्ट में वैभव गौतम एंड पार्टी पाली, रमत में भावेश एंड पार्टी पाली, चित्रकला (पोस्टर) में चौधरी प्रवीणा पाली, मांडना में पुष्पाकुमारी सिरोही, रावण हत्था में सुनील पटेल पाली एवं मोरचंग पर प्रस्तुति में लालसिंह राठौड़ पाली अव्वल रहे।

## ऑन जॉब ट्रेनिंग का समापन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** समीपवर्ती बेड़ा के संभवनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शीतकालीन सत्र 2024-25 में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सखाराम मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित दस दिवसीय शिविर में आइटी-आइटीएस ट्रेड में प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ऑन जॉब ट्रेंनिंग ऑनलाइन सर्विस सेंटर सुमेरपुर तथा कंप्यूटर कोचिंग सेंटर बेड़ा में करवाई गई। व्यावसायिक शिक्षक योगेश सुथार ने बताया कि आइटीआइ केंद्र पर बच्चों ने तकनीकी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान शिक्षक रतन भाटी, मयंक, प्रवीणकुमार, संदीप त्रिवेदी, राजेंद्रसिंह, प्रवीण त्रिवेदी, गजेन्द्रसिंह ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** रावणा राजपूत छात्रावास भवन फालना में विद्यार्थियों द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। छात्रावास अधीक्षक सुखसिंह खंगारोत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले देश की प्रथम महिला अध्यापिका थी। वे एक महान समाज सुधारक शिक्षिका, कवयित्री भी थी। उन्होंने महिलाओं एवं दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया एवं भारत में महिला शिक्षा का बीज बोया। वे कहती थीं कि स्वाभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो। पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। इस अवसर पर लक्ष्मणसिंह चौहान, केसरसिंह मांगलिया, महिपालसिंह मेहफावत, अभिमन्युसिंह, पेपसिंह, तुषारसिंह, रघुनाथसिंह, पंकजसिंह सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।



**बाली।** डॉ. भीमराव अंबेडकर संघ समिति बीजापुर कुंडाल के तत्वावधान में मेघवालों का बड़ा वास बीजापुर में सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। देश की प्रथम महिला शिक्षिका की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कांतिलाल ने सावित्री बाई की जीवनी पर प्रकाश डाला। मोहनलाल भटनागर ने फुले द्वारा महिला शिक्षा के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी दी गई। सभी सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बहुजन समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** संत सदा महाराज आश्रम में अखिल मेघवाल विकास संस्था की बैठक प्रदेशाध्यक्ष कस्तुराराम परिहार पुराडा की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश सचिव सुरेशकुमार के अनुसार सितंबर में संस्था द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किए जाने पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों एवं उपस्थित समाजबंधुओं ने सामूहिक रूप से अधिकाधिक सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से सेवानिवृत्त धन्नाराम जोयला, राजाराम राठौड़ बलाना, सुरेन्द्र परमार कोसेलाव, किकाराम रांगी भगवानपुरा, हुकमाराम राठौड़ बलाना, अचलाराम दहिया पुराड़ा, रामलाल ग लथ नी, छोगाराम चौहान, रमेश परिहार, देवेन्द्र सोलंकी नेतरा, पाली जिलाध्यक्ष जसराज सिंघवी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रवण मोबारसा सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

## गाड़ियां चुरा बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कई थानों में दर्ज है मामले**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पुलिस ने कड़ी मेहनत से गाड़ियां चुरा कर अन्य लोगों को बेचने के आरोप में शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित के अनुसार वांछित मुलजिम अशोक उर्फ ऑस्टेन उर्फ एस्टल को तकनीकी एवं मुखबिरी तंत्र से जैतारण से गिरफ्तार किया गया। एस्टल आले दर्जे का शातिर बदमाश है एवं बिलाड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। देसूरी पुलिस ने उसे जैतारण के निकट से गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया।

**यूं आया नाम सामने**

थानाधिकारी राजपुरोहित ने बताया कि उनके नेतृत्व में तीन जून 2024 को हरिओम आश्रम के पास नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध नंबर लगी एक कार की तलाशी में कार से विभिन्न फर्जी नम्बर प्लेटें मिली थी। पुलिस ने उन नम्बरों का चेसिस व इंजन नम्बर से मिलान नहीं होने पर वाहन को जब्त कर आरोपी पीथावास (डांगियावास जोधपुर) निवासी कैलाश विश्नोई पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वारदात में प्रयुक्त कार चोरी की है एवं यह कार हिस्ट्रीशीटर अशोक उर्फ आस्टेन उर्फ एस्टल ने उसे दी है। इस मामले में आरोपी लंबे समय से फरार था एवं पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में थी।

**पुलिस टीम में यह रहे शामिल**

हेड कांस्टेबल मेघाराम चौधरी, कांस्टेबल लीलाधर भार्गव, श्रवणकुमार, राकेशकुमार, कुंजबिहारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## राजपुरोहित अधिवक्ता-न्यायाधीश अधिवेशन 11 से बारवा में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** अखिल भारतीय राजपुरोहित अधिवक्ता-न्यायाधीश महाअधिवेशन संत महात्माओं एवं भामाशाह पुखराजसिंह पुत्र मोहनसिंह राजपुरोहित मोहराई के सानिध्य में आत्मधाम गुरु मंदिर महातीर्थ लक्ष्मीनारायण धाम बारवा में 11 जनवरी से आरंभ होगा। दो दिवसीय अधिवेशन में सम्पूर्ण भारत से राजपुरोहित समाज के अधिवक्ता एवं न्यायाधीश शरीक होंगे। पूरे कार्य म का यूट्यूब लाइव प्रसारण होगा। अधिवेशन को लेकर



आत्मधाम गुरु मंदिर के ऑडिटोरियम में तैयारियां जोरों पर है।

## सादड़ी ने घाणेराव को हराकर जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** कस्बे के खेल मैदान में चल रही पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शु वार को घाणेराव व सादड़ी के बीच खेला गया। जिसमें सादड़ी ने घाणेराव टीम को 28 रन से हराकर क्रिकेट प्रतियोगिता पर कब्जा कर लिया। आयोजनकर्ताओं की ओर से विजेता टीम को ट्राफी व नकद राशि पुरस्कृत किया गया। सवेरे सेमीफाइनल मैच सादड़ी व नाडोल के बीच खेला गया। जिसमें सादड़ी ने नाडोल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोपहर में घाणेराव व सादड़ी के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें सादड़ी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 147 बनाए। इसके सामने उतरी घाणेराव टीम ने 12 ओवर मात्र 119 रन ही बना पाई। इस तरफ सादड़ी ने घाणेराव को 28 रनों से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा किया। शाम को प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भामाशाह सुरेन्द्रसिंह राजपुरोहित, जितेन्द्रकुमार सेठिया, सालमसिंह राठौड़, राकेश खत्री उपाध्यक्ष जीएसएस घाणेराव, दिनेश आदिवाल उप सरपंच, पर्वतसिंह देवल का सम्मान किया गया। अतिथियों ने विजेता टीम सादड़ी को ट्राफी व 21 हजार की राशि से पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरूस्कार हर्ष बोहरा घाणेराव को दिया गया। गोटूसिंह, सिद्धार्थ आदिवाल, यशपालसिंह, मुकेश आदिवाल, हर्ष बोहरा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

# अवसरों के खुल रहे द्वार
# युवाओं के लिए नौकरियां अपार

## वर्ष 2025 में लगभग 81000 सरकारी नौकरियों हेतु परीक्षाओं का कैलेंडर

| क्र.सं. | पदनाम | पदों की संख्या | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ अनुदेशक | 1821 | 04 से 05 जनवरी<br>07 से 10 जनवरी |
| 2 | सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रा.) | 181 | 19 जनवरी |
| 3 | आर.ए.एस - 2024 (प्रा.) | 733 | 02 फरवरी |
| 4 | कनिष्ठ अभियंता | 1226 | 06 से 11 और 22 फरवरी |
| 5 | पुस्तकालयाध्यक्ष - माध्यमिक शिक्षा | 300 | 16 फरवरी |
| 6 | सर्वेयर, फोरमैन | 72 | 23 फरवरी |
| 7 | अधिशाषी अधिकारी | 90 | 23 मार्च |
| 8 | राजस्व अधिकारी | 21 | 23 मार्च |
| 9 | जेल प्रहरी | 803 | 09, 11 व 12 अप्रैल |
| 10 | कृषि अधिकारी | 52 | 20 अप्रैल |
| 11 | शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक | 20 | 04 से 06 मई |
| | पुस्तकालयाध्यक्ष - संस्कृत शिक्षा | 20 | |
| 12 | भूवैज्ञानिक | 32 | 07 मई |
| | सहायक खनिज अभियंता | 24 | |
| 13 | सहायक आचार्य (8 विषय)<br>चिकित्सा शिक्षा विभाग | 15 | 12 से 16 मई |
| 14 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी | 14 | 12 से 16 मई |
| 15 | जनसम्पर्क अधिकारी | 06 | 17 मई |
| 16 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 2200 | 18 मई |
| 17 | सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) | - | 01 जून |
| 18 | 22 कैडर के विभिन्न पद - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (एन.एच.एम.) | 8256 | 02 से 13 जून |
| 19 | पशुधन सहायक | 2041 | 13 जून |
| 20 | लेखा सहायक | 400 | 16 जून |
| 21 | आर.ए.एस. - 2024 (मुख्य) | - | 17 से 18 जून |
| 22 | प्राध्यापक (24 विषय) | 2202 | 23 जून से 06 जुलाई |
| 23 | सहायक आचार्य - चिकित्सा शिक्षा विभाग | 329 | 23 जून से 06 जुलाई |
| 24 | बायोकेमिस्ट | 13 | 07 जुलाई |
| 25 | तकनीकी सहायक (भू-भौतिक) | 03 | 07 जुलाई |
| 26 | सहायक परीक्षण अधिकारी | 04 | 08 जुलाई |
| 27 | कनिष्ठ रसायनज्ञ | 01 | 08 जुलाई |
| 28 | सहायक निदेशक | 09 | 09 जुलाई |
| 29 | अनुसंधान सहायक | 26 | 10 जुलाई |
| 30 | उपकारापाल | 73 | 13 जुलाई |
| 31 | पुस्तकालयाध्यक्ष - माध्यमिक व संस्कृत शिक्षा | 548 | 27 जुलाई |
| 32 | समूह अनुदेशक / सर्वेयर / सहायक शिक्षुता सलाहकार | 68 | 29 जुलाई |
| 33 | सहायक मत्स्य विकास अधिकारी | 08 | 29 जुलाई |
| 34 | उपाचार्य / अधीक्षक - कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग | 36 | 30 जुलाई से 01 अगस्त |
| 35 | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (एसीपी) | 45 | 17 अगस्त |
| 36 | वरिष्ठ अध्यापक | 2129 | 07 से 12 सितम्बर |
| 37 | संरक्षण अधिकारी | 04 | 13 सितम्बर |
| 38 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 52453 | 18 से 21 सितम्बर |
| 39 | सहायक अभियंता (प्रा.) | 1014 | 28 सितम्बर |
| 40 | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 43 | 12 अक्टूबर |
| 41 | सहायक कृषि अधिकारी | 125 | 12 से 19 अक्टूबर |
| | कृषि अनुसंधान अधिकारी, सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी | 98 | |
| | सांख्यिकी अधिकारी | 18 | |
| 42 | उप निरीक्षक (दूरसंचार) | 98 | 09 नवम्बर |
| 43 | वाहन चालक | 2756 | 22 से 23 नवम्बर |
| 44 | सहायक आचार्य - उच्च शिक्षा विभाग | 575 | 01 से 24 दिसम्बर |

**सरकार के प्रथम वर्ष में लगभग 47,000 नियुक्तियां प्रदत्त**

**12 जनवरी को लगभग 13,500 और नियुक्ति पत्र वितरण**

**15,000 नियुक्तियों हेतु परीक्षा आयोजित, परिणाम शीघ्र**

## निभाई जिम्मेदारी - हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद